जबलपुर मंगलवार 14 जुलाई 2026 > शक संवत 1948, अषाढ़ कृष्ण पक्ष अमावस्या
वर्ष 32 अंक 19 मूल्य ₹ 3.00 > पेज 12 > आर.एन.आई. पंजीयन नम्बर 64561/96
www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।




अब हर रोज दर्पण ▸▸ 3

**मौसम**
अधिकतम तापमान 34.8°C
न्यूनतम तापमान 26.0°C
सूर्योदय - 5.34 | सूर्यास्त - 6.59



सांसद भारती पारधी के प्रयास रंग लाए बालाघाट... ▸▸ 4



हेली शाह ने इंटेंस वर्कआउट सेशन से किया... ▸▸ 7



कलेक्टर ने रीठी क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण... ▸▸ 9

# एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में 40 हजार करोड़ के निवेश आए

## 34 हजार से अधिक रोजगार अवसरों का मार्ग प्रशस्त

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में 51 प्रमुख गतिविधियों से लगभग 40 हजार करोड़ रूपये का निवेश और 34 हजार से अधिक रोजगार अवसरों का मार्ग प्रशस्त हुआ है। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 की यात्रा में राज्य सरकार ने अपने सभी संकल्पों को पूरा किया है। पिछले 2 टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश को 46 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के बाद से टेक्नोलॉजी क्षेत्र में 12 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर आया है। इस अवधि में 22 नई औद्योगिक इकाइयों का लोकार्पण और 4 नई परियोजनाओं का भूमि-पूजन किया गया है, जो राज्य सरकार की कार्य गति और आत्मविश्वास का परिचायक है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमीकंडक्टर के शुभारंभ अवसर पर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी क्षमता, योग्यता और बुद्धिमत्ता के आधार पर विश्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत का गौरवशाली अतीत पूरी दुनिया के सामने है और पिछले 12 वर्षों में भारत ने विश्व के सबसे तेज गति से विकसित होने वाले देशों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार एआई, डेटा सेंटर और सेमीकंडक्टर सहित सभी छोटे एवं बड़े उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और सभी उद्योग समूहों को समान रूप से हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश साइंस सिटी, एआई, डीप टेक पार्क और डेटा सेंटर सहित विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार एआई सहित सभी क्षेत्रों में नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

### 28 हजार 200 करोड़ की परियोजनाएँ साकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में विदेशी निवेश अब केवल एमओयू तक सीमित नहीं रहकर धरातल पर साकार हो रहा है। स्पेन, कनाडा, अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जापान, दक्षिण कोरिया, आयरलैंड और इंडो-जर्मन सहयोग सहित 8 देशों की 10 प्रमुख कंपनियों की 28 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक की निवेश परियोजनाएँ प्रदेश में ग्राउंडब्रेकिंग चरण में हैं। इनमें स्पेन की सबमर इंडिया प्रा.लि. द्वारा भोपाल में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये (यूएसडी 2 बिलियन डॉलर) के एआई-रेडी डेटा सेंटर की स्थापना, कनाडा की मैक्केन फूड की 3,800 करोड़ रुपये की फूड प्रोसेसिंग इकाई, यूनाइटेड किंगडम की हेलियन (जीएसके) की 3 हजार करोड़ रुपये की फार्मास्यूटिकल्स परियोजना, जापान की टोपान स्पेशियलिटी फिल्म्स की 1,100 करोड़ रुपये की स्पेशियलिटी फिल्म्स इकाई शामिल है।

### रोजगार सृजन को मिल रही है नई गति

एक हजार करोड़ रूपये से ज्यादा लागत वाली इन परियोजनाओं के साथ अमेरिका ट्रूयर स्पिलट वाटर्स की रिन्यूएबल्स एनर्जी की 500 करोड़ रुपये की नवकरणीय ऊर्जा परियोजना, दक्षिण कोरिया की बू यंग स्कीकॉर्प की 225 करोड़ रुपये की लेदर एवं फुटवियर इकाई और एफीबार की 207 करोड़ रुपये का मेडिकल डिवाइस पार्क, आयरलैंड की फेलिक्स जेनेरिक्स की 134 करोड़ रुपये की फार्मास्यूटिकल्स इकाई, यूनाइटेड किंगडम की क्लिनीसप्लाइज की 127 करोड़ रुपये की मेडिकल डिवाइस पार्क और इंडो-जर्मन सहयोग से टीडब्ल्यूई ओबीटी प्रा.लि. की 126 करोड़ रुपये की टेक्सटाइल इकाई के कार्य भी निरंतर प्रगति पर हैं। इन निवेश परियोजनाओं से प्रदेश में औद्योगिक विकास, डिजिटल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण तथा रोजगार सृजन को नई गति मिल रही है।

### मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं

1- इंदौर में 3 एकड़ में अत्याधुनिक आईटी पार्क विकसित किया जाएगा।
2- प्रदेश में सेमीकंडक्टर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी।
3- भोपाल आईटी पार्क में नया आईटी टॉवर विकसित किया जाएगा।
4- प्रदेश में एवीजीसी-एक्सआर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना होगी।
5- भारत सरकार के सहयोग से मंथन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा ग्लोबल स्किल्स पार्क में एआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किए जाएंगे।
6- भोपाल के कोलार क्षेत्र में प्लग-एंड-प्ले अवसंरचना से युक्त नया आईटी पार्क विकसित किया जाएगा।

### स्पेन का सबमर ग्रुप बनाएगा एआई-रेडी डेटा सेंटर

स्पेन का सबमर ग्रुप मध्यप्रदेश में 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 19,000 करोड़ रुपये) के निवेश से एआई-रेडी डेटा सेंटर स्थापित करेगा। सबमर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ पैट्रिक स्मेल्ट्स ने एमपी टेकग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 में कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश भारत और वैश्विक उद्योगों के बीच रणनीतिक साझेदारी का सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि गत वर्ष जुलाई 2025 में स्पेन के बार्सिलोना में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ हुई सकारात्मक चर्चाओं और निवेश समझौतों के परिणामस्वरूप आज प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा सेंटर और आईटी क्षेत्र में निवेश निरंतर बढ़ रहा है। सीईओ स्मेल्ट्स ने बताया कि डेटा सेंटर बनने से लगभग 5,000 प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

# अब शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का समय

नई दिल्ली।



छात्रों की गूंज अभियान के तहत बोले राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि भारत की शिक्षा व्यवस्था अब बेईमान वसूली का तंत्र बन गई है। उन्होंने कहा कि अब शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाने का समय आ गया है। राहुल गांधी ने छात्रों की गूंज अभियान के तहत छात्रों से अपने दूसरे संवाद से पहले यह बात कही। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के मुद्दे पर मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने चुप्पी साध ली है। उन्होंने कहा कि दोनों ने जवाबदेही से मुंह मोड़ लिया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट की। इसमें उन्होंने लिखा, भ्रष्ट, अन्यायी, पक्षपाती, बेईमानी- ये चार शब्द मेरे नहीं, ये देश के छात्र आज भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। सच यही है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था अब एक बेईमान वसूली तंत्र बन चुकी है। उन्होंने आगे कहा, जो व्यवस्था बच्चों के भविष्य को तैयार करने के लिए बनी थी, वो आज उन्हें और उनके परिवार को कर्ज, तनाव और निराशा में धकेल रही है। कांग्रेस नेता ने कहा, इसी भ्रष्टाचार ने पेपर लीक माफिया को जन्म दिया, जो तैयारी कर रहे लाखों छात्रों की वर्षों की मेहनत एक झटके में लूट लेता है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा, यहां दोषी ठेकेदारों और अधिकारियों को ठेके और तरक्की मिलती है। लेकिन सजा किसे मिलती है? उन छात्रों को, जिन्हें टूटे सपनों के साथ अकेले छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार और शिक्षा मंत्री यह सब देख रहे हैं। लेकिन उन्होंने चुप्पी चुनी है। जवाबदेही से मुंह मोड़ लिया है। और मीडिया में? बस एक लंबा सन्नाटा है। अब बहुत हुआ। अब शिक्षा में क्रांति का वक्त है। राहुल गांधी ने छात्रों से अपील की कि वे 17 जुलाई को देहरादून में उनसे जुड़ें और 'छात्रों की गूंज' अभियान को और मजबूत बनाएं।

### अभिनेता सैम नील का निधन

**वेलिंगटन (वार्ता)।** हॉलीवुड के वरिष्ठ अभिनेता और जुरासिक पार्क तथा द पियानो जैसी चर्चित फिल्मों में अपनी दमदार अभिनय क्षमता के लिए चर्चित सैम नील का निधन हो गया। वह 78 वर्ष के थे।



नील का सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में निधन हो गया। हालांकि, मौत के कारण का खुलासा नहीं किया गया है। नील ने वर्ष 2023 में खुलासा किया था कि उन्हें एंजियोइम्यूनोब्लास्टिक टी-सेल लिंफोमा नामक दुर्लभ प्रकार के नॉन-हॉजकिन लिंफोमा का पता चला था।

### नगालैंड: विस्फोट में असम राइफल्स का जवान शहीद

**कोहिमा।** नगालैंड से एक दुखद खबर सामने आ रही है। जहां चुमौकेदिमा इलाके में आज एक संदिग्ध बम धमाका हुआ। इस हमले में असम राइफल्स के एक जवान देश के लिए शहीद हो गए, जबकि चार अन्य जवान गंभीर रूप से घायल हैं। अधिकारियों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार यह एक संदिग्ध आईईडी ब्लास्ट था। सुरक्षा अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, असम राइफल्स के जवान एक बोलेरो एसयूवी गाड़ी में सवार होकर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से प्लान किए गए एक बम में जोरदार धमाका हुआ।

### बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी का मुख्य आरोपी न्यायिक हिरासत में

**देहरादून।** बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने क्व्यज्ञष्ट कमेटी अध्यक्ष के निजी सचिव आरोपी प्रमोद नौटियाल को देहरादून से हिरासत में लिया है। सूत्रों की मानें तो देर रात की गई कार्रवाई के बाद आरोपी को बद्रीनाथ थाने लाया गया, जहां उससे मामले में गहन पूछताछ की जा रही है। हालांकि पुलिस की ओर से अभी इस मामले में आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। बदरी-केदार मंदिर समिति की ओर से चढ़ावा चोरी और हेराफेरी के मामले में प्रमोद नौटियाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था।

# नरोत्तम मिश्रा की पहचान आतंक, अन्याय और अत्याचार: दिग्विजय



**दतिया।** विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के नॉमिनेशन और नरोत्तम मिश्रा से जुड़े विवाद पर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने बड़ा बयान दिया है। सीनियर नेता दिग्विजय सिंह का कहना है कि कांग्रेस उम्मीदवार और दतिया के पूर्व राजपरिवार के सदस्य घनश्याम सिंह बहुत समझदार और शांत स्वभाव के हैं। वे नरोत्तम मिश्रा से बिल्कुल अलग हैं, जिनकी पहचान आतंक, अन्याय और अत्याचार से रही है। दिग्विजय सिंह ने कहा, घनश्याम सिंह किसी का बुरा नहीं सोचते, किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते और एक भले इंसान हैं। वे अपना सारा समय जन-कल्याण में लगाते हैं। इसलिए, नरोत्तम मिश्रा के बजाय नए उम्मीदवार आशुतोष तिवारी को समझदार नेतृत्व मिलना चाहिए। ये लोग भांडेर के रहने वाले हैं, जबकि वे डबरा से थे। इसीलिए किसी स्थानीय व्यक्ति को टिकट मिलना चाहिए। दिग्विजय सिंह का दावा है कि घनश्याम सिंह एक जाने-माने चेहरे हैं। असल में, पूरी जनता उनके परिवार को जानती है और दतिया की पहचान उनके नाम से ही है।

**बीजेपी में भी है अंदरूनी कलह** - जब दिग्विजय सिंह से कांग्रेस के अंदरूनी मतभेद के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, क्या बीजेपी में कोई अंदरूनी कलह नहीं है? अगर आज किसी ने पीएम नरेंद्र मोदी को चुनौती देने की हिम्मत की है, तो वे नरोत्तम मिश्रा के कार्यकर्ता ही हैं। जहां कोई पीएम मोदी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं बोल सकता, वहीं यहां के कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने मुख्यमंत्री मोहन यादव की मां के लिए भी अपशब्द कहे। इन सबके बावजूद, अगर वे इसे अंदरूनी कलह नहीं मानते, तो मुझे कोई आपत्ति नहीं है।

# राम मंदिर चढ़ावा गड़बड़ी के मामले में केंद्र, राज्य सरकार और ट्रस्ट को नोटिस

## सीबीआई जांच की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नई दिल्ली (वार्ता)।



उच्चतम न्यायालय ने अयोध्या राम मंदिर चढ़ावे में गड़बड़ी और धन के दुरुपयोग के आरोपों की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से जांच कराने की मांग वाली याचिकाओं पर सोमवार को केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नोटिस जारी किया। न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल को अब तक की जांच की स्थिति पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। रिपोर्ट में एसआईटी के बारे में भी उल्लेख करने को कहा गया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहन की पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई की। केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि एसआईटी की स्थिति रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल की जाएगी। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने मंदिर ट्रस्ट को नोटिस जारी करने को टालने का अनुरोध किया, जिसे पीठ ने अस्वीकार कर दिया।

### आठों आरोपियों की न्यायिक अभिरक्षा बढ़ी

*राम मंदिर के दान पात्र से चढ़ावा और अन्य बहुमूल्य आभूषण चोरी के मामले में सोमवार को सभी आठ आरोपियों की न्यायिक अभिरक्षा 14 दिनों के लिए बढ़ा दी गई। प्रभारी विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम) प्रतिभा नारायण ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई सुनवाई के बाद सभी आरोपियों को 27 जुलाई तक न्यायिक अभिरक्षा में रखने का आदेश दिया।*

# मुख्यमंत्री को समिति ने सौंपा समान नागरिक संहिता का प्रतिवेदन

भोपाल (स्वतंत्र मत)।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सोमवार को समान नागरिक संहिता के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति ने संहिता का प्रतिवेदन सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत करने पर अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रो. गोपाल शर्मा, श्री बुधपाल सिंह, सुश्री शोभा पैठणकर एवं समिति के सदस्य सचिव श्री अजय कटेसरिया उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपे गए प्रतिवेदन में समिति की रिपोर्ट 3 खण्डों में संकलित है। पहले खंड में समिति की अनुशंसाओं का प्रतिवेदन है और इसमें समिति ने अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य के विभिन्न विधियों एवं प्रथाओं का विश्लेषण कर अपनी अनुशंसाएं प्रतिवेदित की है। इस खंड में 10 अध्याय है।

प्रतिवेदन का दूसरा खंड विधेयक के प्रारूप के रूप में है। समिति द्वारा प्रस्तावित विधेयक के प्रारूप को मध्यप्रदेश में प्रचलित विधियों एवं नियमों के दृष्टिगत तैयार किया गया है। प्रस्तावित विधेयक के 4 भाग, 404 धाराएं एवं 7 अनुसूचियां है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपे गए तीसरे खंड में जन परामर्श प्रतिवेदन है, जिसमें समिति द्वारा जिला स्तर, राज्य स्तर एवं वेबसाइट के माध्यम से किये गए व्यापक जन-परामर्श का विवरण है। समिति को 9.58 लाख से अधिक परामर्श प्राप्त हुए थे। उनका प्रश्नवार, लिंगवार एवं समुदायवार विश्लेषण इस खंड में शामिल है। समिति ने अनुसूचित जनजातियों को समान नागरिक संहिता से बाहर रखने की अनुशंसा की है।

समिति द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन राज्य शासन के विधि विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया है। विधेयक के परिमार्जन एवं वरिष्ठ सचिव समिति की प्रक्रिया के बाद विधेयक मंत्रि-परिषद की स्वीकृत के बाद मानसून सत्र में ही विधानसभा में रखे जाने की संभावना है।

# दिल्ली दंगा केस में आप नेता ताहिर हुसैन दोषी करार

नई दिल्ली।

वर्ष 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के दौरान आईबी कर्मी अंकित शर्मा की हत्या के बहुचर्चित मामले में कड़कड़डूमा कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रवीण कुमार सिंह ने सोमवार को फैसला सुनाते हुए पूर्व आप पार्षद ताहिर हुसैन समेत पांच आरोपितों को दोषी करार दिया, जबकि छह आरोपितों को बरी कर दिया। दोषी ठहराए गए आरोपितों में ताहिर हुसैन, नाजिम, कासिम, जावेद और अनस शामिल हैं। वहीं, हसीन उर्फ मुल्लाजी उर्फ सलमान, समीर खान, फिरोज, गुलफाम, शोएब आलम उर्फ बॉबी और मुंतजिम उर्फ मूसा को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया गया। दोषी ठहराए गए आरोपितों की सजा पर अदालत अलग से सुनवाई करेगी। अदालत ने ताहिर हुसैन को सरकारी आदेश की अवहेलना, सांप्रदायिक वैमनस्य फैलाने, दंगा करने, घातक हथियार के साथ दंगा करने, अपहरण, हत्या तथा गैरकानूनी जमाव के साझा उद्देश्य से अपराध करने के आरोपों में दोषी ठहराया।

# गुजरात: चांदीपुरा वायरस से एक माह में 12 बच्चों की मौत

**गोधरा।** गुजरात में संक्रमण से एक महीने में अब तक 12 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से तीन बच्चे चांदीपुरा वायरस से संक्रमित थे। अन्य 9 बच्चों की मौत भी इसी वायरस से होने की आशंका है। हालांकि, इनकी रिपोर्ट आना अभी बाकी है। संक्रमण के मामले गांधीनगर, साबरकांठा, खेड़ा, अरावली और पंचमहल जिलों में सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल्ल पानसेरिया ने इस स्थिति पर जानकारी देते हुए बताया कि इस घातक वायरस के संक्रमण के कारण अब तक 3 बच्चों की मौत हो चुकी है। इनमें से 2 बच्चों की मौत गोधरा और राजस्थान के एक बच्चे की मौत हिम्मतनगर में हुई।

## काशी, मथुरा और संभल विवाद: दोनो पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकराया

**वाराणसी/मथुरा/संभल।** यूपी के तीन मंदिर-मस्जिद विवादों को लेकर हिंदू और मुस्लिम पक्ष ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की मध्यस्थता का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। ये विवाद वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह और संभल की शाही जामा मस्जिद से जुड़े हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्यस्थता का प्रस्ताव दिया था और दोनों पक्षों से सहमति मांगी थी। किसी भी पक्ष ने इसके लिए सहमति नहीं दी।

# एक-एक दरवाजे पर शीश नवाऊंगा

### मंच पर छलका नरोत्तम मिश्रा का दर्द




**दतिया।** बीजेपी की चुनावी सभा में नरोत्तम मिश्रा भावुक हो गए। मंच पर संबोधन के दौरान बोलते बोलते आंसू निकल गए। अपना भाषण छोड़कर वापस बैठ गए। दतिया उपचुनाव में बीजेपी प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में आयोजित चुनावी सभा में वो मंच से भाषण दे रहे थे। सीएम मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल समेत अन्य बीजेपी नेता भी मंच पर मौजूद थे। नरोत्तम मिश्रा ने कहा, पार्टी ने बहुत दिया है। 30 साल तक जो पार्टी विधायक बनाकर रखेगी, जो पार्टी 15 साल तक मंत्री बनाकर रखेगी और क्या चाहिए पार्टी से। रात-दिन भाजपा की सेवा कर के, एक-एक कार्यकर्ता आशुतोष भइया के लिए प्राण झोंक देगा। आशुतोष भइया के लिए प्राण झोंक दिए जाएंगे। ये मुगालते में कोई नहीं रहे कि कोई कार्यकर्ता घर बैठेगा। स्वयं यहीं पर डेरा जमाएंगे, सारे कार्यकर्ताओं के साथ में। एक-एक दरवाजे पर अपना शीश नवाऊंगा। एक-एक गांव के अंदर जाऊंगा और आशुतोष को जिताऊंगा। इतना कहकर वो भावुक हो गए और अपना भाषण समाप्त कर दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, लड़ाई राजा घनश्याम सिंह और रंक पर आ गई है। एक तरफ रंक आशुतोष तिवारी हैं, जो बचपन से ही राष्ट्र की सेवा में लगे रहे।

### पार्टी में फूट की बातों को किया खारिज

नरोत्तम मिश्रा ने कहा, जीतू पटवारी कहते हैं हम 3000 से हारे तो अहंकारी हो गए, तुम मऊ से 35 हजार से हारे तो संस्कारी हो? अभी भी समय है...आशुतोष जी के सामने आ जाओ, लड़ लो, पता चल जाएगा। नरोत्तम मिश्रा ने पार्टी में फूट की बातों को खारिज करते हुए कहा कि फूट अगर हममें है तो हम तो छाती अड़ाए खड़े हैं। 55 साल में कांग्रेस एक विकास का काम बता दे तो जो कहोगे वो हारने के लिए तैयार हैं। विकास के नाम पर सिर्फ बीजेपी मांग सकती है। उन्होंने कहा, मैं जब दतिया आया था तो यहां तांगे चलते थे, अब हवाई जहाज चलते हैं।

### 100 करोड़ के भी काम बताएंगे तो सरकार करेगी

विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी के उम्मीदवार आशुतोष तिवारी के नामांकन कार्यक्रम को लेकर आयोजित जनसभा में नरोत्तम मिश्रा ने सीएम मोहन यादव से मंच पर ही लाला का ताल की मरम्मत को लेकर दो-तीन करोड़ रुपये की मंजूरी देने की अपील की। इस पर सीएम मोहन यादव ने नरोत्तम मिश्रा से कहा, आपने लाला के ताल को लेकर दो, तीन, चार करोड़ क्या कहा, आप 100 करोड़ के भी काम बताओगे तो हमारी सरकार सब काम करने के लिए तैयार है।

# ठूंस-ठूंसकर बस में ले जाए जा रहे थे स्कूली छात्र, वीडियो वायरल

## जिला शिक्षा अधिकारी से कार्यवाही की मांग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

स्कूली बच्चों की सुरक्षा से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। सोमवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक स्कूल बस में क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाकर ले जाने का मामला सामने आया। इस वीडियो के वायरल होने के बाद कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की गई है।

अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शिकायत में बताया कि यह वीडियो सुंदरपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल की बस का है। आरोप है कि बस चालक राजेश ठाकुर प्रतिदिन क्षमता से अधिक बच्चों को बस में ठूंस-ठूंसकर स्कूल लाता और छोड़ता है, जिससे बच्चों की सुरक्षा खतरे में पड़ रही है।



### नियमों का स्पष्ट उल्लंघन

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि जिस बस में 20 से 25 बच्चों के बैठने की क्षमता है, उसमें उससे कहीं अधिक बच्चों को बैठाया गया है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह मोटर वाहन अधिनियम के नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। यदि ऐसी लापरवाही के दौरान कोई हादसा होता है, तो बड़ी जनहानि हो सकती है। वीडियो सामने आने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने मामले की जांच कराने और आवश्यक कार्यवाही के लिए परिवहन विभाग को पत्र लिखने की बात कही है।

## कई इलाकों में आज नहीं मिलेगा पानी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नर्मदा जल प्रदाय योजनांतर्गत 120 एमएलडी रमनगरा जलशोधन संयंत्र में संधारण कार्य किया जाना है, जिसके चलते 14 जुलाई को सायंकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उक्त संयंत्र से भरी जाने वाली टंकियां क्रमशः बिड़ला धर्मशाला, मेडिकल, त्रिपुरी, गुलौआ, राईट टाउन, रामेश्वरम, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, कोतवाली, मोतीनाला, आनंद नगर, लेमा गार्डन, सर्वोदय नगर, मदर टेरेसा, बेदी नगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन, न्यू शोभापुर, राजीव नगर, तथा अमृत योजना की क्रमशः कोंगवा, करमेता, शिवनगर अमखेरा, रविन्द्र नगर, सुहागी, खैरी व देवताल उच्चस्तरीय टंकियों से जलापूर्ति अवरूद्ध रहेगी। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति की जायेगी।

# रास्ता भूले मानसूनी बादल फिर से तपने लगा शहर

## तापमान में होने लगी वृद्धि, उमस ने किया हलाकान

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** संस्कारधानी में मौसम के मिजाज एक बार फिर पूरी तरह बदल गए हैं। ऐसा महसूस हो रहा है मानो काले बादल शहर का पता ही भूल गए हों। बादलों की लंबी खामोशी के बाद आसमान से एक बार फिर सूरज आग की लपटें बरसाने लगा है। बीते कुछ दिनों से शहरवासी राहत की बूंदों का इंतजार कर रहे थे, लेकिन झमाझम बारिश के बजाय अब चिलचिलाती धूप और उमस ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। मौसम के इस बदले रुख के कारण शहर के तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। अधिकतम तापमान 34.8 तो वहीं न्यूनतम तापमान 26.0 दर्ज किया गया। सुबह से ही सूरज की किरणें तीखी होने लगती हैं और दोपहर होते-होते सड़कें भट्टी की तरह तपने लगती हैं। दिन चढ़ने के साथ पारे की चाल इतनी तेज हो जाती है कि दोपहर में मुख्य बाजारों और व्यस्त चौराहों पर सन्नाटा पसरने लगा है। तापमान में हुई इस अचानक वृद्धि से पूरी संस्कारधानी झुलसती हुई नजर आ रही है।

**लगभग 7 इंच हुई है कुल वर्षा**-बारिश न होने और हवा में नमी बढ़ने की वजह से भारी उमस का दौर शुरू हो चुका है। जहां 481.4 मिमी के बारिश के बाद बादलों ने गिरने से इंकार करदिया है। लगभग 7 इंच हुई इस बारिश के बाद जुलाई माह का बरसात का कोटा पूरा होने की उम्मीद काम करदी है। गर्मी और पसीने से तरबतर आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। दफ्तर जाने वाले नौकरीपेशा हों या स्कूली बच्चे, हर कोई इस जानलेवा उमस से हलकान है। पंखे और कूलर भी इस भीषण गर्मी के आगे बेअसर साबित हो रहे हैं, जिससे लोगों को घर के अंदर भी कोई खास राहत नहीं मिल पा रही है। स्थानीय निवासियों की नजरें अब लगातार आसमान की ओर टिकी हुई हैं कि कब राहत के बदरा बरसेंगे। स्थानीय सिस्टम सक्रिय न होने के कारण तापमान में यह उछाल देखने को मिल रहा है। फिलहाल, तेज धूप और उमस भरी गर्मी से राहत मिलने के आसार नजर नहीं आ रहे हैं और जबलपुर वासियों को राहत के लिए अभी कुछ और वक्त बादलों का इंतजार करना पड़ेगा।



# गोल्ड मेडल से सम्मानित हुए डॉ. श्रीवत्स मिश्रा



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू), लखनऊ से एमसीएच प्लास्टिक एवं पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए डॉ. श्रीवत्स मिश्रा को प्रतिष्ठित डॉ. बीआर अग्रवाल मेमोरियल गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया है। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में यह सम्मान भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री डॉ. ब्रजेश पाठक तथा अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। डॉ. श्रीवत्स मिश्रा, डॉ. जेपी मिश्रा एवं डॉ. किरण बाला मिश्रा के पुत्र हैं।

## फटाका दुकानों की जांच के लिए दल का हुआ गठन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बारहमासी फटाका संग्रहण, विक्रय एवं निर्माण स्थलों तथा विस्फोटक सामग्री के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से संबंधित लाइसेंसधारियों के प्रतिष्ठानों की सघन जांच के लिए पांच दलों का गठन किया गया है। पांचों जांच दलों की कमान संयुक्त कलेक्टर तथा नगर पुलिस अधीक्षक अथवा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी को सौंपी गई है। प्रत्येक दल में संबंधित क्षेत्र के अतिरिक्त या नायब तहसीलदार एवं नगर निगम के फायर अधिकारी को भी शामिल किया गया है। आधारताल एवं रांझी अनुविभाग के विस्फोटक भंडारण केंद्रों की जांच की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर मानवेन्द्र सिंह तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बरगी अंजुल अयंक के नेतृत्व में गठित दल को सौंपी गई है।

# कैट महिला विंग का शपथ ग्रहण कार्यक्रम सम्पन्न

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग जबलपुर चैप्टर का विधिवत गठन और भव्य शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता पाटिल और राष्ट्रीय कन्वीनर सीमा सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में 90 से अधिक महिला उद्यमियों ने संगठन के प्रति निष्ठा की शपथ ली। इस अवसर पर नम्रता भाटिया ने जिला अध्यक्ष, प्रतिभा जैन ने उपाध्यक्ष, दिव्या डोडेजा ने सचिव और सपना जैन ने कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाली। इसके साथ ही व्यापार को सुदृढ़ बनाने के लिए 14 विशेष विषय-आधारित समितियों का गठन भी किया गया। समारोह में सांसद आशीष दुबे ने कहा कि देश की आर्थिक प्रगति में महिलाओं का योगदान अभूतपूर्व है और वे हर मोड़ पर उनके साथ खड़े हैं। वहीं विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर व्यापार जगत में नई मिसाल पेश कर रही हैं। कार्यक्रम में जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन ने महिला उद्यमियों द्वारा 'विशेष महिला मार्केट' बनाए जाने की मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। संभागीय और जिला स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की मौजूदगी में यह विश्वास जताया गया कि जबलपुर चैप्टर पूरे देश में महिला उद्यमिता का एक अनुकरणीय और प्रेरणादायी मॉडल बनकर उभरेगा। कार्यक्रम में राजीव बडेरिया, जितेंद्र पचौरी, दीपक सेठी सहित शहर के अनेक नागरिक और महिला उद्यमी उपस्थित रहे।



# गंदगी फैलाने वाले 1370 यात्रियों पर हुई जुर्माने की कार्यवाही

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जबलपुर रेल मंडल द्वारा स्वच्छ भारत मिशन और रेलवे की स्वच्छता नीति के तहत रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्मों और ट्रैक क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने के लिए लगातार चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के शुरुआती तीन महीनों 1 अप्रैल से 30 जून के आंकड़े रेल प्रशासन की मुस्तैदी को बयां करते हैं।

इस अवधि के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकते और गंदगी फैलाते पकड़े गए कुल 1,370 बेपरवाह यात्रियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की गई। इस चालानी कार्रवाई से जबलपुर रेल मंडल को 2 लाख 74 हजार रुपये का राजस्व जुर्माने के रूप में प्राप्त हुआ है। रेल प्रशासन का कहना है कि यात्रियों को जागरूक करने के लिए लगातार स्टेशनों पर डिजिटल डिस्प्ले बोर्डों, पोस्टरों और लाउडस्पीकर उद्घोषणाओं के माध्यम से डस्टबिन का उपयोग करने की सलाह दी जाती है। इसके बावजूद, कई बार यात्री नियमों को ताक पर रखकर रेलवे की छवि को नुकसान पहुंचाते हैं।

ऐसे में जागरूक करने के साथ-साथ कठोर दंडात्मक कदम उठाना बेहद जरूरी हो गया था, ताकि यात्रियों में जिम्मेदारी का अहसास कराया जा सके। मंडल रेल प्रशासन ने सभी रेल यात्रियों से अपील की है कि वे भारतीय रेल को अपनी संपत्ति समझें और सफर के दौरान केवल निर्धारित डस्टबिन का ही इस्तेमाल करें।

# जबलपुर-कोलकाता सीधी वायुसेवा की घोषणा का जबलपुर संघर्ष समिति ने किया स्वागत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर संघर्ष समिति ने एलायंस एयर द्वारा जबलपुर से कोलकाता के लिए सीधी वायुसेवा प्रारंभ करने की घोषणा का हर्ष व्यक्त करते हुए इसका स्वागत किया है। समिति ने इसे जबलपुर की वायु संपर्क व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि अप्रैल 2026 में जबलपुर संघर्ष समिति ने एलायंस एयर के शीर्ष प्रबंधन को पत्र लिखकर तथा विस्तृत चर्चा कर जबलपुर की वायु कनेक्टिविटी का विस्तार करने का आग्रह किया था। इस दौरान एलायंस एयर के स्थानीय प्रबंधन ने भी सकारात्मक सहयोग प्रदान किया, जिसके परिणामस्वरूप आज जबलपुर-कोलकाता सीधी वायुसेवा प्रारंभ करने की घोषणा हुई है। समिति ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए जबलपुर के लोकसभा सांसद आशीष दुबे के विशेष प्रयासों एवं सक्रिय भूमिका की भी सराहना की। समिति का मानना है कि सांसद के सतत प्रयासों और सभी पक्षों के समन्वित सहयोग से यह मांग साकार हो सकी है। जबलपुर संघर्ष समिति के बलदीप मैनी, मनु शरत तिवारी, हिमांशु राय, प्रीति चौधरी, आई के खन्ना, अभिषेक जैन, सुनील श्रीवास्तव ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में जबलपुर से पुणे, अहमदाबाद, चेन्नई तथा अन्य प्रमुख महानगरों के लिए भी नियमित और अधिक उड़ानें प्रारंभ की जाएंगी, जिससे महाकौशल क्षेत्र के उद्योग, व्यापार, पर्यटन, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को नई गति मिलेगी। समिति के अरुण पवार, देवब्रत मिश्रा, पी एस राजपूत, ने एलायंस एयर प्रबंधन, स्थानीय प्रबंधन तथा सांसद श्री आशीष दुबे का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जबलपुर की वायुसेवाओं के विस्तार के लिए समिति के प्रयास भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे।

## 'रस बैठक' की सुरमयी शाम में झूमे श्रोता



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सांगीतिक संस्था 'रस बैठक' के सौजन्य से दत्त मंदिर परिसर में एक उत्कृष्ट शास्त्रीय संगीत संध्या का गरिमामय आयोजन हुआ। संगीत प्रेमियों की भरपूर उपस्थिति में आयोजित इस शाम ने हर किसी को भारतीय शास्त्रीय परंपरा के अद्भुत रस से सराबोर कर दिया। भक्ति और सुरों के इस अनोखे संगम ने मंदिर परिसर के वातावरण को पूरी तरह से आध्यात्मिक और जीवंत बना दिया, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम का धमाकेदार आगाज मुंबई से पधारे उस्ताद बिस्मिल्लाह खाँ युवा पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात तबला वादक यशवंत वैष्णव के वादन से हुआ।

पद्मश्री पंडित योगेश सामसी के शिष्य यशवंत ने अपने प्रभावशाली और लयबद्ध तबला एकल वादन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी अंगुलियों की थाप पर उठती तरंगों ने पूरे सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया और सुरमयी महफिल की एक मजबूत नींव रखी।

## भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा की बैठक संपन्न

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

आगामी 16 जुलाई को निकलने वाली श्री भगवान जगन्नाथ स्वामी रथ यात्रा के संबंध में सभी जगन्नाथ मंदिरों एवं रथयात्रा समितियों की बैठक थाना कोतवाली में सम्पन्न हुई। रथ यात्रा संयोजक एवं सर्वधर्म समन्वयक शरद काबरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा नगर भ्रमण के लिए दिनांक 16 जुलाई को अपराहन 4 बजे निकाली जावेगी। गत कई वर्षों की परमपरानुसार नगर के सभी जगन्नाथ स्वामी के मंदिरों से भगवान जगन्नाथ स्वामी, बहन सुभद्रा एवं बलदाऊ भैया के साथ अपने अपने रथो मैं विराजमान होकर नगर भ्रमण एवं भक्तों पर कृपा करने के लिए बड़े फुवारे पर एकत्र होकर अपरांत 4.00 बजे सामूहिक रूप से आरंभ होकर कमानिया गेट, सराफा चौक, सिटी कोतवाली होते हुए मिलोनीगंज चौराहे से अपने-अपने गंतव्य स्थान के लिए पधारेंगे। सुधीर अग्रवाल ने बताया कि सभी जगन्नाथ स्वामी के रथ एकत्रित होकर बड़े फुहारा पर पूज्य संत महात्माओं के नेतृत्व में झाड़ू से यात्रा मार्ग को बुहारने के पश्चात महाआरती होगी।



## शराब पीने के लिये रूपए ना देने पर मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में 25 वर्षीय महेन्द्र अहिरवार निवासी देव भूमि परिसर चौकीताल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी दलपतपुर मोड़ ग्राम चौकीताल में बाइक सुधारने की दुकान है तथा दुकान के बाजू में उसके बड़े भाई गनेश अहिरवार की दुकान है बीती रात दोनों अपनी-अपनी दुकान में थे तभी अर्पित उर्फ गोलू पटैल आकर शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करने लगा, उसने मना किया तो अर्पित उसे मारने दौड़ उसने अपने भाई को आवाज लगाई तो अर्पित भाग गया, कुछ देर बाद अर्पित उर्फ गोलू अपने साथी संजू पटैल के साथ आया और दोनों जातिगत रूप से अपमानितसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगे, उसके भाई गनेश अहिरवार ने संजू को धक्का दिया जिससे संजू लोहे के खम्बा से टकरा गया संजू को आंख के पास चोट पहुँचा दी ,गोलू ने डंडा से हमलाकर भाई गनेश के पीठ में चोट पहुँचा दी तथा उसके भाई गनेश के ई रिक्शा का कांच तोड़कर नुकसान किया। तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू करदी है।

# साहित्यकार सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय स्तर पर क्रियाशील संस्था काव्यधारा हैदराबाद के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर साहित्यकार सम्मेलन का द्वि दिवसीय आयोजन समदडिया इन में किया गया। आयोजन में 6 प्रांतों के साहित्यकारों ने भाग लिया। प्रथम दिवस सत्र का शुभारंभ वंदना गीत से हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. हरिशंकर दुबे रहे। उन्होंने कहा की कवि का मन करुणामय होता है क्योंकि कविता करुणा से जन्म लेती है।

अध्यक्षता कर रहे हैदराबाद के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.सत्य प्रसन्न ने वर्तमान साहित्य की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समाज चेतना का प्रतीक बताया। सारस्वत अतिथि डॉ.तनूजा चौधरी एवं सम्माननीय अतिथि विजय बागरी व राजेश पाठक प्रवीण ने विश्व शांति में साहित्य की भूमिका पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में काव्यधारा की अध्यक्ष डॉ. सुनीता ने कहां की विविध प्रति में काव्य धारा का आयोजन करने से वहां की संस्कृति संस्कार की भी जानकारी प्राप्त हो जाती है । झांसी के वरिष्ठ साहित्यकार बृजेश शर्मा काव्यधारा का विस्तार से परिचय भी दिया। अतिथि साहित्यकारों को नगर की पाथेय संस्था की ओर से राजेन्द्र मिश्रा, बसंत शर्मा, आचार्य विजय किसलय, विजय नेमा, गणेश प्यासा, संतोष नेमा आदि उपस्थित रहे।



## अवधेश शर्मा का निधन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कचनार सिटी निवासी अवधेश शर्मा का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आप किरण शर्मा के पति, अभिषेक शर्मा के पिता हैं। अंतिम यात्रा आज 12 बजे कचनार सिटी से गौरी घाट श्मशान के लिए रवाना होगी ।



# चोर को पकड़ने का श्रेय लेने आरपीएफ-जीआरपी के बीच मची खींचतान

### चलती ट्रेन में आभूषणों में झपट्टा मारकर फरार हो जाता था आरोपी

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रेलवे स्टेशन पर चलती ट्रेन में महिला यात्री के गले से मंगलसूत्र और जेवर झपटने वाले 21 वर्षीय शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद रेलवे के 2 सुरक्षा बल-आरपीएफ और जीआरपी-अब कार्यवाही का श्रेय लेने को लेकर आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ही विभाग दावा कर रहे हैं कि आरोपी तक पहुंचने और उसे पकड़ने में उनकी मुख्य भूमिका रही। जानकारी के मुताबिक विगत 11 जुलाई को जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 पर खड़ी 22192 ओवरनाइट एक्सप्रेस में यात्रा कर रही एक महिला यात्री के गले से मंगलसूत्र और अन्य आभूषण झपटकर आरोपी फरार हो गया था।



घटना से स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई थी।

### सीसीटीवी फुटेज से पकड़ने का उल्लेख

आरपीएफ के अनुसार घटना के तुरंत बाद स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसकी गतिविधियों को ट्रैक किया गया। इसके बाद पूरी जानकारी जीआरपी के साथ साझा की गई।


आरपीएफ का दावा है कि उनकी कार्यवाही के आधार पर 21 वर्षीय सोहित उर्फ शाहिद अंसारी निवासी मक्का नगर, थाना हनुमानताल को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से लगभग 35,500 रुपए कीमत का मंगलसूत्र और अन्य सोने के आभूषण बरामद किए गए।

### दोनों ने किया दावा

वहीं जीआरपी का कहना है कि रेलवे स्टेशन और आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करने के साथ मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने वारदात स्वीकार कर ली। जीआरपी के अनुसार आरोपी की निशानदेही पर एक सोने का पेंडेंट और चार सोने की गुरियां सहित कुल 35,500 रुपए कीमत के आभूषण बरामद किए गए। सोमवार को जीआरपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी दी। इसके कुछ ही देर बाद आरपीएफ ने भी अलग प्रेस नोट जारी कर दावा किया कि आरोपी को ट्रेस करने और पकड़वाने में मुख्य भूमिका उनकी रही। हालांकि आरपीएफ ने यह भी माना कि कार्यवाही के दौरान जीआरपी के 2 पुलिसकर्मी उनके साथ मौजूद रहे।

# किताबों से निकलकर दैनिक जीवन में त्रिकोणमिति

**स्कूल के दिनों में जब हम त्रिकोणमिति के सूत्र, जैसे साइन, कोसाइन और टैन, याद करते थे, तो अक्सर मन में यह सवाल आता था कि आखिर इनका वास्तविक जीवन में उपयोग कहां होता है। कई विद्यार्थियों को लगता है कि त्रिकोणमिति केवल परीक्षाओं या इंजीनियरों के काम आने वाला एक कठिन विषय है। लेकिन सच यह है कि त्रिकोणमिति हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। आइए जानते हैं कि यह गणित हमारे दैनिक जीवन को किस प्रकार आसान बनाता है।**




## स्मार्टफोन और आधुनिक तकनीक में त्रिकोणमिति

आज हमारे हाथ में मौजूद स्मार्टफोन त्रिकोणमिति के कई सिद्धांतों पर आधारित है। मोबाइल गेम्स में किसी पात्र की गति, दिशा और स्थिति को सही दिखाने के लिए कंप्यूटर ग्राफिक्स में त्रिकोणमिति का उपयोग किया जाता है। कैमरे में चेहरे की पहचान, गूगल मैप्स में स्थान का पता लगाना और सैटेलाइट से दूरी व दिशा की गणना करना भी कोणों और दूरियों के सही मापन पर निर्भर करता है।

## भवन निर्माण और वास्तुकला में उपयोग

घर, पुल, ऊंची इमारतों की मजबूती के पीछे भी त्रिकोणमिति का सिद्धांत है। वास्तुकार और इंजीनियर जमीन की ढलान, इमारतों के कोण, प्रकाश की दिशा और संरचना के संतुलन को समझने के लिए इसका उपयोग करते हैं। जैसे किसी छत का ढलान इस प्रकार तय किया जाता है कि बारिश का पानी आसानी से बह सके। इसके लिए सही कोणों की गणना त्रिकोणमिति की सहायता से की जाती है।

## संगीत और ध्वनि तकनीक में भूमिका

संगीत का संबंध भी त्रिकोणमिति से जुड़ा हुआ है। ध्वनि तरंगों को समझने, रिकॉर्ड करने और बेहतर बनाने के लिए गणितीय तरंगों का उपयोग किया जाता है। संगीत की आवाज को साफ करना, सुरों को सही करना, रीमिक्स तैयार करना और अनचाही आवाजों को हटाना जैसी प्रक्रियाएं त्रिकोणमितीय सिद्धांतों की सहायता से संभव होती हैं।

## चिकित्सा क्षेत्र में योगदान

आधुनिक चिकित्सा उपकरणों में भी त्रिकोणमिति की महत्वपूर्ण भूमिका है। एमआरआई और अल्ट्रासाउंड जैसी मशीनें शरीर के अंदर से प्राप्त संकेतों को समझकर उनकी छवियां तैयार करती हैं। इन संकेतों का विश्लेषण करने और सटीक तस्वीर बनाने के लिए जटिल गणितीय सिद्धांतों का उपयोग किया जाता है। त्रिकोणमिति केवल किताबों तक सीमित कोई विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे आसपास की दुनिया को समझने और बेहतर बनाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। जब हम मोबाइल का उपयोग करते हैं, किसी इमारत को देखते हैं, हवाई जहाज में यात्रा करते हैं या आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का लाभ लेते हैं, तब कहीं न कहीं त्रिकोणमिति अपना योगदान दे रही होती है। इसलिए गणित को केवल अंकों का खेल नहीं, बल्कि जीवन को आसान और व्यवस्थित बनाने वाली एक उपयोगी भाषा के रूप में समझना चाहिए।

**अर्चना गुप्ता**
**प्राचार्य**
**केसी हितकारिणी चिल्ड्रन्स एकेडमी**
**जोंसगंज, जबलपुर**



## हवाई और समुद्री यात्राओं में उपयोग

हवाई जहाज और जहाजों के संचालन में दिशा और दूरी का सही अनुमान बहुत जरूरी होता है। पायलट और नाविक हवा की गति, यात्रा की दिशा और कोणों की गणना करने के लिए त्रिकोणमिति का सहारा लेते हैं। यही गणित उन्हें सुरक्षित रूप से अपनी मंजिल तक पहुंचने में मदद करता है।

# ऑप्टिकल इल्यूजन और गणित जब आँखें धोखा खाती हैं




क्या आपने कभी ऐसी तस्वीर देखी है जिसमें सीधी रेखाएँ टेढ़ी दिखाई देती हों या स्थिर चित्र चलता हुआ प्रतीत होता हो? ऐसी तस्वीरों को ऑप्टिकल इल्यूजन कहा जाता है। इनमें हमारी आँखें और मस्तिष्क मिलकर कभी-कभी वास्तविकता से अलग चित्र प्रस्तुत करते हैं। इन भ्रमों के पीछे केवल कला ही नहीं, बल्कि गणित, ज्यामिति और विज्ञान का भी महत्वपूर्ण योगदान होता है।

## ऑप्टिकल इल्यूजन क्या है?

ऑप्टिकल इल्यूजन वह स्थिति है, जब कोई चित्र या वस्तु वास्तव में जैसी होती है, हमारी आँखें उसे वैसा नहीं देख पातीं। मस्तिष्क आकार, दूरी, रंग, प्रकाश और पैटर्न के आधार पर उसका अलग अर्थ निकाल लेता है।

## गणित का क्या संबंध है?

ऑप्टिकल इल्यूजन में कई गणितीय सिद्धांत काम करते हैं जैसे ज्यामिति रेखाएँ, कोण, वृत्त और आकृतियाँ भ्रम उत्पन्न करती हैं। सममिति एक जैसी आकृतियों की विशेष व्यवस्था से आँखें भ्रमित हो जाती हैं। इसी तरह अनुपात वस्तुओं के आकार और दूरी का अंतर देखने के तरीके को बदल देता है। ठीक ऐसे ही पैटर्न बार-बार दोहराए गए डिज़ाइन मस्तिष्क को भ्रमित कर सकते हैं। परिप्रेक्ष्य चित्रों में गहराई और दूरी का आभास गणितीय नियमों पर आधारित होता है।

## कुछ प्रसिद्ध ऑप्टिकल इल्यूजन

*1 म्यूलर-लायर इल्यूजन*
दो समान लंबाई की रेखाएँ उनके सिरों पर बने तीरों के कारण अलग-अलग लंबाई की दिखाई देती हैं।
*2 चेकर शैडो इल्यूजन*
दो समान रंग के खाने, प्रकाश और छाया के कारण अलग-अलग रंग के दिखाई देते हैं।
*3 पेनरोज़ त्रिभुज*
यह एक ऐसी आकृति है जो देखने में त्रिभुज जैसी लगती है, लेकिन वास्तव में उसे त्रि-आयामी रूप में बनाया ही नहीं जा सकता।
*4 घूमता हुआ चित्र*
कुछ स्थिर चित्र ऐसे बनाए जाते हैं कि उन्हें देखने पर वे घूमते हुए प्रतीत होते हैं, जबकि वास्तव में वे बिल्कुल स्थिर होते हैं।
ऑप्टिकल इल्यूजन हमें सिखाते हैं कि हर बार जो हमारी आँखें देखती हैं, वह पूरी तरह वास्तविक नहीं होता। गणित, विशेषकर ज्यामिति, सममिति और अनुपात के सिद्धांत इन भ्रमों को समझने की कुंजी हैं। इसलिए ऑप्टिकल इल्यूजन केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि गणित और विज्ञान को रोचक ढंग से सीखने का एक शानदार माध्यम भी हैं।

# श्रीनिवास रामानुजन, जिन्होंने गणित की दुनिया बदल दी



**जब भी महान गणितज्ञों का नाम लिया जाता है, तो सबसे पहले जिन भारतीय विद्वानों का स्मरण होता है, उनमें श्रीनिवास रामानुजन का नाम प्रमुख है। उन्होंने बिना औपचारिक उच्च गणित की शिक्षा के ऐसे-ऐसे सूत्र और प्रमेय खोजे, जिन्होंने दुनिया के बड़े-बड़े गणितज्ञों को भी आश्चर्यचकित कर दिया। आज भी उनके शोध आधुनिक गणित, कंप्यूटर विज्ञान और भौतिकी में उपयोग किए जाते हैं।**

## प्रारंभिक जीवन

श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के ईरोड में हुआ। उनके पिता के. श्रीनिवास अयंगर एक कपड़े की दुकान में काम करते थे और माता कोमलतम्मल धार्मिक एवं संगीत प्रेमी थीं। बचपन से ही रामानुजन की रुचि गणित में असाधारण थी। वे घंटों तक संख्याओं और गणितीय समस्याओं पर विचार करते रहते थे।

## इंग्लैंड की यात्रा और जी. एच. हार्डी से मुलाकात


1913 में रामानुजन ने अपने गणितीय सूत्र इंग्लैंड के प्रसिद्ध गणितज्ञ गॉडफ्रे हेरोल्ड हार्डी को भेजे। हार्डी ने उनकी प्रतिभा को तुरंत पहचान लिया और उन्हें इंग्लैंड के यूनिवर्सिटी ऑफ कैंब्रिज आने का निमंत्रण दिया। कैम्ब्रिज में दोनों ने मिलकर अनेक महत्वपूर्ण शोध किए। यह सहयोग गणित के इतिहास की सबसे प्रसिद्ध साझेदारियों में से एक माना जाता है।

## प्रमुख गणितीय योगदान

1. संख्या सिद्धांत रामानुजन ने संख्याओं के गुणों पर अनेक नए सिद्धांत प्रस्तुत किए। उनके शोध आज भी आधुनिक गणित का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

***2. अनंत श्रेणियाँ*** – उन्होंने अनंत श्रेणियों और पाई के मान की गणना के लिए ऐसे सूत्र दिए, जिनका उपयोग आज भी उन्नत गणनाओं में किया जाता है।

***3. विभाजन सिद्धांत*** – उन्होंने यह समझने के नए तरीके विकसित किए कि किसी संख्या को कितने अलग-अलग तरीकों से छोटी संख्याओं के योग के रूप में लिखा जा सकता है।



***4. मॉक थीटा फलन*** – जीवन के अंतिम वर्षों में उन्होंने मॉक थीटा फलनों की खोज की। बाद में इन पर व्यापक शोध हुआ और आधुनिक गणित तथा भौतिकी में इनका महत्व सिद्ध हुआ।

## गणित के प्रति अद्भुत लगाव


किशोरावस्था में रामानुजन के हाथ गणित की एक पुस्तक लगी, जिसमें हजारों गणितीय परिणाम दिए गए थे। उन्होंने न केवल उन परिणामों को समझा, बल्कि स्वयं नए-नए सूत्र और प्रमेय खोजने शुरू कर दिए। वे अपनी नोटबुक में लगातार नए गणितीय विचार लिखते रहते थे। बाद में यही नोटबुक विश्वभर के गणितज्ञों के लिए अमूल्य धरोहर बन गई। भारत सरकार ने उनकी जयंती 22 दिसंबर को राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की।

# टॉवर ऑफ हनोई: दिमाग की असली परीक्षा लेने वाली गणितीय पहेली

क्या आपने कभी ऐसी पहेली देखी है, जिसमें केवल कुछ गोल चक्कियों (डिस्क) को एक डंडे से दूसरे डंडे पर ले जाना हो, लेकिन उसके पीछे गहरे गणितीय सिद्धांत छिपे हों? टॉवर ऑफ हनोई ऐसी ही एक प्रसिद्ध गणितीय पहेली है। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि तार्किक सोच, समस्या समाधान और कंप्यूटर विज्ञान की मूल अवधारणाओं को समझने का बेहतरीन माध्यम है। दुनिया भर के विद्यालयों और ओलंपियाड प्रतियोगिताओं में इसका उपयोग विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता विकसित करने के लिए किया जाता है।

## टॉवर ऑफ हनोई क्या है?

टॉवर ऑफ हनोई एक गणितीय पहेली है, जिसमें तीन डंडे और अलग-अलग आकार की कई गोल डिस्क होती हैं। शुरुआत में सभी डिस्क एक ही डंडे पर सबसे बड़ी से सबसे छोटी



क्रम में रखी होती हैं। लक्ष्य है कि सभी डिस्क को उसी क्रम में तीसरे डंडे पर पहुँचाया जाए।

## खेल के तीन नियम

1. एक समय में केवल एक ही डिस्क उठाई जा सकती है।
2. किसी भी चरण में बड़ी डिस्क को छोटी डिस्क के ऊपर नहीं रखा जा सकता।
3. डिस्क को केवल तीनों डंडों के बीच ही स्थानांतरित किया जा सकता है। इन सरल नियमों के कारण यह पहेली चुनौतीपूर्ण बन जाती है।

## इस पहेली का इतिहास

टॉवर ऑफ हनोई का आविष्कार 1883 में फ्रांसीसी गणितज्ञ एडुआर्ड लुकास ने किया था। उन्होंने इसे एक मनोरंजक गणितीय खेल के रूप में प्रस्तुत किया। बाद में यह दुनिया की सबसे प्रसिद्ध गणितीय पहेलियों में शामिल हो गई।

## इसे कैसे हल किया जाता है?

इस पहेली का सबसे प्रभावी तरीका रिकर्शन है। इसमें बड़ी समस्या को छोटे-छोटे भागों में बाँटकर हल किया जाता है। यही सिद्धांत कंप्यूटर प्रोग्रामिंग में भी व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

## गणित के रोचक तथ्य

1. गणितीय प्रतीकों चिन्हों में से अधिकांश 16 वीं सदी तक बहुत सारे गणितीय प्रतीकों का आविष्कार नहीं हुआ था, इसलिए गणित के समीकरणों को शब्दों में लिखा जाता था, इसलिए इस प्रक्रिया में बहुत समय लगता था।
2. प्राचीन बेबीलोन के लोग गणित को हल करने के लिए आधार 10 के बजाय 60 का इस्तेमाल करते थे, इसलिए हम 1 मिनट में 60 सेकंड और एक सर्कल में 360 डिग्री का प्रयोग करते है।
3. सूरजमुखी का सर्पिल आकार, फिबोनैकी अनुक्रम को फॉलो करता है, इस अनुक्रम में अगला नंबर पाने के लिए पूर्ववर्ती दो नम्बरों को जोड़ा जाता है, उदहारण 1, 1, 2, 3, 5, 8, आदि नंबर है।
4. शून्य नंबर को रोमन अंकों में नहीं दर्शाया जा सकता है। यानि रोमन शून्य का प्रयोग नहीं जानते थे।
5. मिलेनियम पुरस्कार 1 मिलियन राशि का होता है और यह उस व्यक्ति को दिया जाना है जो 7 गणितीय समस्याओं को हल कर दे, आपको जानकर हैरानी होगी कि आज तक केवल 1 समस्या का हल किया गया है। 6 अभी भी अनुत्तरित हैं।
6. एशिया के अधिकांश देशों में, 4 नंबर को अशुभ माना जाता है, जापानी, मंदारिन, कोरियाई और केनटोनीज भाषाओं में इसकी ध्वनि मृत्यु शब्द के समान है।

# गणित पहेलियां

1. मैं एक दो अंकों की संख्या हूँ। मेरे अंकों का योग 9 है। यदि मेरे अंकों की जगह बदल दी जाए, तो नई संख्या मुझसे 27 कम हो जाती है। मैं कौन-सी संख्या हूँ?
**उत्तर - 63 (63 को उल्ट लिखने पर 36, अंतर 27)**
2. दिन में कितनी बार घड़ी की घंटे और मिनट की सुई एक-दूसरे के ऊपर आती हैं?
**उत्तर - 22 बार**
3. आपके पास 5 सेब हैं। आपने उनमें से 2 आधे-आधे काट दिए। अब आपके पास कितने सेब हैं?
***उत्तर - 5 सेब ( सिर्फ काटे हैं, कम नहीं हुए। )***
4. एक लड़की के उतने ही भाई हैं जितनी बहनें। लेकिन उसके हर भाई के भाइयों की संख्या बहनों से एक अधिक है। परिवार में कुल कितने बच्चे हैं?
***उत्तर - 7 बच्चे ( 4 लड़कियाँ और 3 लड़के )***
5. एक खाली बोतल की कीमत 20 रूपए है। पानी भरने पर उसकी कीमत 30 रूपए हो जाती है। पानी की कीमत कितनी है?
***उत्तर - 10 रूपए***
6. 1 से 100 तक गिनती लिखने पर अंक 9 कुल कितनी बार आता है?
***उत्तर - 20 बार***
7. पाँच साल पहले राहुल की उम्र 12 वर्ष थी। 10 साल बाद उसकी उम्र कितनी होगी?
***उत्तर - 27 वर्ष ( 5 साल पहले 12 वर्ष थी अभी 17 वर्ष है 10 साल बाद 27 वर्ष होगी )***
8. केवल अंक 2, 5 और 8 का एक-एक बार प्रयोग करके सबसे बड़ी संख्या बनाइए।
***उत्तर - 852***
9. 10 मोमबत्तियाँ जल रही थीं। हवा से 3 बुझ गईं। अंत में कितनी मोमबत्तियाँ बचेंगी?
***उत्तर - 3 जो बुझ गईं, वही बचेंगी। बाकी जलकर समाप्त हो जाएँगी।***

## दैनिक जीवन में गणित का महत्व

गणित हमारे दैनिक जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण भाग है। हम अपने जीवन के लगभग हर कार्य में किसी न किसी रूप में गणित का उपयोग करते हैं। सुबह उठकर समय देखने से लेकर रात तक के सभी कार्यों में गणित की भूमिका होती है। घड़ी में समय देखना, दिन और तारीख का हिसाब रखना, घर का बजट बनाना, खरीदारी करना, पैसे गिनना, सामान का वजन और कीमत जानना, दूरी मापना तथा यात्रा का समय तय करना जैसे अनेक कार्य गणित के बिना संभव नहीं हैं। यदि हमें किसी वस्तु पर मिलने वाली छूट, लाभ-हानि या कुल खर्च की गणना करनी हो, तो गणित की आवश्यकता पड़ती है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि गणित हमारे जीवन को सरल, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाता है। विद्यार्थियों के लिए गणित का विशेष महत्व है।

## शब्द पहेली - 8921

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | 4 | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | 10 | | ■ | 11 | 12 | ■ | |
| 13 | | | ■ | ■ | ■ | 14 | | |
| | ■ | 15 | 16 | ■ | 17 | | ■ | |
| 18 | 19 | ■ | 20 | | | ■ | 21 | |
| ■ | | ■ | | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | 22 | | | | | | |

### बाएँ से दाएँ

*1. भगवान, ईश्वर, रब-7*
*6. रुपये का सोलहवां भाग-2*
*7. मध्यप्रदेश का एक भाग-3*
*8. मूल्य, कीमत, दर-2*
*10. जी, इच्छा, चित-2*
*11. नलका, टोंटी-2*
*13. बारीक, सूक्ष्म-3*
*14. रेखा, लाइन-3*
*15. रग, नाड़ी-2*
*17. अधिकार -2*
*18. वध, कत्ल, मर्डर-2*
*20. दौड़ने वाला, धावक (अंग्रेजी-3)*
*21. एक आंख वाला-2*
*22. निंदा करना, प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3*

### ऊपर से नीचे

*2. निर्माण, बनाना-3*
*3. एक संगीतकार-4*
*4. गाड़ी चलानेवाला-4*
*5. नखरा-2*
*6. आरामदेय-5*
*9. इच्छा पूरी करना-2,3*
*10. चिंतन-3*
*12. उत्साह, जिज्ञासा-3*
*16. हद, सीमा, बार्डर-4*
*17. हमेशा, सदैव-4*
*19. बलिदान, परित्याग, विरक्ति-2*
*21. नास्तिक (उर्दू-2)*

# एक टीएस, दो पुल और जांच...कार्यवाई में दो साल क्यों?

## भजियादण्ड पंचायत में लाखों के खेल पर सवाल... जांच पूरी, रिपोर्ट तैयार, फिर भी दोषियों पर मेहरबानी क्यों?










बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

ग्राम पंचायतों को विकास की रीढ़ माना जाता है, लेकिन जब विकास कार्य ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएं तो सवाल केवल एक पंचायत का नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की जवाबदेही का बन जाता है। जनपद पंचायत खैरलांजी की ग्राम पंचायत भजियादण्ड में एक ही टेक्निकल सैंक्शन (टीएस) और प्रशासनिक स्वीकृति (एएस) पर दो पाइप पुलियों का निर्माण कर सरकारी राशि के कथित बंदरबांट का मामला दो साल बाद भी कार्रवाई का इंतजार कर रहा हैं।

मामला वर्ष 2024 में तब सुर्खियों में आया था, जब स्वतंत्रमत अखबार ने एक टीएस पर दो पुलिया निर्माण का खुलासा किया। खबर प्रकाशित होते ही जिला पंचायत ने जांच के आदेश दिए। पहले जिला पंचायत के अधिकारी रंजीत पटले और बाद में आरईएस के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की, पंचनामा तैयार किया और पूरी रिपोर्ट जिला पंचायत को सौंप दी। जांच में गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि होने की बात सामने आई, लेकिन दो साल बीतने के बाद भी जिम्मेदारों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### कैसे हुआ सरकारी खेल?

जानकारी के अनुसार, मनरेगा योजना के तहत पीडब्ल्यूडी सड़क से आमा तालाब मार्ग के बीच पाइप पुलिया निर्माण के लिए टीएस क्रमांक 195940 एवं एएस दिनांक 1 मार्च 2023 के आधार पर 11.90 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई थी। तत्कालीन उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुल्के, सचिव कमल कटरे, सरपंच मुलेन्द्र उइके और रोजगार सहायक श्रीमती डाली पटले ने इसी एक स्वीकृति पर दो अलग-अलग पुलियों का निर्माण करा दिया। सवाल यह है कि एक ही तकनीकी स्वीकृति पर दो निर्माण कार्य आखिर किस नियम के तहत कराए गए? तकनीकी जानकारों का कहना है कि दोनों पुलियों की वास्तविक निर्माण लागत 5 से 6 लाख रुपये से अधिक नहीं हो सकती थी, जबकि करीब 11 लाख रुपये का भुगतान दर्शाया गया। इतना ही नहीं, निर्माण कार्य की सीसी (कम्प्लीशन सर्टिफिकेट) जारी होने की जानकारी भी सामने आई है, जिससे पूरे मामले में सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका और गहरा गई है।

### उपयंत्री पर पहले गिरी थीं गाज

बताया जाता हैं कि निर्माण कार्य में सामने आई अनियमितताओं के बाद तत्कालीन उपयंत्री ज्ञानप्रकाश सुल्के को जिला पंचायत की अनुशंसा पर आरईएस कार्यालय में अटैच किया गया था। यानी विभाग ने पहली नजर में गड़बड़ी स्वीकार भी की, लेकिन उसके बाद कार्रवाई फाइलों में ही सिमट गई।

### जांच ने मानी लापरवाही, फिर कार्रवाई पर चुप्पी क्यों?

जांच अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट में निर्माण कार्य में गंभीर लापरवाही और वित्तीय अनियमितताओं की बात स्वीकार की थी। सूत्रों के अनुसार, संबंधित सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक से राशि वसूली की भी अनुशंसा की गई। इसके बावजूद दो वर्षों से न तो वसूली हुई और न ही दोषियों पर कोई विभागीय कार्रवाई दिखाई दी। अब सबसे बड़ा सवाल यही हैं कि जब जांच पूरी हो चुकी, रिपोर्ट भी सौंप दी गई, तब कार्रवाई आखिर किसके इंतजार में अटकी हुई है? क्या जिम्मेदारों को बचाने के लिए फाइलों पर धूल जमाई जा रही है, या फिर पूरे मामले को समय के साथ दबाने की कोशिश की जा रही है? ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता की बात करने वाला प्रशासन यदि ऐसे मामलों में मौन रहता है, तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के दावे भी सवालों के घेरे में आ जाते हैं।

# अघोषित बिजली कटौती से सांसें गिन रहे ग्रामीण उद्योग

### उद्योगपति बोले-बिजली नहीं, बिल जरूर आता है, रोजगार पर लटकी तलवार

कटंगी (स्वतंत्र मत)। सरकार एक तरफ आत्मनिर्भर भारत और ग्रामीण औद्योगिकीकरण के बड़े-बड़े दावे कर रही है। उद्योगों को सब्सिडी, लोन और जमीन देने की बात हो रही है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बालाघाट जिले के कटंगी-उमरी क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती ने छोटे-बड़े उद्योगों की कमर तोड़ दी है। आलम ये है कि जो उद्योगपति रोजगार देने के लिए गांव में कारखाना लगाने आए थे, अब वह बोरिया-बिस्तर समेटने की तैयारी में हैं। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के उमरी डिवीजन के अंतर्गत आने वाले भजियापारजड़ में एक बड़ा उद्योग स्थापित हुआ हैं। इसके अलावा यहां आटा चक्की, राइस मिल, फर्नीचर, वेल्डिंग, मुर्गी फीड और जैसे यूनिट यहां चल रही हैं। इन उद्योगों में सीधे तौर पर ग्रामीणों को रोजगार मिला है। अप्रत्यक्ष रूप से ट्रांसपोर्ट, मजदूरी और कच्चा माल सप्लाई से जुड़कर कई परिवारों का घर चल रहा है। लेकिन अघोषित बिजली कटौती ने सब कुछ ठप कर दिया है।

भजियापार जड़ में उद्योग संचालित करने वाले उद्योगपति का कहना है, मैंने 1.5 करोड़ लगाकर प्लांट लगाया। सरकार ने कहा गांव में उद्योग लगाओ, रोजगार दो। हमने लगाया। अब हर दिन 2 से 3 घंटे अचानक बिजली गायब हो जाती है। कोई शेड्यूल नहीं, जब लाइट आती है तो वोल्टेज इतना कम कि मशीनें ट्रिप कर जाती हैं। महीने का 30 से 50 हजार का बिल आता है, लेकिन उत्पादन आधा रह गया है। अब बैंक की किस्त कैसे भरेंड़

उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार 1 घंटे की बिजली कटौती से एक मध्यम उद्योग को औसतन 15 से 25 हजार रुपए का नुकसान होता है। उद्योगपतियों की सबसे बड़ी शिकायत बिल को लेकर है। कटौती के बावजूद बिल कम नहीं हो रहा। पिछले महीने कई दिन तक दिन में 3-3 घंटे कटौती हुई। फिर भी मनमाना बिजली बिल आया। इसके अलावा लो-वोल्टेज की समस्या सबसे बड़ी है। उद्योगों को 440वॉट की जरूरत होती है। लेकिन शाम 6 बजे के बाद वोल्टेज 320-340 पर आ जाता है। इससे मशीनें या तो चलती नहीं या जल जाती हैं। उद्योगपतियों का कहना है कि जब आधारभूत सुविधा बिजली ही नहीं मिलेगी तो उद्योग कैसे चलेंगेड़ बिजली होगी तो उद्योग होगा, उद्योग होगा तो रोजगार होगा।

# सांसद भारती पारधी के प्रयास रंग लाए बालाघाट में ही संचालित होगा रेंजर कॉलेज

बालाघाट (स्वतंत्र मत)। जिले के लिए बड़ी राहत और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बहुप्रतीक्षित रेंजर कॉलेज अब बालाघाट में ही संचालित होगा। कॉलेज के प्रस्तावित स्थानांतरण पर रोक लगने के बाद सांसद श्रीमती भारती पारधी ने सोमवार को रेंजर कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर वर्ष 2014 के बाद प्रारंभ होने जा रहे नए बैच के प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती पारधी ने रेंजर कॉलेज में पौधारोपण भी किया।



निरीक्षण के दौरान सांसद श्रीमती पारधी ने कॉलेज की अधोसंरचना, विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा आवश्यक प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रशिक्षण प्रारंभ होने से पूर्व सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं, ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) गौरव चौधरी, वनमंडलाधिकारी (दक्षिण सामान्य) नित्यानंदम एल, वनमंडलाधिकारी (उत्तर सामान्य) रेशम सिंह धुर्वे सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि रेंजर कॉलेज को जबलपुर स्थानांतरित किए जाने की चर्चाओं के बीच सांसद श्रीमती भारती पारधी ने इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए संसद में नियम 377 के अंतर्गत कॉलेज को बालाघाट में ही यथावत संचालित रखने की मांग रखी थी। उनके प्रयासों के बाद केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने संस्थान को बालाघाट में संचालित रखने का सकारात्मक आश्वासन दिया था, जिसके बाद अब कॉलेज का संचालन बालाघाट में ही सुनिश्चित हो गया है।

### शराब बिक्री करते पाए जाने पर हुई कार्यवाही

उमरिया (स्वतंत्र मत)। मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम हिरौली एवं ग्राम ताला में शराब की अवैध बिक्री किए जाने पर पुलिस द्वारा कार्यवाही की गई। ग्राम हिरौली में सोनेलाल साहू पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से 3600 लीटर देशी प्लेन मदिरा जप्त की गई। वहीं ग्राम ताला में पुलिस द्वारा मुकेश सिंह पर कार्यवाही करते हुए उसके पास से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। पुलिस द्वारा मामला कायम कर विवेचना की जा रही है।

### पानी मे डूबने से हुई मौत

उमरिया (स्वतंत्र मत)। पाली थाना अंतर्गत ग्राम डोंगरिया में पानी में डूबने से 50 वर्षीय गुलाब बैगा निवासी ग्राम कुर्मुदु की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग की कायमी कर मामले की विवेचना की जा रही है।

# स्कूल की जर्जर छत से गिरा प्लास्टर, 2 छात्राएं घायल

## निकायाधीन होने के चलते नहीं मिल रही सरकारी मदद, खतरे में 350 छात्र-छात्राएं

कटंगी (स्वतंत्र मत)।

विकास के दावों के बीच शिक्षा के मंदिर भी जर्जर हो चले हैं। इसका ताजा उदाहरण देखने को मिला विकासखंड कटंगी के बम्हनी में संचालित शासकीय बावनथड़ी गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में। सोमवार सुबह साड़े 11 बजे यहां स्कूल की छत का प्लास्टर गिरने से दो छात्राएं घायल हो गईं।



जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह कक्षा नवमी का पीरियड चल रहा था। इसी दौरान अचानक जर्जर छत का एक बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर पड़ा। मलबा सीधे दो छात्राओं के सिर पर आ गिरा। घटना में नवमी कक्षा की छात्राएं दिव्या शनिचरे और धनश्री चिंदालोरे घायल हो गईं। हादसे के बाद स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। शिक्षकों और अन्य छात्रों ने तत्काल दोनों छात्राओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र बम्हनी में भर्ती कराया। दोनों का उपचार जारी है। बता दें स्कूल भवन का निर्माण वर्ष 1987 में हुआ था। तब से आज तक इसका कोई जीर्णोद्धार नहीं हुआ है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यह स्कूल निकायाधीन है। निकायाधीन होने की वजह से इसे न तो शिक्षा विभाग से और न ही अन्य किसी योजना के तहत सरकारी सहायता मिल पा रही है। नतीजा इमारत बदहाल है, फर्नीचर टूटे हैं और मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। स्कूल प्रबंधन और पालकों का कहना है कि स्कूल की जर्जर हालत को लेकर अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को कई बार अवगत कराया गया। लिखित आवेदन भी दिए गए। लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला।

स्कूल में वर्तमान में कक्षा 9वीं से 12वीं तक कुल 350 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। रोजाना सैकड़ों बच्चे ऐसी जर्जर इमारत में पड़ने को मजबूर हैं। सोमवार का हादसा इसी लापरवाही का परिणाम है। घटना के बाद पालकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है अगर समय पर छत की मरम्मत हो जाती तो आज यह नौबत नहीं आती। भगवान का शुक्र है कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से मांग की है कि तुरंत स्कूल भवन का निरीक्षण कराकर जर्जर हिस्सों को गिराया जाए और नए भवन का निर्माण कराया जाए। साथ ही घायल छात्राओं के इलाज का पूरा खर्च शासन द्वारा वहन किया जाए। बहरहाल, पड़ेगा इंडिया तभी, जब स्कूल सुरक्षित होंगे। बम्हनी का यह हादसा सिस्टम के लिए चेतावनी है। 350 बच्चों की जान दांव पर लगाकर कब तक शिक्षा दी जाएगी? अब देखना है कि प्रशासन आंखें बंद रखता है या इस बार ठोस कदम उठाता है।

# खेती को लाभकारी बनाने के लिए सरकार की कई योजनाएं संचालित : मीना सिंह

उमरिया (स्वतंत्र मत)। कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्राम रक्शा में किसान संगोष्ठी एवं बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन विधायक मानपुर मीना सिंह के मुख्य आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मीना सिंह ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए शासन लगातार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध करा



रही है। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती की तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तायुक्त बीजों के उपयोग से उत्पादन में वृद्धि होती है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने किसानों को वर्तमान मौसम की परिस्थितियों और जिले में सामान्य से कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों की खेती करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि मौसम की अनिश्चितता को ध्यान में रखते जल संरक्षण के उपाय अपनाकर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करें। साथ ही उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, संतुलित उर्वरक उपयोग, बीज उपचार और फसल प्रबंधन की जानकारी भी दी।

कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग द्वारा किसानों को विभिन्न फसलों के उन्नत एवं प्रमाणित बीजों का वितरण किया गया, ताकि किसान समय पर बुवाई कर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर सकें।

# अनुसूचित जनजाति मोर्चे की हुई बैठक

उमरिया (स्वतंत्र मत)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति की बैठक जिले की प्रभारी अर्चना सिंह की अध्यक्षता में संपन्न की गई। बताया गया कि संगठनात्मक गतिविधियों के मद्देनजर अनुसूचित जनजाति मोर्चे के जिले की प्रभारी अर्चना सिंह 12 जुलाई को जिले के दौरे पर रही हैं, जहां उन्होंने स्थानीय सर्किट हाउस में जनजाति मोर्चे के बैठक में शामिल हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, मोर्चा



प्रभारी धनुषधारी सिंह, जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष कैलाश सिंह, राजेंद्र कोल, सोहन कोल, हरिलाल कोल, रामपाल सिंह, सरल सिंह, सावित्री सिंह और राजेंद्र बैगा सहित अनुसूचित जनजाति मोर्चे के तमाम पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आज से जिले में संचालित होगा दस्तक अभियान

उमरिया (स्वतंत्र मत)।

पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच, उपचार, विटामिन व आयरन की गोलियों की उपलब्धता कराने के साथ ही ओआरएस व जिंक उपलब्ध कराने के उददेश्य से 14 जुलाई से 31 अगस्त तक दस्तक अभियान संचालित किया जाएगा। दस्तक अभियान के सफल संचालन के उददेश्य से प्रभारी कलेक्टर अभय सिंह की अध्यक्षता में विभागीय अधिकारियों की बैठक कलेक्टर सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि सभी विभागों के समन्वित सहयोग से ही अभियान को सफलता मिलेगी।



स्वस्थ्य बच्चे, स्वस्थ्य समाज का निर्माण करते है, इसलिए आवश्यक है कि अभियान के तहत पांच वर्ष तक की आयु के बच्चों को इससे लाभांवित किया जाए। उनके परिजनों को डायरिया से बचाव के लिए पानी के शुध्दीकरण के संबंध मे भी जागरूक किए जाने की आवश्यकता हैं। उन्होने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग आपस में समन्वय कर दस्तक अभियान के सफल क्रियान्वयन में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें।

बैठक में बताया गया कि अभियान का उददेश्य शिशु एवं बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना, बच्चों में दस्त रोग से होन वाले मृत्यु प्रकरणों की रोकथाम करना, अन्य बाल्यकालीन बीमारियों की रोकथाम करना तथा समुदाय में घर-घर भ्रमण कर संवेदनशील बच्चों की सक्रिय स्क्रीनिंग करना तथा स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की प्रारंभिक पहचान कर आवश्यक सेवायें सुनिश्चित करना है। अभियान के दौरान 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के परिवारों में प्रति बच्चे के मान से 2 ओ.आर.एस. पैकेट तथा 14 जिंक टैबलेट की प्रदायगी, 9 माह से 5 वर्ष आयु वाले समस्त बच्चों को आयु अनुरूप विटामिन ए सीरप का अनुपूरण, डीएसस टूल द्वारा बच्चों में गंभीर कुपोषण की पहचान एवं आवश्कतानुसार रेफरल, 6 माह से 5 वर्ष आयुवर्ग के समस्त बच्चों के परिवारों को आई.एफ.ए. सीरप की प्रदायगी एवं उपयोग हेतु परामर्श, डीएसस टूल द्वारा दस्त रोग, निर्जलीकरण तथा अन्य बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान तदानुसार उपचार, रेफरल तथा स्टॉप डायरिया अभियान की गतिविधियों का संचालन किया जाएगा।

### नाबालिग छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कटंगी (स्वतंत्र मत)। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम खरपड़िया में सोमवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां कक्षा 11वीं में पड़ने वाली एक नाबालिग छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना सोमवार 13 जुलाई को सुबह करीब 9.45 बजे की है। परिजन कृषि कार्य के लिए खेत गए हुए थे। इसी दौरान छात्रा ने अपने ही घर में फंदा लगाकर जान दे दी। कुछ देर बाद जब परिजन घर लौटे तो उन्होंने छात्रा को फंदे पर लटका देखा।आनन-फानन में परिजनों ने इसकी सूचना तिरोड़ी पुलिस को दी।सूचना मिलते ही तिरोड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की और उसे पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल कटंगी भिजवाया है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार तीन चिकित्सकों की टीम दोपहर साड़े 03 बजे से शव का पोस्टमार्टम किया।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति खैरलांजी जिला-बालाघाट (म.प्र.)**
Email id-apmckharlbal@gmail.com

क्रमांक/मण्डी/तौलकांटा/2026-27/104 खैरलांजी दिनांक- 13-07-2026

**निविदा आमंत्रण सूचना - (तृतीय आमंत्रण)**

कृषि उपज मंडी समिति खैरलांजी (घ) श्रेणी मंडी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी0ओ0टी) के तहत (इलेक्ट्रानिक तौलकांटा) संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमीयम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_520627_1 के अंतर्गत ऑन लाईन निविदाये दिनांक 22.07.2026 को शाम 3:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारो को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल hrrps://mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल www.mpmandiboard.co.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोटः- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, खैरलांजी जिला-बालाघाट (म.प्र.)

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, नरसिंहपुर, जिला - नरसिंहपुर (म.प्र.)**
(Subhash Ward, Narsinghpur Phone : 07792-230402 Email : cmonarsinghpur@mpurban.gov.in)

पत्र क्र. 1157/ई-टेण्डर/2026-27 नरसिंहपुर, दिनांक 13/07/2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्र. | निविदा आमंत्रण क्रमांक | टेन्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रथम आमंत्रण | 2026_UAD_519792_1 14.07.2026 | कृष्णा वार्ड में नवीन बस स्टेण्ड प्रतीक्षालय के पीछे एवं राजीव वार्ड में इतवारा बाजार मछली मार्केट के पास स्मार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य। | 04 माह 1271243.00 | 2000.00 9540.00 | 17.08.2026 |
| 2 | | 2026_UAD_515701_1 14.07.2026 | सुभाष वार्ड में ऑफिसर्स क्लब का रिनोवेशन एवं विद्युतीकरण कार्य। | 03 माह 421943.00 | 2000.00 4220.00 | 01.08.2026 |
| 3 | | 2026_UAD_515702_1 14.07.2026 | राजीव वार्ड में विभिन्न स्थानों पर रोड एवं नाली मरम्मत कार्य। | 03 माह 394472.00 | 2000.00 3950.00 | 01.08.2026 |
| 4 | | 2026_UAD_515703_1 14.07.2026 | निरंजन वार्ड में संतोष पटेल के घर से शिखा पटेल के घर होते हुए सरकारी गोहे तक नाली निर्माण कार्य। | 02 माह 231868.00 | 2000.00 2320.00 | 01.08.2026 |
| 5 | | 2026_UAD_520947_1 14.07.2026 | Invitation for empanelment of Consultant for Survey, Preparing of DPR and Providing consultancy services for various development work at Nagar Palika Parishad, Narsinghpur Distt. - Narsinghpur | 12 माह 1000000.00 | 2000.00 10000.00 | 01.08.2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर

# आदेश की अव्हेलना पर कलेक्टर नाराजः कर्मचारियों को लगाई कड़ी फटकार, इंजीनियर को जारी किया नोटिस

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



बारिश के कारण एक ओर नर्मदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है दूसरी ओर जान जोखिम में डालकर त्रिवेणी संगम घाट, नावघाट, किले घाट सहित अन्य घाटों में नौका बिहार कराया जा रहा है सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिन नावों में पर्यटकों और श्रृद्धालुओं को बैठाकर नदी की सैर कराई जा रही है उनमें सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नजर नहीं आ रहे है। यहां न तो लाइफ जैकेट और न ही आपात स्थिति में यात्रियों को बचाने के लिए कोई उपकरण है।

इस लापरवाही में नगर पालिका की मुख्य भूमिका सामने आई है। नगर पालिका द्वारा न तो नावों की मेंटनेंस की नियमित जांच कराई गई और न ही सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया गया। मामला केवल नौका विहार तक सीमित नहीं है। जिले में मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लागू होने के बावजूद कई घाटों पर मछुआरे नाव लेकर नदी के बीचों-बीच मछली पकड़ते देखे जा सकते हैं प्रशासन द्वारा प्रतिबंध के आदेश जारी किए जाने के बाद भी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। इन गतिविधियों पर निगरानी रखने वाली नगर पालिका और संबंधित विभाग की जिम्मेदारी तय की गई है। इसके बावजूद विभाग द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। मामले में नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

वही सोमवार को जिला योजना में आयोजित समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने तीखे शब्दों संबंधित विभाग को फटकार लगाई और नगर पालिका के इंजीनियर जयप्रकाश डेहरिया को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। दरअसल नगर पालिका इंजीनियर जयप्रकाश डहरिया लंबे समय से पदस्थ होने के बावजूद वर्षाकाल को देखते हुए न तो सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए और न ही नौका संचालन पर प्रभावी नियंत्रण किया इससे लोगों की जान खतरे में पड़ गई है इसी गंभीर लापरवाही को लेकर जिला कलेक्टर ने टीएल बैठक में कड़ा रुख अपनाया।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि वर्षाकाल में साहस्त्रधारा सहित जिले के सभी जलाशयों में जलस्तर बढ़ने के कारण नौका संचालन और फिशिंग जैसी गतिविधियां पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगी उन्होंने निर्देश दिए कि सभी नौकाओं की फिटनेस की अनिवार्य जांच कराई जाए और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए बैठक में जब यह जानकारी सामने आई कि बढ़े हुए जलस्तर के बावजूद नियमों के विपरीत नौका संचालन जारी है तो कलेक्टर ने नगर पालिका इंजीनियर जयप्रकाश डहरिया की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई उन्होंने इंजीनियर को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जावेगी। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि वर्षाकाल समाप्त होने तक जिले में किसी भी प्रकार का नौका संचालन और फिशिंग नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि लोगों के जीवन से खिलवाड़ किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि प्रतिबंध के बावजूद नौका संचालन या मछली पकड़ने की गतिविधियां जारी पाई गईं तो संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ जिम्मेदार व्यक्तियों पर भी कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

### लंबित प्रकरणों पर करें फोकस

बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि 500 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों पर प्रति शिकायत 1000 रुपये का दंड लगाया जाएगा।

उन्होंने विशेष रूप से राजस्व एवं नगरीय आवास विभाग को लंबित प्रकरणों के निराकरण पर फोकस करने के निर्देश दिए। बैठक में भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के अंतर्गत श्रमिक पंजीयन बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही मानधन योजना के अंतर्गत भी श्रमिक पंजीयन बढ़ाने को कहा।

### डायरिया मामलो पर रखे निगरानी

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में एंटी वेनम एवं दवाओं की उपलब्धता संबंधी जानकारी प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करें। डायरिया के मामलों की सतत निगरानी के लिए जिला अस्पताल में केस ट्रैकिंग की व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सभी विकासखंडों के बीएमओ प्रतिदिन एसडीएम को डायरिया मरीजों की जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई कर संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके।

### प्रभारी मंत्री करेंगे शुभारंभ

16 जुलाई को जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल के प्रस्तावित सांदीपनि विद्यालय अंजनिया भ्रमण एवं उसी दिन आयोजित होने वाले एनीमिया मुक्त मंडला अभियान के शुभारंभ की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही कलेक्टर ने प्राचीन पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण कार्य की समीक्षा करते हुए बताया कि अब तक 2882 पांडुलिपियों का डिजिटलीकरण किया जा चुका है। उन्होंने इस कार्य में और गति लाते हुए संख्या बढ़ाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला योजना भवन में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिले को नशामुक्त बनाने के लिए जनजागरूकता अभियान, विभागीय समन्वय एवं कार्य योजना की समीक्षा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि नशामुक्ति अभियान को जन अभियान बनाना आवश्यक है हमें इसकी शुरुआत अपने घर और परिवार से करनी होगी उन्होंने उद्योग विभाग, आरटीओ, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर व्यापक जन जागरूकता गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी ने कहा कि जिले को आगामी तीन वर्षों में नशामुक्त बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है इसके लिए सभी विभागों स्वयंसेवी संगठनों और आमजन के सहयोग से सतत जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे समाज में नशे के प्रति जागरूकता बढ़े और लोग इससे दूर रहने के लिए प्रेरित हों बैठक में उनके द्वारा बताया गया कि 15 जुलाई से 30 जुलाई तक जिले में नशे से दूरी है जरूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा अभियान के तहत पंचायतों एवं विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे तथा नशामुक्त गांव की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाएगा बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में एनसीओआरडी के तहत 82 प्रकरणों पर कार्यवाही की गई है तथा एनडीपीएस अधिनियम के तहत 3 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। साथ ही कुल 111 आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इसके अतिरिक्त 138 स्वयंसेवक नशामुक्ति अभियान से जुड़े हैं बैठक में नशामुक्त मित्र तैयार करने एवं विभिन्न स्तरों पर जनजागरूकता गतिविधियां बढ़ाने पर भी जोर दिया गया।

### आज से दस्तक अभियान

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** जिले में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान का प्रथम चरण 14 जुलाई से 31 अगस्त तक संचालित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती ने बताया कि अभियान के दौरान एएनएम आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीमें घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य जांच करेंगी तथा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएंगी अभियान के तहत बच्चों को दस्त की रोकथाम के लिए 2 ओआरएस पैकेट एवं 14 जिंक टैबलेट वितरित किए जाएंगे। साथ ही 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए तथा 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन-फोलिक एसिड आईएफए अनुपूरण दिया जाएगा।

## भाजपा एसटी मोर्चा की बैठक सम्पन्न



**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** भाजपा कार्यालय में सोमवार को प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा के मार्गदर्शन में अनुसूचित जनजाति मोर्चा की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते, डिजिटल लर्निंग प्रभारी प्रीतम मरावी, प्रदेश अनुसूचित जनजाति मोर्चा के उपाध्यक्ष नीरज मरकाम, प्रदेश कोषाध्यक्ष आसाराम भारतीया, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रुचिराम गुरुवाणी, भाजपा जिला महामंत्री नरेश चंद्रोल, जिला उपाध्यक्ष जयदत्त झा,जिला महामंत्री एसटी मोर्चा सुधीर मरावी, जिला महामंत्री एसटी मोर्चा टेकचंद पन्द्रो, मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ. विजय सरवटे, विजय आनंद मरावी, जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा शिवप्रसाद पुसाम सहित जिला पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में आगामी डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण अभियान की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई निर्णय लिया गया कि अनुसूचित जनजाति मोर्चा के कार्यकर्ता जिले के प्रत्येक बूथ तक पहुंचकर डिजिटल साक्षरता एवं संगठनात्मक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने कहा कि डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है तथा इसके माध्यम से कार्यकर्ता आधुनिक तकनीक से जुड़कर संगठन की गतिविधियों को अधिक प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचा सकेंगे उन्होंने बताया कि जिले के 1051 बूथों पर चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

## जिला मीडिया प्रभारी बने हीरा



**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** भारतीय जागृति मिशन ने सामाजिक कार्यकर्ता हीरा सिंह उइके को जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद उन्होंने मिशन के संस्थापक सुरेश गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम साहू, प्रदेश सचिव महिला संघ सोमवती धुर्वे सहित संगठन के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। हीरा सिंह उइके ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भारतीय जागृति मिशन के उद्देश्यों और गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ-साथ शोषित, पीड़ित एवं वंचित वर्ग की आवाज बनकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा तथा मिशन के नर सेवा ही नारायण सेवा के मूल उद्देश्य को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है।

### नगर पालिका ने ध्वस्त किया भवन

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए नगर पालिका परिषद, मंडला द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान कराए गए सर्वेक्षण के आधार पर नगर क्षेत्र में 49 जर्जर एवं जोखिमपूर्ण भवनों की पहचान की गई है इन भवनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के निर्देशानुसार चिन्हित भवनों के स्वामियों को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 6 स्थित आदित्य साहू के जर्जर भवन को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के साथ नगर पालिका की टीम द्वारा हटाने की कार्यवाही की गई।

## दुग्ध अभियान का तृतीय चरण प्रारंभ

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा जिले में शासन की महत्वाकांक्षी दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तृतीय चरण का शुभारंभ 13 जुलाई से किया गया है। कलेक्टर की अध्यक्षता में संचालित इस अभियान का उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन संतुलित पशु पोषण पशु स्वास्थ्य प्रबंधन एवं नस्ल सुधार संबंधी जानकारी प्रदान कर दुग्ध उत्पादन और गुणवत्ता में वृद्धि करना है। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. यूएस तिवारी ने बताया कि अभियान के अंतर्गत जिले के 218 सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों गो-मैत्री एवं गौसेवकों द्वारा ऐसे पशुपालकों से संपर्क किया जाएगा जिनके पास 3 से 4 गाय अथवा भैंस हैं। अभियान के दौरान पशुपालन को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया जाएगा। जिले के 958 गांवों में पहुंचकर लक्षित पशुपालकों को अभियान से जोड़ा जाएगा यह विशेष संपर्क अभियान 13 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक संचालित होगा अभियान के दौरान एकत्रित सभी जानकारियां मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज की जाएंगी। साथ ही पशुपालकों को गोरस ऐप की जानकारी देकर उनके मोबाइल में ऐप इंस्टॉल कराया जाएगा तथा उसके उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

अभियान के प्रथम दिवस उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. यू.एस. तिवारी एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ. सुमित कुमार पटेल ने संचालित पशु चिकित्सा इकाई के माध्यम से पशुपालकों से संवाद कर उन्हें वैज्ञानिक पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपायों की जानकारी प्रदान की।

## ई-टोकन प्रणाली से करें बुकिंग

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने जिले के किसानों से खरीफ फसलों में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करने तथा आवश्यकता अनुसार ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से अग्रिम बुकिंग कराने की अपील की है। विभाग के अनुसार जिले में खरीफ सीजन के दौरान लगभग 2.40 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान मक्का अरहर मूंग एवं उड़द जैसी प्रमुख फसलों की बुवाई की जा चुकी है उपसंचालक कृषि अश्विनी झारिया ने बताया कि किसानों को प्रति हेक्टेयर लगभग 5 बैग यूरिया, 2 बैग डीएपी अथवा एनपीके तथा 1 बैग एमओपी उपलब्ध कराया जा रहा है। यदि किसी किसान को आगामी सीजन के लिए अतिरिक्त उर्वरक की आवश्यकता हो तो वह ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से अग्रिम बुकिंग कर सकता है विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले के सभी कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी ई-टोकन बुकिंग के लिए शासन द्वारा निर्धारित 15 रुपये प्रति ई-टोकन का ही शुल्क ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लेना शासन के नियमों के विरुद्ध है।

## एथलेटिक्स में हुआ खिलाड़ियों का चयन



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** 62वीं मध्यप्रदेश इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 के लिए जिले की एथलेटिक्स टीम का चयन महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय चयन ट्रायल के माध्यम से किया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में आयोजित चयन प्रक्रिया में जिले के विभिन्न विकासखंडों से लगभग 250 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

चयन ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया चयन प्रक्रिया एथलेटिक्स के तकनीकी मानकों के अनुरूप निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई गई। चयनित खिलाड़ी 21 से 23 अगस्त 2026 तक जबलपुर में आयोजित होने वाली 62वीं मध्यप्रदेश इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे जिला एथलेटिक्स संघ के कार्यकारी सचिव देवेन्द्र सरोते ने बताया कि चयनित खिलाड़ी अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20 और अंडर-23 आयु वर्गों में जिले की ओर से हिस्सा लेंगे प्रमुख चयनित खिलाड़ियों में ट्राय थलॉन में अमृता और अंश, 100 मीटर में ब्रजेश एवं समीक्ष सोनकेशरी, 200 मीटर में अनुराग सरोते, 400 मीटर में इशांत, 800 मीटर में ओम चंद्रोल एवं शिवी, 1000 मीटर में अनुराज धुर्वे, 5000 मीटर में लक्की जंघेला, जैवलिन थ्रो में नील नेताम, हाई जंप में हनी ठाकुर तथा शॉटपुट में हिमांशु नंदा शामिल हैं। इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव डॉ. रमेश शुक्ला, अध्यक्ष वेद प्रकाश कुलस्ते, उपाध्यक्ष संतलाल नेताम, डॉ. दिलीप शर्मा, डॉ. गुलबहार खान, संदीप कछवाहा, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोंगरे, अमित राठौर, रोहित मरावी, कमलेश भांवरे, मोहित बरमैया, लोकश्याम मरावी, जय मार्को सहित अन्य पदाधिकारी एवं खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** जिले में अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पिंडरई चौकी पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। कार्यवाही पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी नैनपुर मंशाराम वगेन के नेतृत्व में की गई पुलिस को प्राप्त शिकायत के आधार पर चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार हिरकने के नेतृत्व में टीम ने दबिश देकर जयप्रकाश उर्फ राजा चक्रवर्ती पिता विजय कुमार चक्रवर्ती निवासी वार्ड क्रमांक 11 गुजरी मोहल्ला पिंडरई को अवैध शराब का परिवहन एवं विक्रय करते हुए गिरफ्तार किया पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 30 पाव देशी अंग्रेजी प्लेन शराब तथा प्लेजर स्कूटी क्रमांक एमपी51/एचएस/6118 जब्त की जब्त शराब की अनुमानित कीमत 3,600 तथा स्कूटी की अनुमानित कीमत 50000 बताई गई है इस प्रकार कुल 53,600 का मशरूका जब्त किया गया पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्यवाही शुरू कर दी है। कार्यवाही में उप निरीक्षक राजकुमार हिरकने, सहायक उप निरीक्षक सेवकराम टेभरे एवं आरक्षक सचिन रंगारे की सराहनीय भूमिका रही।

## संगठन विस्तार पर ली बैठक

मण्डला (स्वतंत्रमत)।



अपना दल सोनेलाल के राष्ट्रीय पदाधिकारी मंडला जिले के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों से मुलाकात की तथा स्थित कुर्मी भवन में आयोजित बैठक में भाग लिया। बैठक में अपना दल सोनेलाल की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में संगठन को मजबूत बनाने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा जनहित के मुद्दों पर सक्रियता से कार्य करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर अपना दल सोनेलाल के राष्ट्रीय महासचिव एवं मध्यप्रदेश प्रभारी आरबी सिंह पटेल तथा प्रदेश अध्यक्ष मान सिंह बिसेन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने पिछड़ा वर्ग ओबीसी आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने यह भी कहा कि चौरासिया समाज के पान व्यवसाय को कृषि से जोड़ने के प्रयासों से इस वर्ग को लाभ मिला है।

पार्टी सामाजिक न्याय, पिछड़े, वंचित, शोषित एवं दबे-कुचले लोगों के अधिकारों और उनके उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता, समाज के वरिष्ठजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## स्कूटी की डिक्की में रखी अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, पिंडरई पुलिस की कार्रवाई



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पिंडरई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को स्कूटी की डिक्की में रखी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी राजा चक्रवर्ती के कब्जे से अवैध शराब जब्त कर उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान संदेह के आधार पर एक स्कूटी की तलाशी ली गई। जांच के दौरान स्कूटी की डिक्की से अवैध शराब बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी राजा चक्रवर्ती को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। चौकी प्रभारी राजकुमार हिरकने ने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्यवाही में सेवक राम टेमरे सहायक उप निरीक्षक आरक्षक सचिन रंगारे की अहम भूमिका रही।

## गिट्टी भरा डंपर से टकराई दोपहिया, पिता-पुत्री घायल

### प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर



**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नैनपुर की सीमा से लगे ग्राम खैररंजी में सड़क पर खड़े एक खराब गिट्टी डंपर से टकराकर दोपहिया वाहन सवार पिता-पुत्री घायल हो गए। घटना देर शाम की बताई जा रही है, जब अंधेरा होने के कारण सड़क पर खड़े डंपर का स्पष्ट आभास नहीं हो सका।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नैनपुर के वार्ड क्रमांक 10 शांति नगर निवासी गौरी साहू (45 वर्ष), उनकी पत्नी संतोषी साहू (32 वर्ष) एवं पुत्री रेखा साहू (17 वर्ष) दोपहिया वाहन से जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम खैराजी में बिना संकेतक खड़े एक खराब गिट्टी डंपर से उनकी गाड़ी सीधे जा टकराई। टक्कर इतनी अचानक हुई कि वाहन सवार सड़क पर गिर पड़े और पिता-पुत्री को गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल नैनपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गौरी साहू और रेखा साहू की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जबलपुर रेफर कर दिया गया है। उक्त सड़क पर बिना संकेतक खड़े वाहन के कारण घटित हुई।

इस घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना किसी संकेतक या चेतावनी के सड़क पर खड़े खराब वाहन, साथ ही सड़क पर मौजूद गड्ढे, दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे लापरवाह वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की जाए और सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

संपादकीय

# ई-20 पेट्रोल पर बवाल

पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण को लेकर देशभर में बहस तेज हो गई है। एक ओर जहां सरकार इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता, विदेशी मुद्रा की बचत और प्रदूषण में कमी की दिशा में उठाया कदम बता रही है, वहीं दूसरी ओर पुराने वाहनों के मालिक माइलेज में गिरावट और इंजन से जुड़ी समस्याओं की शिकायत कर रहे हैं। नीति आयोग, ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया और वाहन निर्माताओं के ओनर मैनुअल में मौजूद अलग-अलग दावों ने आम उपभोक्ता की उलझन और बढ़ा दी है।

नीति आयोग की रिपोर्ट, भारत में एथेनॉल सम्मिश्रण 2020-25, के अनुसार ई20 ईंधन के उपयोग से देश को हर वर्ष करीब 30 हजार करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हो सकती है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दोपहिया वाहनों से निकलने वाला कार्बन मोनोऑक्साइड उत्सर्जन 30 से 50 प्रतिशत तक कम हो सकता है। हालांकि आयोग ने यह भी स्वीकार किया है कि ई20 के उपयोग से वाहनों के माइलेज में लगभग तीन से सात प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। एआरएआई की तकनीकी रिपोर्टों के अनुसार, जिन वाहनों को 10 प्रतिशत से अधिक एथेनॉल मिश्रित ईंधन के लिए डिजाइन नहीं किया गया है, उनमें रबर पाइप, गैसकेट, सील और फ्यूल सिस्टम के अन्य हिस्सों के समय से पहले खराब होने की संभावना रहती है। विशेषज्ञों का कहना है कि एथेनॉल नमी को आकर्षित करता है, जिससे पुराने इंजनों में जंग और फ्यूल सिस्टम से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। मारुति, टोयोटा और हीरो जैसी कंपनियों के पुराने ओनर मैनुअल में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि ई10 से अधिक एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल का उपयोग इंजन के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है और कुछ परिस्थितियों में वारंटी पर भी असर पड़ सकता है। दूसरी ओर कंपनियां सार्वजनिक रूप से ई20 ईंधन को सुरक्षित बता रही हैं। इसी विरोधाभास को लेकर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 29 ऑटोमोबाइल कंपनियों से जवाब भी मांगा है।

उधर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विशेषज्ञों का दावा है कि पांच से छह वर्ष पुराने वाहनों के इंजन पर एथेनॉल विपरीत असर डाल रहा है, लेकिन नए इंजन वाली गाड़ियां पूरी ऊर्जा के साथ रफ्तार भर रही हैं और उन पर किसी तरह का खास असर नहीं है। हीवेट पॉलिटेक्निक में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रभारी एमपी सिंह के अनुसार, पुराने इंजनों में सामान्य पेट्रोल की जगह एथेनॉल मिश्रित ईंधन का इस्तेमाल इंजन के कई हिस्सों को नुकसान पहुंचा रहा है। पुराने इंजन, खासकर बीएस-4, 100 प्रतिशत पेट्रोलियम आधारित ईंधन के लिए डिजाइन किए गए हैं। इससे इंजन के कई पार्ट्स प्रभावित हो रहे हैं। रिसर्चर प्रोफेसर डॉ. शुभम शर्मा का कहना है कि ई20 एथेनॉल नीति भारत की ऊर्जा सुरक्षा, डीकार्बोनाइजेशन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। हालांकि वैज्ञानिक दृष्टि से जो इंजन ई20 ईंधन के अनुकूल नहीं हैं, उनमें नमी के कारण जंग, रबर और सीलिंग पार्ट्स की खराबी, इंजेक्टर और फ्यूल पंप पर असर तथा कम ऊर्जा घनत्व के कारण माइलेज में कमी जैसी समस्याएं आ सकती हैं। उन्होंने बताया कि सर्दियों में ई20 ईंधन के कारण स्टार्टिंग और क्रैंकिंग में भी अधिक समय लग सकता है। उनका मानना है कि बेहतर इंजन डिजाइन, एथेनॉल-फ्रेंडली सामग्री और उन्नत फ्यूल सिस्टम इन चुनौतियों का समाधान हैं। विशेषज्ञों के अनुसार बीएस4 और उससे पहले के कई वाहन ई20 ईंधन के लिए पूरी तरह अनुकूल नहीं हैं, जिससे उनके कुछ कंपोनेंट्स पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वहीं 2023 के बाद आने वाले अधिकांश बीएस6 वाहनों में एथेनॉल-फ्रेंडली रबर, एल्युमिनियम और अन्य पार्ट्स का इस्तेमाल किया गया है। ऐसे वाहन ई20 ईंधन के साथ बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार किए गए हैं।

# 'पीओके' की आजादी की आवाज लंदन पहुंची


डॉ. सुधीर सक्सेना
लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

पाक अधिकृत जम्मू-काश्मीर अशांत है और वहां जनाक्रोश दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। पिछला पूरा पखवाड़ा पीओजेके, गिलगित और बाल्टिस्तान में हड़ताल, रास्ता रोको और प्रदर्शनों में बीता है। सरकार के खिलाफ प्रदर्शन की खास बात यह रही कि बाजारों में दुकानों के शटर गिरे रहे। कल तक जो आंदोलन मंहगाई, सब्सिडी और सुविधाओं को लेकर हुआ करता था, अब पाकिस्तान के कब्जे, प्रशासनिक नियंत्रण और सैन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ आवाज में तब्दील हो गया है। आंदोलन के दमन के लिये पाकिस्तान की हुकूमत ने गिरफ्तारी, छापों और गोलियों की बौछार का सहारा लिया है। बिगड़ते हालात पर काबू के लिये उसने इलाके में करीब चौदह हजार पुलिसकर्मी तैनात किये हैं और आंदोलनकारी नेताओं की सुरागकशी के लिये एक करोड़ रूपयों के ईनाम का ऐलान किया है। इस्लामाबाद के लिये डर और फिक्र का सबब यह है कि मीरपुर, रावलकोट और मुजफ्फराबाद की सभाओं में अब वी वान्ट फ्रीडम और गो बैक पाकिस्तान के नारे लगने लगे हैं।




इसमें शक नहीं कि सिंतबर, सन 2023 में ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी के गठन के बाद समूचे इलाके में न सिर्फ आंदोलन में विस्तार और तेजी आई है, वरन अब उसकी नली पाकिस्तान के हुक्मरान की ओर मुड़ गई है। अब तक आंदोलन की कमान शौकत नवाज मीर, सरदार उमर नजीर, ख्वाजा मेहरान अर्शद, हफीज हमदानी और इम्तियाज असलम जैसे नेताओं के हाथों में रही है, लेकिन इधर सरदार अमन खान सर्वप्रमुख और मुखर नेता के तौर पर उभरे हैं। अमन खान तुर्श जुबां नेता हैं। हाल में रावलकोट की सभा में उन्होंने ज़ालिम निजाम को शिकस्त देने की अवाम से अपील की। अमन मानते हैं कि इलाके में पाक-फौज की मौजूदगी जरूरी नहीं है। भारत के साथ व्यापारिक रिश्ता खोलने के साथ-साथ वह यह भी कहते हैं कि भारत के साथ रिश्ता कैसा हो, यह इस्लामाबाद नहीं, वरन हम तय करेंगे।

स्पष्ट है कि पाक अधिकृत क्षेत्र में अवाम की सोच में वक्त के साथ परिवर्तन आ रहा है। जनता की मांगें अब बिजली कटौती, मंहगाई कम करने या सस्ता गेंहू मुहैया करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वे अब अपनी तकदीर की इबारतें खुद लिखने को बेताब हैं। वे मानते हैं कि पाकिस्तान ने इलाके को बेतरह लूटा है। उसे काश्मीरियों से नहीं, वरन इलाके की जमीनों-जायदाद से सरोकार है। सभाओं और जुलूसों में दिलचस्प तौर पर इंकलाब जिंदाबाद के नारे तो लगते ही हैं, %दहशतगर्दी के पीछे वर्दी% जैसी तीखी सेना विरोधी बातें और तोहमतें भी सुनी जाती हैं। सामूहिक सोच में आये इस काबिले गौर परिवर्तन के पीछे संचार साधनों का बड़ा हाथ है। इंटरनेट की आमद ने इलाके के लोगों तक जम्मू-काश्मीर के मेनलैण्ड की तस्वीर पहुंचाने का काम किया है। जम्मू काश्मीर में रेल सेवा, टनलिंग, हवाई अड्डों, अस्पतालों, सड़कों और अन्य सुविधाओं के आगमन ने अधिकृत क्षेत्र के लोगों को अपनी दशा और दिशा के बारे में नये सिरे से सोचने को बाध्य किया है।

यह व्यापक प्रतिरोध का ही नतीजा है कि हालात पर काबू पाने में प्रशासन के हाथ-पाँव फूल रहे हैं। पिछले दिनों बिंबर से मुजफ्फराबाद तक के कूच से प्रशासन की पेशानी पर पसीना चुह चुहा आया। असंतोष चौतरफा और इतना घना था कि दमन और हिंसा के नजारे देखने को मिले। कम-अज-कम दो दर्जन नागरिक, ठौर मारे गये और लगभग 500 आहत हुये। बदले में भड़की हिंसा में चार पुलिसकर्मी मरे और अनेक घायल। सूचनाओं के मुताबिक हालात दिनोंदिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। उधर बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनवा में भी असंतोष ऊफान पर है। अधिकृत क्षेत्र में स्वायत्तता और अधिकारों की मांग का असर सीमांत क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। लेकिन आंदोलनकारियों से वार्ता के मूड में इस्लामाबाद नजर नहीं आता। उसने दमन का हथियार चुना है और ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी को आतंकवादी संगठन घोषित कर अपने इरादों का संकेत दे दिया है। इधर पीओके में आवाम की आजादी की आवाज सात समुंदर पार विलायत तक पहुंच गयी है। पार्लमेंट स्वे यर से पाक-उच्चायोग तक निकले इस कूच को संबोधित करते हुये महमूद कश्मीरी ने कहा कि हम पाकिस्तान के सामने घुटने नहीं टकेंगे। प्रदर्शनकारियों ने आजादी के समर्थन में नारे लगाए और जाइंट अवामी एक्शन कमेटी के प्रमुख शौकत नवाज मीर और अन्य नेताओं की गिरफ्तारी की निंदा की। देखना होगा कि अवाम की सोच में बदलाव बगावत की शक्ल अख्तियार करेगा या नहीं?

# संतुलन ही मनुष्य को परिपक्व बनाता है, भीतर का मौन सुनिए



मनुष्य अपने भीतर दो संसार लेकर चलता है। एक संसार वह जो दिखाई देता है और जिसे लोग उसके नाम, काम, परिवार, सफलताओं और असफलताओं के रूप में जानते-पहचानते हैं। दूसरा संसार अदृश्य है। वहां कोई दर्शक नहीं होता। वहां केवल मनुष्य और उसका मौन होता है। वहीं उसके वे प्रश्न भी रहते हैं, जिन्हें उसने कभी किसी से जाहिर नहीं किया, वे सपने जिन्हें उसने परिस्थितियों के कारण दबा दिया, वे भय जिन्हें वह मुस्कान के पीछे छिपा लेता है और वह सूक्ष्म पुकार जो उसे बार-बार याद दिलाती है कि उसका जीवन केवल बाहरी उपलब्धियों का हिसाब नहीं है। लोग अक्सर पहले संसार को संवारने में इतने मशगूल हो जाते हैं कि दूसरा संसार धीरे-धीरे अंधेरे में डूबता जाता है। वे घर बनाते हैं, पर अपने भीतर लौटने का कोई घर नहीं बनाते। वे सम्मान कमाते हैं, पर आत्म-सम्मान खो देते हैं। वे सबकी अपेक्षाएं पूरी करते हैं, पर अपनी आत्मा की सबसे छोटी इच्छा भी सुन नहीं पाते। एक दिन वे पीछे मुड़कर देखते हैं और पाते हैं कि उन्होंने जीवन तो बहुत जिया, पर खुद को बहुत कम जाना।

अक्सर लोग मुझसे पूछते हैं कि शांति क्या पहाड़ों, जंगलों में मिलती है, या फिर किसी आश्रम में। मैं कहता हूं यदि तुम्हारे भीतर अशांति है, तो तुम उसे हर जगह साथ ले जाओगे। और यदि तुम्हारे भीतर शांति है, तो बाजार का शोर भी उसे नष्ट नहीं कर सकेगा। स्थान बदलने से पहले चेतना बदलनी पड़ती है। जीवन ने मुझे सिखाया है कि मनुष्य अपने भीतर के अंधकार से डरता है। इसलिए वह लगातार बाहर के शोर में उलझा रहता है। मौन उसे भयभीत करता है, क्योंकि मौन में वह स्वयं से मिलता है। लेकिन उसी मौन में वह दरवाजा भी है, जिसके पार आजादी है। जो अपने भीतर के भय को देखने का साहस करता है, वही अंततः उससे मुक्त होता है। इसलिए अपने भीतर की आवाज और बाहर की जिम्मेदारियों के बीच कभी भी युद्ध नहीं होने देना चाहिए। यदि आत्मा हमें करुणा सिखाती है, तो वह व्यवहार में दिखनी भी चाहिए। यदि हमें सत्य प्रिय है, तो वह केवल विचारों में नहीं, फैसलों में भी झलकना चाहिए। यदि भीतर प्रेम है, तो वह केवल भावना बन कर ही न रह जाए, वह संबंधों में भी सांस ले। मनुष्य उस वक्त विभाजित हो जाता है, जब उसका भीतर कुछ और चाहता है और वह बाहर कुछ और जीता है। यह विभाजन धीरे-धीरे थकान, निराशा और निरर्थकता के भाव को जन्म देता है। इसके विपरीत, जब भीतर का सत्य बाहर के जीवन में उतरने लगता है, तब साधारण काम भी अर्थपूर्ण लगने लगते हैं। यहां पूर्णता का अर्थ यह नहीं कि भीतर कोई संघर्ष न रहे। पूर्णता का अर्थ यह है कि हम अपने संघर्षों के साथ भी एक हो जाएं। अपने भीतर के मौन को सुनें, लेकिन संसार की पुकार से भी मुंह न मोड़ें। अपने स्वप्नों को बचाए रखें, लेकिन उन लोगों का हाथ भी थामे रखें, जो हमारे साथ चल रहे हैं। यही संतुलन मनुष्य को परिपक्व बनाता है।

# युद्ध विराम के बाद युद्ध


आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों पर हमले के बाद अमेरिका ने ईरान पर ताबड़तोड़ हमले शुरू कर दिए हैं तो दूसरी तरफ ईरान ने भी खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम खत्म हो चुका है। यद्यपि ट्रम्प बार-बार यह बयान दे रहे हैं कि युद्ध विराम खत्म हो चुका है, ?फिर भी ईरान से बातचीत जारी रखेंगे। ईरान की आईआरजीसी ने होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है और ईरान का कहना है कि उसे अब एकतरफा समझौता स्वीकार नहीं है। कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, जार्डन में ईरान के ताजा हमलों ने खाड़ी देशों में एक बार फिर खौफ पैदा कर दिया है।

ईरान ने दावा किया है कि उसने जार्डन के एयरबेस को तबाह करके रख दिया है। बहरीन और कुवैत में बिजली सप्लाई केन्द्रों पर ईरानी हमलों से वहां के शहर अंधकार में डूब चुके हैं। अमेरिका लगातार ईरान के बंदर अब्बास केश्म द्वीप, चाबहार बंदरगाह और ईरान के मिसाइल व ड्रोन रखने वाली जगहों पर बम बरसा रहा है। कुल मिलाकर युद्ध का एक नया चरण शुरू हो चुका है और यह चरण दोनों पक्षों के अहंकार और विनाश का युद्ध है। ईरान में खामेनेई के पार्थिव शरीर को ईमाम रजा दरगाह में सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है। अली खामेनेई को अंतिम विदाई देने के लिए एक करोड़ से अधिक लोग सड़कों पर आए।

अमेरिका और इजराइल को लगा था कि ईरान के लोग खामेनेई शासन से नफरत करते हैं और वे पूरी तरह से बगावत पर उतर आएंगे लेकिन अमेरिकी हमलों ने सत्ता के विरुद्ध आक्रोश को खत्म कर उसे सत्ता समर्थक क्रांति में बदल दिया। ईरान की जनता में ट्रम्प और नेतन्याहू के खिलाफ आक्रोश इतना बढ़ चुका है कि वे ट्रम्प की हत्या का संकल्प ले रहे हैं। इसके साथ ही नए संघर्ष की जमीन तैयार हो चुकी है। होर्मुज का रास्ता व्यापार के साथ-साथ वैश्विक स्थिरता और शांति के लिए भी महत्वपूर्ण है। होर्मुज स्ट्रेट बंद हुआ तो सप्लाई चेन अवरुद्ध हो जाएगी, जो कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए नुक्सानदेह साबित होगी। ईरान चाहता है कि होर्मुज स्ट्रेट पर उसका नियंत्रण बना रहे। अमेरिका और ईरान में हुए समझौते में तीन प्रमुख अड़चनें थीं।

लेबनान से इजराइली फौजों की वापसी, ईरान की जब्त की गई सम्पत्तियों को लौटाना और होर्मुज स्ट्रेट की स्थि ति। ईरान ने समझौते के बाद होर्मुज तट के किनारे एक सुरक्षित मार्ग खोल दिया था। जबकि अमेरिका ओमान तट के किनारे एक वैकल्पिक मार्ग को खोलने के पक्ष में था। ईरान को डर है कि अमेरिका वैकल्पिक मार्ग को बढ़ावा देकर युद्ध के दौरान जलडमरूमध्य पर स्थापित उसके प्रभाव को छीनने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका नहीं चाहता कि ईरान एक इंडियानापोलिस जलमार्ग का एकमात्र संरक्षक बन उभरे। इन परस्पर विरोधी विचारधाराओं के कारण टकराव होते हैं जिससे समझौता ज्ञापन और कमजोर हो जाता है। इंडियानापोलिस हार को भांपते हुए ट्रम्प तेहरान पर आर्थिक और सैन्य दबाव, जलडमरूमध्य पर अपना रुख बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

वे अपना हवाई अभियान जारी रख सकते हैं, लेकिन वर्षों से जारी उनके अधिकतम दबाव और 40 दिनों की बमबारी से ईरान की वार्ता की स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया है। अगर वे होर्मुज को लेकर युद्ध की ओर लौटते हैं तो ईरान का परमाणु कार्यक्रम पर रुख (जो अभी तक अनसुलझा है) और भी कठोर हो जाएगा। अब ईरान परमाणु बम बनाने की तैयारी कर रहा है। रक्षा विशेषज्ञों को आशंका है कि वह परमाणु अप्रसार संधि से भी बाहर आ सकता है। हालात ईरान को परमाणु बम बनाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। उत्तर कोरिया भी 1985 में एनपीटी का सदस्य था। फिर भी उसने परमाणु परीक्षण किए और परमाणु बम भी बना लिए। उसने 2003 में एनटीपी को छोड़ दिया। अब वह लगातार घातक मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है।

अमेरिका और यूरोपीय देश आज तक उत्तर कोरिया का कुछ बिगाड़ नहीं पाए। अमेरिका ईरान के प्रमुख परमाणु केन्द्रों को तबाह करने पर अमादा है ले किन अभी तक उसे कोई सफलता नहीं मिली है। संयुक्त राष्ट्र और आईएईए ईरान को परमाणु बम बनाने से नहीं रोक सकते।

अगर युद्ध फिर से शुरू होता है तो यह पूरे पश्चिम एशिया क्षेत्र और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बुरी खबर होगी। श्री ट्रम्प एक इंडियानापोलिस गतिरोध पर हैं और स्थिति को और कठोरता के बजाय उन्हें अपने समाधान के रोडमैप (समझौता ज्ञापन) पर ही टिके रहना चाहिए। शांति प्रक्रिया में एक बड़ी बाधा विश्वास का पूर्ण अभाव है।

श्री ट्रम्प द्वारा ईरान के नेतृत्व के खिलाफ सार्वजनिक रूप से की गई जमीनी बयानबाजी और धमकियां, जो जमीनी हकीकत से परे हैं, उनके पक्ष में कोई योगदान नहीं दे रही हैं। इसी प्रकार यदि ईरान वाणिज्यिक जहाजों पर हमले जारी रखता है तो उसे पीड़ित के बजाय हमलावर के रूप में देखा जा सकता है। दोनों पक्षों को विश्वास की कमी को दूर करना चाहिए, समझौता ज्ञापन में आवंटन मुद्दों का समाधान करना चाहिए और अंतिम समझौते के लिए आवंटन मुद्दों पर गंभीर बातचीत शुरू करनी चाहिए।

# चातकों की मानसून

संतोष उत्सुक

बरसात का मौसम स्वार्थी इंसान को प्रबंधन सीखने को बार बार प्रेरित करता है लेकिन खुद को विकास के सीमेंट में नाक तक दबा चुके इंसान को पता नहीं चल रहा कि अब क्या करे। हर बरस शासन और प्रशासन के प्रबंध ध्वस्त होते रहे हैं। कई साल पहले से देश के मौसम विज्ञानी मानसून की उलझी गुत्थी सुलझाने के लिए पक्षियों को पटाने की कोशिश करते रहे हैं। निश्चित रूप से यह वैसा ही है खुद अपना स्वास्थ्य बिगाड़कर पारम्परिक इलाज की शरण में जाएं। भुलाए जा चुके चातक पक्षियों को फुसलाकर उनके शरीर पर अत्याधुनिक ट्रांसमीटर चिपका कर कोशिश कर रहे हैं ताकि चालाक इंसान को उनके प्रवास का पता चलता रहे।


व्यंग्य

खुद बिगाड़े वर्षा और जल प्रबंधन को बिसराकर नैनो तकनीक और दूर संवेदी उपग्रहों की मदद से मानसून के पारम्परिक अग्रदूत चातकों को ट्रैक किया जा रहा है। पक्षियों को परेशानी हो तो हो, वो तो धरती पर आए ही मानव सेवा के लिए। चतुर व स्वार्थी इंसान द्वारा कुदरत को असीमित नुक्सान पहुंचाने के बावजूद भी चातक ने अपना आचरण व व्यवहार नहीं बदला। उनका मूल चरित्र ही ऐसा नहीं है। वे हर बरस दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में मानसून के साथ वे उत्तरी भारत में दस्तक देते हैं और मानसून खत्म होते होते वापिस हो लेते हैं। क्या राजनीतिक वैज्ञानिक, आर्थिक, सामाजिक चिंतक व मानसून वैज्ञानिक इस बात को समझते हैं या समझना नहीं चाहते कि कुदरती जलवायु संतुलन क्या है और इसे कैसे बरकरार रखा जा सकता है, जलवायु परिवर्तन में विकास और वृक्षों की क्या भूमिका है।

वक़्त ने करवट ली है इस बार तो मानसून ने भी पुरानी रिवायतें तोड़ दी हैं। प्रकृति के बच्चे चातक पक्षी समझा सकते हैं कि मानसून के साथ प्रकृति का क्या पारम्परिक व सांस्कृतिक सम्बन्ध है। इस साल आशंकित बाढ़ का पानी, वफ़ादारी की मानसून को फिर ढूंढेगा। बरसों पहले एक सरकारी बजट में वफादारी के लिए जाने जाने वाले कुत्तों को खिलाए जाने वाले बिस्कुट सस्ते किए गए थे, लगता है फिर से वैसा करने की ज़रूरत है। उन बिस्कुटों को ज्यादा आकर्षक, स्वादिष्ट, सुरक्षित घोषित कर बिगड़े हुए इंसान को नियमित समय पर खिलाए जाने चाहिए ताकि कुदरत के प्रति वफादारी की संभावनाएं इंसानी शरीर में पुन पनप सके। होशियार आदमी पानी का उचित प्रबंधन करना ही नहीं चाहता। उसके सामने बाढ़ होती है और वह स्वार्थों की आड़ में छिपा रहता है। चातक इंसान को मानसून प्रबंधन में सहयोग करेगा तो निश्चित ही अगली इंसानी परियोजना यह होगी कि ऐसा कौन सा पक्षी है जो स्पष्ट उपाय बता सके कि बाढ़ को आने से कैसे रोका जा सकता है क्यूंकि इंसान द्वारा किए जा रहे सभी उपाय हमेशा बाढ़ में बहते रहे हैं। लगता है तकनीक और विज्ञान ज्यादा हो रहा है तभी पक्षियों से सीखने के दिन आ गए हैं।

# कोई हमदम ना रहा, कोई सहारा ना रहा, हम किसी के ना रहे...




60 के दशक में एक फिल्म आई थी झुमरू जिसका निर्माण और संगीत खुद किशोर कुमार ने दिया था इस फिल्म का मजरूह सुल्तानपुरी का लिखा बहुत ही मशहूर दुखद गीत था कोई हमदम ना रहा कोई सहारा ना रहा हम किसी के ना रहे कोई हमारा ना रहा ये गीत आज भी लोगों की जुबान पर है और अपने ख्याल से ये गाना पूर्व गृहमंत्री पंडित नरोत्तम मिश्रा जी पर पूरी तरह से सटीक बैठ रहा है। एक बार चुनाव हारे पर हिम्मत नहीं हारी, कोशिश में लगे रहे कि राज्यसभा में मौका मिल जाएगा, या फिर संगठन में बड़ी पोस्ट पर पोस्टिंग हो जाएगी या फिर निगम मंडलों में अध्यक्ष बन जाएंगे, कैबिनेट रैंक का दर्जा भी मिल जाएगा, लेकिन कहते हैं ना जब वक्त खराब आता है तो सारे पांसे उल्टे पड़ जाते हैं, कुछ नहीं हुआ आस निराश भई इस बीच दतिया का उपचुनाव आ गया अब भाई साहब ने तय कर लिया कि एक बार फिर दतिया में अपनी किस्मत आजमाएंगे। पूरे प्रदेश में यही चर्चा थी कि दतिया से भारतीय जनता पार्टी अपने पुराने और दमदार नेता नरोत्तम मिश्रा को ही प्रत्याशी बनाएगी, भाई साहब ने लोगों से मिलना जुलना भी शुरू कर दिया पुरानी जो गलतियां थीं उनके लिए सॉरी भी कहना शुरू कर दिया, फार्म भी ले आए । प्रदेश ने भी एक नाम हाई कमान को भेज दिया और वो नाम था पंडित नरोत्तम मिश्रा का। सारी तैयारी थी चुनाव लड़ने के लिए मिश्रा जी ने कमर कस ली थी अपने चेलों को तैयार कर दिया था कि जैसे ही नाम की घोषणा हो प्रचार में जुट जाना लेकिन उन्हें क्या पता था कि किस्मत एक बार फिर उन्हें दगा दे जाएगी, ऊपर वालों ने सर्वे करवाया और पता लगा कि पंडित जी की स्थिति कमजोर है और कमजोर पर दांव लगाना भारतीय जनता पार्टी को गवारा नहीं है तुरंत ही तीन नाम का पैनल भेजने के निर्देश हुए और रातों-रात पंडित मिश्रा की जगह पंडित तिवारी ने ले ली, बहुत बड़ा झटका था मिश्रा जी के लिए इसलिए उनके समर्थक सड़कों पर आ गए तोड़फोड़ शुरू कर दी टिकट बदलो, टिकट बदलो, के नारे लगने लगे लेकिन ये कोई कांग्रेस तो है नहीं जो किसी ने दम दी और टिकट बदल जाए । हाई कमान ने साफ कर दिया यहां इन सब

नौटंकियों से टिकट नहीं बदली जाती, कल तक गृह मंत्री के रूप में पूरी प्रदेश की पुलिस उनके अधीन होती थी वहीं पुलिस उनके समर्थकों पर लाठी और आंसू गैस के गोले छोड़ रही थी । यही है समय का फेर, कभी कमलनाथ की कांग्रेस सरकार गिराने में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले पंडित मिश्रा जी एक टिकट नहीं पा सके इसलिए बीआर चोपड़ा की फिल्म वक्त का ये गीत हमेशा याद रखना चाहिए आदमी को चाहिए वक्त से डर कर रहें कौन जाने किस घड़ी वक्त का बदले मिजाज और अब तो सचमुच मिश्रा जी के लिए यही दो गाने सबसे सटीक हैं अब ना तो कोई उनका हमदम रहा और ना ही कोई सहारा ना वे किसी के लिए उपयोगी रहे और कोई उनके लिए उपयोगी नहीं रहा।

## छह लाख दो अपना नाम कटाओ

मध्यप्रदेश सरकार ने एक बार फिर 3600 करोड़ का नया कर्ज़ा उठा लिया है। इसे मिलाकर प्रदेश पर कुल कर्ज बढ़कर 5 लाख करोड़ रुपए से ऊपर निकल गया है। सरकारों द्वारा कर्ज लिया जाना एक? स्वीकृत व्यवस्था है जिसके केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक द्वारा स्वीकृत मापदंड हैं। प्रदेश सरकारें इन्हीं मापदंडों के आधार पर कर्ज उठाती रहती हैं। तमिलनाडु और महाराष्ट्र क्रमशः साढ़े नौ लाख करोड़ और आठ लाख करोड़ के क़र्ज़ के साथ सबसे ज्यादा कर्जदार राज्यों में शुमार हैं मगर वे देश के सबसे विकसित राज्यों में भी आते हैं। क़र्ज़ आखिरकार क़र्ज़ है और इसकी ब्याज समेत अदायगी वित्तीय संसाधनों पर दबाव डालती है।

2011 की जनगणना के आधार पर मध्य प्रदेश की कुल आबादी सवा सात करोड़ के लगभग थी। 2021 में कोविड त्रासदी के कारण नहीं हो पाई, जनगणना की प्रक्रिया 2026 में फिर प्रारंभ हुई है। जनगणना विशेषज्ञों द्वारा प्रोजेक्टेड आंकड़ों के अनुसार प्रदेश की वर्तमान जनसंख्या लगभग 9 करोड़ होने का अनुमान है। उस अनुपात में मध्य प्रदेश राज्य में वर्तमान प्रति व्यक्ति क़र्ज़ का आंकड़ा लगभग 6 लाख रुपए बैठता है जबकि इकानामिक सर्वे बताता है कि राज्य की वार्षिक प्रति व्यक्ति आय 1.69 लाख रुपए है।

इस मामले में पुराने कांग्रेसी नेता स्व. नरेंद्र महीधर याद आते हैं जिन्होंने अखबार में पढ़ा था कि प्रदेश के हर व्यक्ति पर उस वक्त के हिसाब से शायद एक सौ बीस रुपए का कर्ज था उन्होंने तुरंत उस राशि का एक चेक बनवाया और सरकार को भेज कर कहा अब मेरा नाम कर्जदारों की लिस्ट से अलग कर दो ।चुनाव के समय करोड़ों की संपत्ति घोषित करने वाले नेता जरूर चाहें तो ऐसी हिम्मत दिखा सकते हैं। अपनी तो धनवानों से भी यही सलाह है कि छह लाख दो और अपना नाम कर्जदारों की लिस्ट से कटवा लो

## ममता से ममता रूठी

पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी चुनाव में हारी है तब से उनके ही तमाम नेताओं की ममता जो बरसों तक ममता जी के साथ थी वही ममता आज ममता के खिलाफ होकर ममता से अलग हो गई । राजनीति भी बड़ी अजब चीज है जो भी राजनीति में आता है, नेता बनता है उसका सिर्फ एक ही उद्देश्य होता है सत्ता की मलाई चखना बरसों तक वे सत्ता की मलाई चाटते रहते हैं लेकिन जैसे ही सत्ता में रहने वाली उनकी पार्टी चुनाव हार जाती है वे तत्काल पाला पलट कर वहां चले जाते हैं जहां उन्हें फिर से उन्हें मलाई मिलने वाली है । अब तो ममता बनर्जी पर दया भी आने लगी है अब तो ममता बनर्जी पर दया भी आने लगी हैजो कभी बेहद खास और विश्वास पात्र रहे वे भी ऐसी पलटी खा रहे हैं जिसका कभी दीदी को अंदाजा भी ना रहा होगा, वैसे दीदी को यह समझना होगा कि राजनीति में यह आम बात है ,हो सकता है भविष्य में जब कभी दीदी फिर सत्ता में आए तो यही सब भगोड़े फिर से दीदी की चरण वंदना में लग जाएंगे लेकिन वह वक्त कब आएगा ये तो वक्त ही बता पाएगा।

## सुपर हिट ऑफ द वीक

तुम्हे मेरी आवाज से बहुत परेशानी हैं तो सुन लो आज के बाद तुम मेरी आवाज नहीं सुनोगे श्रीमती जी ने श्रीमान जी से कहा

क्यों क्या तुम गूंगी होने वाली हो श्रीमान जी ने पूछा

नहीं मैं तुम्हे बहरा बनाने वाली हूँ श्रीमती जी ने उत्तर दिया।

# भारतीय सेना का सुपर प्लानः क्या है थिएटर कमांड, जो बदल देगा भारत के युद्ध लड़ने का तरीका?

नई दिल्ली

भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना को एकजुट करके थिएटर कमांड में बदलने का जो प्लान पिछले दो दशकों से सिर्फ फाइलों, कमेटियों और सेमिनारों तक सीमित था, वह अब हकीकत बनने जा रहा है।

मई के अंत में कमान संभालने वाले नए चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (ष्ठष्ठस्) जनरल एनएस राजा सुब्रमणी इस ऐतिहासिक सैन्य सुधार के अंतिम खाके को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने पेश करने वाले हैं। इतना ही नहीं माना जा रहा है कि जुलाई के अंत में %कारगिल विजय दिवस के बाद यह अहम प्रेजेंटेशन होगी।

इस बात को ऐसे समझिए कि आज के समय में भारत की थल सेना, वायु सेना और नौसेना अलग-अलग काम करती हैं। इनके अपने ट्रेनिंग सेंटर हैं, प्लानिंग अलग होती है और युद्ध या संकट के समय ये आपस में केवल तालमेल बिठाती हैं, एक होकर काम नहीं करतीं। अब इस नए प्लान के तहत पूरी सेना को भौगोलिक और जरूरत के हिसाब से एकीकृत कमांड में बांट दिया जाएगा। यानी, एक तय इलाके में थल सेना, वायु सेना और नौसेना के सैनिक और हथियार एक ही कमांडर के अधीन होंगे। वह अकेला अफसर तय करेगा कि तीनों ताकतों का इस्तेमाल कैसे करना है।



बता दें कि शुरुआती ब्लूप्रिंट के मुताबिक, देश में मुख्य रूप से तीन थिएटर कमांड बनाई जा सकती हैं। उत्तरी कमांड, जिसका मुख्य फोकस चीन सीमा की सुरक्षा पर होगा। दूसरा पश्चिमी कमांड, जिसका जिम्मा पाकिस्तान सीमा को संभालना होगा और तीसरा मैरीटाइम कमांड यह कमांड भारत के समुद्री तटों और हिंद महासागर की सुरक्षा देखेगी। सबसे अहम और खास बात यह है कि हर एक कमांड का नेतृत्व एक फोर-स्टार अधिकारी करेगा, जिसका ओहदा मौजूदा थल सेना, नौसेना या वायु सेना प्रमुखों के बराबर होगा। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि आज के दौर का युद्ध सिर्फ जमीन या पानी पर नहीं लड़ा जाता, इसमें साइबर स्पेस और अंतरिक्ष भी शामिल हैं। ऐसे में अलग-अलग काम करने वाली सेनाएं तेजी से फैसला नहीं ले पातीं।

उदाहरण के तौर पर, पिछले साल पाकिस्तान के साथ हुए चार दिनों के तनाव के दौरान तीनों सेना प्रमुखों को आर्मी के वॉर रूम में एक अस्थायी सेटअप बनाकर तालमेल बिठाना पड़ा था। इस घटना ने साफ कर दिया कि भारत को एक ऐसी व्यवस्था की जरूरत है जहां तीनों सेनाएं पहले से ही एक साथ काम कर रही हों।

गौरतलब है कि आजादी के बाद से यह भारत का सबसे बड़ा सैन्य सुधार है, इसलिए इसे लागू करना आसान नहीं है। सबसे बड़ा विवाद फोर्स जनरेशन और फोर्स एप्लीकेशन को लेकर है।

इसका मतलब है कि सैनिकों को भर्ती करना, उन्हें ट्रेनिंग देना और हथियार खरीदना तो पुराने सेना प्रमुखों के हाथ में रहेगा, लेकिन युद्ध के समय उन सैनिकों को कैसे और कहां इस्तेमाल करना है, यह अधिकार नए थिएटर कमांडर के पास चला जाएगा। इस अधिकार क्षेत्र और बजट के बंटवारे को लेकर ही बातचीत अंतिम दौर में है।

# अब यूक्रेन खुद बनाएगा दुनिया का सबसे अचूक पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम

वॉशिंगटन

चार साल से यादा समय से यूक्रेन और रूस के बीच जारी भीषण संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। दूसरी ओर अब इस संघर्ष में नया मोड़ तब आया, जब बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने यूक्रेन को लेकर एक बड़ा और चौंकाने वाला एलान किया।

नाटो समिट के दौरान उन्होंने घोषणा की है कि अमेरिका, यूक्रेन को अपने सबसे आधुनिक हवाई रक्षा तंत्र पैट्रियट को खुद बनाने का लाइसेंस देने जा रहा है। रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच इसे यूक्रेन के लिए एक गेम-चेंजर कदम माना जा रहा है।

इस बात को ऐसे समझिए कि यूक्रेन पिछले चार साल से रूस के खिलाफ युद्ध लड़ रहा है। यूक्रेन ने ड्रोन हमलों को तो काफी हद तक रोक लिया है, लेकिन रूस की बैलिस्टिक मिसाइलें उसके लिए सबसे बड़ी मुसीबत बनी हुई हैं। ये मिसाइलें बहुत तेज रफ्तार से और सीधे ऊपर से नीचे की तरफ आती हैं, जिससे इन्हें रोकना बेहद मुश्किल होता है।

हाल ही में रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर कई बैलिस्टिक मिसाइल हमले किए, जिनमें एक साथ कई बेकसूर लोग मारे गए। कारण है कि यूक्रेन के पास इन मिसाइलों को



रोकने वाले पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलों की भारी कमी हो गई थी। इसी कमी को दूर करने के लिए यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका से लाइसेंस मांगा था, जिसे अब ट्रंप ने मंजूरी दे दी।

बता दें कि पैट्रियट का पूरा नाम फेड एरे ट्रैकिंग राडार फॉर इंटरसेप्ट ऑन टारगेट है। यह दुनिया के सबसे महंगे और अचूक मिसाइल डिफेंस सिस्टम्स में से एक है। इसका शक्तिशाली राडार 150 किलोमीटर दूर से ही दुश्मन की मिसाइल या लड़ाकू विमान का पता लगा लेता है। इसके बाद इसका कमांड सेंटर दुश्मन की मिसाइल की रफ्तार और रास्ता तय करता है और हवा में ही उसे तबाह करने के लिए अपनी मिसाइल दाग देता है इसके मुख्य रूप से दो वर्जन हैं-PAC-2, जो दुश्मन की मिसाइल के पास जाकर फटता है और नया PAC-3, जो सीधे दुश्मन की मिसाइल से टकराकर उसे नष्ट कर देता है।

गौर करने वाली बात यह है कि अमेरिका की तरफ से यूक्रेन को इस मिसाइल को बनाने के लाइसेंस की मंजूरी के बाद भी यूक्रेन के लिए रास्ता आसान नहीं होने वाला है। विशेषज्ञों का मानना है कि लाइसेंस मिलना एक बड़ी बात है, लेकिन यूक्रेन के लिए इसे तुरंत बनाना नामुमकिन सा है।

कारण है कि पैट्रियट को अमेरिकी कंपनियां रेथियॉन और लॉकहीड मार्टिन बनाती हैं। इसकी तकनीक इतनी जटिल है कि यूक्रेन इसे रातों-रात नहीं समझ सकता। यूक्रेन की धरती पर इस मिसाइल की फैक्ट्री लगाना सुरक्षित नहीं है, क्योंकि रूस इसे तुरंत निशाना बना सकता है। इसलिए माना जा रहा है कि यह फैक्ट्री यूक्रेन के बजाय किसी अन्य यूरोपीय देश में लगाई जाएगी।

इसके अलावा फैक्ट्री बनने और उत्पादन शुरू होने में लंबा समय लगेगा, जबकि यूक्रेन को मिसाइलों की जरूरत आज है। हालांकि, ट्रंप ने भरोसा दिया है कि जब तक यूक्रेन की अपनी क्षमता तैयार नहीं होती, अमेरिका तुरंत कुछ मिसाइलें सप्लाई करेगा।

इसके इतर पैट्रियट सिस्टम की कीमत भी यूक्रेन के लिए चिंता का विषय बन सकता है। अब ये सिस्टम इतना महंगा क्यों है इस बात को ऐसे समझिए कि इसके एक पूरे सिस्टम (बैटरी) की लागत लगभग 8,300 करोड़ रुपये से यादा है। इसकी महज एक PAC-3 मिसाइल की कीमत लगभग 34 करोड़ रुपये है। अमेरिका के पास भी इसकी सीमित संख्या लगभग 60 से 90 बैटरियां है और अमेरिका को अपनी सुरक्षा के लिए भी इनकी जरूरत है। पूरी दुनिया में इसकी मांग इतनी बढ़ गई है कि अमेरिकी फैक्ट्रियां भी उतनी तेजी से इसे नहीं बना पा रही हैं।

# परमाणु बम फोड़ेगा पाकिस्तान, टीवी से होश उड़ा देने वाला ऐलान, अलर्ट पर सुरक्षा एजेंसी

नई दिल्ली

पाकिस्तान ने टीवी पर खुलेआम भारत को परमाणु बम की धमकी दे दी है। पाकिस्तान के टीवी चैनलों पर बैठकर वहां के बड़े-बड़े विश्लेषक और पत्रकार यह दावा कर रहे हैं कि अगर भारत ने पाकिस्तान पर कोई भी कार्रवाई या हमला किया तो वहां की जो सेना प्रमुख है वो बिना अंजाम की परवाह किए न्यूक्लियर बम का बटन दबा देगी। सच्चाई यह है कि पाकिस्तानी सेना का प्रमुख जनरल असीम मुनीर इस वक्त खौफ से पागल हो चुके हैं। उसका मानसिक संतुलन बिगड़ चुका है। खुद पाकिस्तान के सबसे बड़े पत्रकारों का यह दावा सामने आया है। पाकिस्तान के टीवी चैनल पर पहले चल क्या रहा है। पाकिस्तान के सबसे सीनियर जर्नलिस्ट नजम सेठी ने एक डिबेट शो में साफ-साफ यह कह दिया कि संकट की इस घड़ी में असीम मुनीर एक अस्थिर दिमाग के आदमी साबित हो सकते हैं। नजम सेठी का यह दावा है कि अगर भारत के अंदर कोई और आतंकवादी घटना होती है और भारत ने पलटवार करते हुए पाकिस्तान पर हमला किया तो मुनीर पागलपन में परमाणु बम का बटन दबा सकते हैं। सिर्फ नजम



सेठी ही नहीं वहां के विश्लेषक मोई पीरजादा ने तो पूर्व आर्मी चीफ कमर जावेद बाजवा के हवाले से दावा यह कर दिया कि मुनीर मानसिक रूप से बीमार है। यानी जिस देश की जनता दाने-दाने को तरस रही है उस वक्त उसकी फौज का कमांडर डर के मारे कभी भी सुसाइडल स्टेप उठा सकता है। टीवी पर परमाणु बम की धमकी असल में उनके डर का सबसे बड़ा सबूत है। लेकिन पाकिस्तान यह भूल गया है कि भारत अब उसकी इस गीदड़ भपकी से डरता नहीं है। चुप नहीं रहने वाला। पीएम मोदी ने लाल किले की प्राचर से साफ कर दिया था कि अब न्यूक्लियर ब्लैकमेलिंग का दौर हवा हो चुका है। अब वो ब्लैकमेल नहीं सहा जाएगा। भारत अब घर में घुसकर मारता है और समय, स्थान और तरीका भारतीय सेना तय करती है। पूरी दुनिया गवाह है कि जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया था तब मुनीर की सेना किस तरह घुटनों पर आ गई थी। हमारे जांबाजों ने सरहद पार आतंकियों के आकाओं का वो हश्र किया था जिसे यह आज तक भूल नहीं पाए हैं। इनके सैन्य ठिकाने इनके लॉन्च पैड ऐसे जमींदोज हुए कि आज तक वहां दोबारा ईंट खड़ी करने की हिम्मत तक नहीं इनकी हो पाई। इनका नूर खान बेस थर-थर कांप रहा था। लेकिन लातों के भूख बातों से कहां मानते हैं? तभी तो भारत के नए सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठी ने पद संभालते ही रावलपिंडी को सीधा और साफ संदेश दे दिया है कि सेना की हर यूनिट को 24 घंटे युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश जारी हो चुका है।

# खामेनेई की मौत से गुस्साए ईरान की हिट लिस्ट में ट्रंप, नेतन्याहू और स्टार्मर सहित 13 नेताओं के नाम

तेहरान

अमेरिका-ईरान की जंग के बीच एक और घटनाक्रम इस समय चर्चा का विषय बन गया है। ईरान के एक अखबार ने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की हत्या का बदला लेने के लिए टारगेट किए जाने वाले लोगों की एक लिस्ट छापी है। इस लिस्ट में अमेरिका, इजरायल और यूरोपियन देशों के नेता शामिल हैं।

इस अखबार में एक पोस्टर छापा गया है, जिसमें अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अन्य बड़े नेताओं की तस्वीरें दिखाई गई हैं।

यह लिस्ट ईरान की राजधानी में अधिकारियों द्वारा पब्लिश किए जाने वाले हमशहरी अखबार में छापी गई है। इस ग्राफिक के साथ अखबार ने हेडलाइन दी- अचानक मौत के लिए तैयार रहें। साथ ही मोजतबा खामेनेई का बयान भी छापा गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि बदला हमारे देश की इच्छा है और इसे जरूर पूरा किया जाना चाहिए। मोजतबा ने अपने पिता के अंतिम संस्कार के बाद यह बयान दिया था। अखबार में फोटो के साथ छापी गई लिस्ट में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप, विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ, इजरायल में अमेरिकी राजदूत माइक हकाबी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारर, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज शामिल हैं।

# योगी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, अपराधियों और अवैध कब्जाधारियों पर सख्ती के निर्देश

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। प्रदेश में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि लोगों को धमकाने, अवैध कब्जा करने और आपराधिक गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# प्रशांत किशोर ने बांकीपुर उपचुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन

पटना, (वार्ता)

जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने सोमवार को बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।श्री किशोर ने नामांकन से पूर्व स्काउट एवं गाइड मैदान से विशाल पदयात्रा की शुरुआत की, जो कोतवाली थाना, डाकबंगला, एसपी वर्मा रोड, जेपी गोलंबर और गांधी मैदान होते हुए समाहरणालय पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में जन सुराज के कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय लोग पदयात्रा में शामिल हुए। नामांकन यात्रा के दौरान समर्थकों में उत्साह देखने को मिला और समूचा मार्ग लड़ेंगे बांकीपुर, जीतेंगे बांकीपुर के नारों से गूंज उठा। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए श्री किशोर ने कहा कि यह उनका नामांकन नहीं है, बिहार में बदलती हुई तस्वीर का नामांकन है, बिहार के बेहतर भविष्य का नामांकन है और बिहार में अपराधी लोगों को कुर्सी छोड़ने का आह्वान है, इसका आगाज है। श्री किशोर ने कहा कि बांकीपुर किसी पार्टी या नेता का गढ़ नहीं है बल्कि जनता का गढ़ है। जनता को तय करना है कि यह किसका गढ़ होगा। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव विधायक चुनने का चुनाव नहीं है बिहार में नेतृत्व बदलने का चुनाव है। बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अहंकार को अंकुश लगाने का चुनाव है। यह बिहार में चुने हुए प्रतिनिधियों को जवाबदेह बनाने का चुनाव है। इससे पूर्व श्री किशोर ने आज सुबह बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन करने से पहले सोनपुर स्थित प्रसिद्ध बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# मुंबई में लोकल ट्रेन का एसी खराब होने से कई महिला यात्री बेहोश

**मुंबई, (वार्ता)।** महाराष्ट्र में मुंबई के मुलुंड रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक वातानुकूलित लोकल ट्रेन का एसी खराब होने से कई महिला यात्री बेहोश हो गयीं और अन्य लोगों को दम घुटने की शिकायत हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रेन जब प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी थी, तभी उसके एसी यूनिट ने काम करना बंद कर गया, जिससे कोच के अंदर तापमान और उमस तेज़ी से बढ़ गयी। एसी करीब 15 मिनट तक बंद रहा।

उन्होंने बताया कि हवा का आवागमन कम होने से यात्रियों, खासकर महिलाओं को सांस लेने में दिक्कत होने लगी।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# हेली शाह ने इंटेंस वर्कआउट सेशन से किया फिटनेस गोल सेट



अभिनेत्री हेली शाह ने अपने नए वर्कआउट वीडियो के जरिए एक बार फिर फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए इस वीडियो में हेली हाई-इंटेंसिटी एक्सरसाइज करती नजर आ रही हैं। उन्होंने पोस्ट के साथ मजेदार अंदाज में लिखा, मैंने अपनी दाल-ढोकली कमा ली है, जिससे उन्होंने फिटनेस और पसंदीदा भोजन के बीच संतुलन का संदेश दिया। वीडियो में हेली बॉक्स जंप्स, डीप स्क्वैट्स, डंबल्स के साथ वेटेड स्टेप-अप्स, मोबिलिटी ड्रिल्स और स्ट्रेचिंग जैसी कई चुनौतीपूर्ण एक्सरसाइज करती दिखाई दे रही हैं। ऑल-ब्लैक वर्कआउट आउटफिट में वह पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ हर एक्सरसाइज को पूरा करती नजर आती हैं। वर्कआउट के दौरान उन्होंने हाइड्रेशन ब्रेक भी लिया और फिर दोबारा अभ्यास में जुट गईं। हेली का फिटनेस रूटीन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, एंड्योरेंस, एगिलिटी और फंक्शनल एक्सरसाइज का संतुलित मिश्रण है, जो उनके अनुशासित और सक्रिय जीवनशैली को दर्शाता है। उनके इस वीडियो पर फैंस ने जमकर प्रतिक्रिया दी और उनकी मेहनत, निरंतरता तथा फिटनेस के प्रति समर्पण की सराहना की। पोस्ट का सबसे चर्चित हिस्सा उनका कैप्शन रहा, जिसमें उन्होंने अपनी पसंदीदा डिश दाल-ढोकली का जिक्र करते हुए बताया कि फिटनेस का मतलब पसंदीदा भोजन से दूरी बनाना नहीं, बल्कि मेहनत और संतुलन के साथ उसका आनंद लेना है। उनका यह संदेश लोगों को हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने और बिना अपराधबोध के संतुलित तरीके से अपनी पसंद का भोजन करने के लिए प्रेरित कर रहा है। हेली शाह हाल ही में गुल्लक सीजन 5 में नजर आई थीं, जहां उनके अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा।



# टाइगर श्रॉफ और ताहा शाह बदुशा ने प्लेइंग फॉर ह्यूमैनिटी चैरिटी मैच में फुटबॉल मैदान पर दिखाया दमदार अंदाज़

अभिनेता टाइगर श्रॉफ और ताहा शाह बदुशा हाल ही में फुटबॉल मैदान पर अपने खेल कौशल और ऊर्जा का प्रदर्शन करते नजर आए। दोनों सितारों ने प्लेइंग फॉर ह्यूमैनिटी चैरिटी फुटबॉल मैच में हिस्सा लेकर अपनी खेल भावना के साथ एक नेक पहल को भी अपना समर्थन दिया।फिटनेस और एक्टिव लाइफस्टाइल के लिए मशहूर टाइगर और ताहा अपनी-अपनी टीम की जर्सी में मैदान पर पूरे जोश के साथ नजर आए। मैच से पहले दोनों ने साथी खिलाड़ियों के साथ बातचीत की और रणनीति पर चर्चा करते दिखे। लाल जर्सी में टाइगर हाफ टाइम के दौरान पानी पीते हुए और टीम के सदस्यों के साथ चर्चा करते नजर आए, वहीं पीली जर्सी में ताहा भी मैदान पर उत्साह के साथ खेल का आनंद लेते दिखे। इस मैच का खास आकर्षण टाइगर और ताहा की दोस्ताना बॉन्डिंग रही। दोनों कलाकारों को मैदान पर बातचीत करते, हंसी-मजाक करते और एक-दूसरे का हौसला बढ़ाते देखा गया। उनकी यह शानदार केमिस्ट्री फैंस को भी काफी पसंद आई।द्वप्लेइंग फॉर ह्यूमैनिटी पहल के तहत आयोजित इस चैरिटी मैच में कई सेलिब्रिटीज और खेल प्रेमियों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन का उद्देश्य खेल के माध्यम से सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देना और लोगों को एक सकारात्मक संदेश देना था।

अपनी जबरदस्त फिटनेस और एथलेटिक क्षमता के लिए पहचाने जाने वाले टाइगर श्रॉफ और ताहा शाह बदुशा ने मैदान पर अपनी शानदार स्टैमिना और खेल के प्रति जुनून दिखाया। दोनों सितारों की मौजूदगी ने इस खास मुकाबले में नई ऊर्जा भर दी। फैंस ने भी दोनों कलाकारों की सराहना की कि उन्होंने अपने व्यस्त शेड्यूल से समय निकालकर ऐसी पहल का हिस्सा बनने का फैसला किया, जहां मनोरंजन के साथ-साथ समाज के लिए कुछ अच्छा करने का संदेश भी दिया गया।

# श्रीमुरली की पराक का टीज़र रिलीज, दमदार एक्शन और नए अवतार ने बढ़ाई उत्सुकता



दक्षिण भारतीय अभिनेता श्रीमुरली की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म पराक का आधिकारिक टीज़र रिलीज कर दिया गया है।टीज़र में अभिनेता के नए लुक, दमदार एक्शन और भव्य प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया है। फिल्म को पैन इंडिया स्तर पर रिलीज किए जाने की तैयारी है। बघीरा के बाद श्रीमुरली इस फिल्म में बिल्कुल अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। टीज़र में उनकी फिटनेस, रफ लुक और प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस देखने को मिलती है। फिल्म के एक्शन दृश्यों और सिनेमाई प्रस्तुति को सोशल मीडिया पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। निर्देशक हलेश कोगुंडी ने कहा कि उन्हें बचपन से एक्शन फिल्मों का शौक रहा है और उनके लिए एक्शन केवल लड़ाई नहीं, बल्कि कहानी कहने का माध्यम है। उन्होंने बताया कि पराक एक एक्शन-सस्पेंस थ्रिलर है, जिसमें दमदार एक्शन के साथ मजबूत किरदारों और उनकी भावनात्मक यात्रा को भी प्रमुखता दी गई है। टीज़र में फिल्म की दुनिया की झलक, रोमांचक एक्शन, शानदार दृश्य और चरण राज एमआर का प्रभावशाली बैकग्राउंड स्कोर देखने को मिलता है। ब्रांड स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्माण अखिलेश कोगुंडी, आशिक मदल और दीपक अश्वथ नारायण ने किया है। फिल्म का निर्देशन हलेश कोगुंडी ने किया है। संगीत चरण राज एमआर, सिनेमैटोग्राफी संदीप वल्लुरी और एक्शन निर्देशन डॉ. के. रविवर्मा ने संभाला है। फिल्म के ऑडियो अधिकार आनंद ऑडियो ने हासिल किए हैं, जिसे कन्नड़ फिल्म उद्योग के हालिया बड़े ऑडियो सौदों में शामिल माना जा रहा है।

# दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान की तैयारियों की समीक्षा

## कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

### जिले के 1.24 लाख से अधिक बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)

जिले में दस्तक सह स्टॉप डायरिया अभियान अंतर्गत वर्ष 2026-27 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में अभियान की रणनीति, लक्ष्य निर्धारण एवं विभिन्न विभागों की भूमिकाओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. विनय ठाकुर ने बताया कि 14 जुलाई से 31 अगस्त 2026 तक जिले के सभी विकासखंड




नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, चावरपाठा, चीचली एवं साईंखेड़ा में अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान जिले के एक लाख 24 हजार 768 बच्चों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिससे शिशु मृत्यु दर में कमी लाते हुए बच्चों के स्वास्थ्य स्तर में सुधार किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक बच्चे तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जन-जागरूकता गतिविधियों को भी व्यापक स्तर पर संचालित करने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक परिवार इस अभियान का लाभ ले सकें।

अभियान के अंतर्गत आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगी। साथ ही डायरिया से बचाव, स्वच्छता एवं ओआरएस-ज़िंक के उपयोग के संबंध में जानकारी दी जाएगी। गंभीर लक्षण पाए जाने पर बच्चों को तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान में रेफर किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए हर पात्र परिवार तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएं, जिससे जिले में बाल स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### 7 अगस्त को आयोजित होगी म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद तथा स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से मध्यप्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक विविधताओं, कलाओं, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन संभावनाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराने और पर्यटन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 का आयोजन जिला स्तर पर शुक्रवार 7 अगस्त 2026 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी (छात्र-छात्राएं) भाग ले सकेंगे।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को मिले नई गति, ग्राम पंचायतों में वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन पर जोर

### ग्राम पंचायतों को स्वच्छ एवं स्वावलंबी बनाने के लिए समन्वित प्रयास करें : कलेक्टर श्रीमती सिंह

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित न रहे, बल्कि इसे जनभागीदारी के माध्यम से जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को स्वच्छ, आत्मनिर्भर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने घर-घर से निकलने वाले कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण सुनिश्चित करने तथा अजैविक कचरे के वैज्ञानिक शोधन एवं सुरक्षित निस्तारण की प्रभावी व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कचरा संग्रहण के लिए उपलब्ध वाहनों का नियमित संचालन एवं सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर ने स्वच्छता साथी मित्रों के क्षमता विकास एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित करने तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के माध्यम से स्व-सहायता समूहों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और स्वच्छता व्यवस्था भी अधिक प्रभावी होगी। बैठक में ग्राम पंचायतों को वित्तीय रूप से स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कर संग्रहण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही हाट-बाजारों की मैपिंग कर वहां आवश्यक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी आधारभूत अवसंरचना विकसित करने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने स्वच्छ गांव,सुरक्षित जलवायु, थीम के अनुरूप कार्य करते हुए पुराने कचरा स्थलों का निरीक्षण, उनका सर्वे एवं वैज्ञानिक रेमेडिएशन (सुधार एवं पुनर्स्थापन) कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षों से जमा कचरे का भी वैज्ञानिक तरीके से निष्पादन किया जाए।कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बैठक में बल्क वेस्ट जनरेटरों का अनिवार्य पंजीयन कराने, विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं छात्रावासों में सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियां संचालित करने तथा स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए कार्यशालाओं एवं स्वच्छता संवाद कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित सामान्य एवं आसान भाषा में जागरूकता वीडियो भी तैयार किए जाएं, ताकि आमजन कचरा पृथक्करण, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को सहजता से समझ सकें तथा अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। बैठक के जिला पंचायत सीईओ श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, सभी जिला अधिकारी मौजूद थे।

# ई-केवायसी व योजनाओं के पंजीयन के लिए 14 जुलाई को लगने वाले शिविर

### शहरी वार्डों एवं ग्राम पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचाने तथा पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी, समग्र ई-केवायसी एवं विभिन्न योजनाओं के लंबित पंजीयन कार्यों को पूर्ण करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देशानुसार 14 जुलाई को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शहरी क्षेत्र में 14 जुलाई को नगर पालिका गाडरवारा के रानी लक्ष्मीबाई वार्ड व सुभाष वार्ड, नगर पालिका नरसिंहपुर के बेलापुरकर वार्ड व शिवाजी वार्ड, नगर पालिका करेली के नरसिंह वार्ड व राधावल्लभ वार्ड, नगर पालिका गोटेगांव के हरदौल वार्ड व कामथ वार्ड, नगर परिषद तेंदूखेड़ा के वार्ड क्रमांक 9 विवेकानंद वार्ड व वार्ड क्रमांक 10 वीरशिवाजी वार्ड, नगर परिषद चीचली, सालीचौका एवं सांईखेड़ा के वार्ड क्रमांक 9 व 10 में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में 14 जुलाई को जिले की जनपद पंचायत करेली की ग्राम पंचायत गुरसी, ग्वारी, ग्वारीकलां, हिनोतिया व हिरनपुर, जनपद पंचायत नरसिंहपुर की ग्राम पंचायत देवनगर नया, धवई, धमना, ढाना व धुवघट, जनपद पंचायत चीचली की ग्राम पंचायत चोरबरहटा, देवरी, धमेटा, ढाना व ढुरसुरू, जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत चांदनखेड़ा, चंदली, चंदलोन, दबकिया व देवनगर पुराना, जनपद पंचायत साईंखेड़ा की ग्राम पंचायत धनौरा, डुंगरिया, गरधा, इमलिया व जमाड़ा और जनपद पंचायत चांवरपाठा की ग्राम पंचायत चावरपाठा, छत्तरपुर, छबारा, छीतापार व चिरचिरा में शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों के दौरान नागरिकों की ई-केवायसी एवं समग्र ई-केवायसी, डुप्लीकेट, मृतक एवं स्थायी रूप से पलायन कर चुके व्यक्तियों के नाम विलोपित करने की कार्रवाई तथा एक आधार से लिंक एकाधिक समग्र आईडी का निराकरण किया जाएगा।

# मूंग उपार्जन में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

## टीएल बैठक में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देश

### हितग्राही मूलक योजनाओं के शिविरों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करें

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा (टीएल) की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की विस्तार से समीक्षा कर अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मूंग उपार्जन, हितग्राही मूलक योजनाओं के शिविर, सीएम हेल्पलाइन, राजस्व प्रकरणों तथा विभिन्न आयोगों से प्राप्त मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश और विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख मौजूद थे। बैठक में मूंग उपार्जन की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में 19 उपार्जन केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जिनमें से 11 केंद्रों पर खरीदी प्रारंभ हो चुकी है। शेष केन्द्रों पर शीघ्र ही खरीदी शुरू होगी। किसानों के लिए स्लॉट बुकिंग की प्रक्रिया भी लगातार जारी है तथा अब तक 7,129 स्लॉट बुक किए जा चुके हैं। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि स्लॉट बुक कराने वाले किसानों में से कितने किसान केंद्रों पर पहुंचकर मूंग उपार्जन कर चुके हैं, इसकी पृथक सूची तैयार की जाए, ताकि खरीदी की वास्तविक प्रगति का प्रभावी आकलन किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रतिदिन उपार्जन



केंद्रों का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल एफएक्यू मानक के अनुरूप मूंग की ही खरीदी की जाए। मूंग उपार्जन में किसी भी तरह से गुणवत्ता के साथ समझौता नहीं किया जाएगा। इसके लिए केंद्रों पर नियमित रूप से नमूने लेकर गुणवत्ता की जांच सुनिश्चित की जाए, जिससे पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनी रहे। बैठक में हितग्राही मूलक योजनाओं के अंतर्गत नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 8 जुलाई से लगाए जा रहे शिविरों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। अपेक्षित प्रगति नहीं मिलने पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को प्रतिदिन शिविरों की मॉनिटरिंग करने और पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।

विदित है कि शिविरों में किसानों का यूनिक फार्मर आईडी पंजीयन, पोस्टमैन के माध्यम से आधार कार्ड अपडेट, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण तथा आजीविका मिशन के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,ई-केवायसी एवं समग्र ई-केवायसी, डुप्लीकेट, मृतक एवं स्थायी रूप से पलायन कर चुके व्यक्तियों के नाम विलोपित करने की कार्रवाई तथा एक आधार से लिंक एकाधिक समग्र आईडी का कार्य किया जा रहा है।

# नन्हा-सा-दिल-एनसीएल के तहत इकोकार्डियोग्राफी प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

**सिंगरौली।** सोमवार को एनसीएल के नेहरू शताब्दी चिकित्सालय (एनएससी) में सीएसआर पहल नन्हा-सा-दिल-एनसीएल के अंतर्गत नर्सिंग क्रिटिकल केयर एवं इकोकार्डियोग्राफी प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई से 18 जुलाई 2026 तक नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान श्री सत्य साई संजीवनी हॉस्पिटल के विशेषज्ञों द्वारा एनसीएल में कार्यरत चिकित्सकों को 2-डी इको कार्डियोग्राफ़ी और मेट्रोन, नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को रोगी की मूलभूत देखभाल, आराम एवं पोषण, हृदय मॉनिटरिंग एवं उपकरण संचालन, वेंटीलेशन केयर, ऑक्सीजन फ्लो मीटर का संचालन एवं देखभाल, इन्फ्यूजन पंप का संचालन एवं देखभाल, सीपीआर व बेसिक लाइफ सपोर्ट की बारीकियों से संबन्धित प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे एवं अपने उद्बोधन में उन्होने सिंगरौली परिक्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नेहरू शताब्दी चिकित्सालय की क्रिटिकल केयर



(आपातकालीन देखभाल) क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ करेगा, जिससे एनसीएल कर्मियों सहित सिंगरौली परिक्षेत्र में परिधीय समुदाय को उत्कृष्ट व उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही उन्होंने टीम एनएससी के समर्पण और सेवा-भाव की भी सराहना की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा सेवाएं (एनएससी), डॉ. विवेक खरे, सीएमएस (प्रभारी), डॉ. मंजरी मेहता, महाप्रबन्धक (सीएसआर), राजीव रंजन, विभागाध्यक्ष (नेत्र विभाग), डॉ. देवी दास तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी, सत्य साईं संजीवनी अस्पताल से सौम्या जंध्याला, डॉक्टर यामिनी बाथम, गिरिजा शंकर सातम, सरोजिनी मंजूनाथ, नंद उदय कुलकर्णी एवं गौरव दत्त उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि अभी तक च्चनन्हा-सा-दिल-एनसीएलज्ज सीएसआर पहल के तहत सिंगरौली एवं सोनभद्र क्षेत्र के जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 38 हजार बच्चों की हृदय जांच तथा 251 बच्चों की नि÷शुल्क जीवन रक्षक सर्जरी की जा चुकी है।

नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में अत्याधुनिक नेत्र जांच मशीनों का हुआ लोकार्पण। इस अवसर पर एनसीएल के निदेशक (मानव संसाधन), मनीष कुमार ने नेहरू शताब्दी चिकित्सालय में एबी-स्कैन मशीन एवं यूवएम मशीन का भी उद्घाटन किया। यूबीएम स्कैन मशीन के माध्यम से आंख में प्रत्यारोपित किए जाने वाले कृत्रिम लेंस (ढ्ढहृरु) की पावर का बिल्कुल सटीक कैलकुलेशन किया जा सकेगा, जिस से मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद मरीजों की चश्मे पर निर्भरता कम हो जाएगी।



### राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई के द्वारा जनसंख्या दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य डॉ.आर.बी.सिंह एवं राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव के मार्गदर्शन में एवं दलनायिका मनीषा राजपूत के नेतृत्व में जनसंख्या दिवस एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रानी कुमारी , सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव , श्रीमती कल्पना साहू उपस्थिति रहीं । कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वयंसेवकों को जनसंख्या वृद्धि एवं उससे होने वाले लाभ और हानि के विषय में अवगत कराया गया तत्पश्चात सह प्रभारी प्रो.प्रीति कौरव के द्वारा स्वयं सेवकों को वृक्षारोपण एवं जनसंख्या दोनों ही विषयों पर उद्बोधन दिया गया ।

# गुरु पूर्णिमा पर ओशो लीला आश्रम में तीन दिवसीय ध्यान शिविर



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** विश्व प्रसिद्ध दार्शनिक एवं आध्यात्मिक गुरु ओशो रजनीश की कर्मस्थली माने जाने वाले ओशो लीला आश्रम, गाडरवारा में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर तीन दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर 27 जुलाई की संध्या से प्रारंभ होकर 30 जुलाई 2026 को सम्पन्न होगा। शिविर का आयोजन स्वामी ध्यान आकाश एवं स्वामी आनंद नारायण के संयुक्त सान्निध्य में किया जाएगा।आश्रम प्रबंधन के अनुसार शिविर में स्थानीय सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों से ओशो संन्यासी एवं ध्यान साधक शामिल होंगे। तीन दिनों तक आश्रम परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा, ध्यान और आत्मचिंतन के वातावरण से सराबोर रहेगा।

**विभिन्न ध्यान विधियों का होगा अभ्यास**-शिविर के दौरान प्रतिदिन प्रात:काल से ही विभिन्न ध्यान सत्र आयोजित किए जाएंगे। इनमें सक्रिय ध्यान (डायनेमिक मेडिटेशन), नादब्रह्म ध्यान, विपश्यना ध्यान, कुंडलिनी ध्यान सहित अनेक ध्यान विधियों का अभ्यास कराया जाएगा।

संध्याकाल में व्हाइट रोब ब्रदरहुड मेडिटेशन, सत्संग, ओशो प्रवचन माला का श्रवण, भजन-कीर्तन, नृत्य एवं आनंद उत्सव का आयोजन होगा। रात्रि 9 बजे तक चलने वाले इन कार्यक्रमों में सहभागी साक्षी भाव के साथ ध्यान एवं आध्यात्मिक अनुभवों का रसास्वादन करेंगे।

**गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व**-आयोजकों के अनुसार गुरु पूर्णिमा आत्मचिंतन, साधना और गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का महत्वपूर्ण पर्व है। इस अवसर पर आयोजित ध्यान शिविर का उद्देश्य लोगों को मानसिक शांति, आत्मिक ऊर्जा और सकारात्मक जीवन शैली की ओर प्रेरित करना है।

**ओशो की शिक्षाओं पर होगा मंथन**-शिविर के दौरान ओशो की आध्यात्मिक शिक्षाओं, ध्यान दर्शन और जीवन के विभिन्न आयामों पर भी चर्चा होगी। आयोजकों का कहना है कि ओशो ने ध्यान को जीवन का उत्सव बताया है और उनकी ध्यान पद्धतियां आज भी विश्वभर में लाखों लोगों को आंतरिक शांति और आत्मबोध का मार्ग दिखा रही हैं।

**मीडिया प्रभारी ने दी जानकारी**-ओशो लीला आश्रम के मीडिया प्रभारी स्वामी राजेश नीरस ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित इस विशेष ध्यान शिविर में स्थानीय एवं बाहरी ओशो संन्यासियों के साथ-साथ आम नागरिक भी भाग ले सकेंगे। उन्होंने सभी ध्यान साधकों एवं आध्यात्मिक जिज्ञासुओं से शिविर में शामिल होकर ध्यान और आत्मिक जागरण के इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की।

### जिले की बेटी के सपनों को मिला पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल का सहारा

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** जनसेवा को अपनी प्राथमिकता मानने वाले पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने एक बार फिर संवेदनशील पहल करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की दो बेटियों की शिक्षा का संपूर्ण दायित्व उठाने का निर्णय लिया। उनकी इस पहल की जिलेभर में सराहना हो रही है।जानकारी के अनुसार, नरसिंहपुर निवासी छात्रा रंजना अपने परिजनों के साथ पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल से मिलने पहुंची इस दौरान बिटिया ने परिवार की आर्थिक स्थिति और पढ़ाई जारी रखने में आ रही कठिनाइयों से उन्हें अवगत कराया। छात्रा ने बताया कि उसने कक्षा 10वीं की परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और उसका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का है, लेकिन आर्थिक अभाव उसके सपनों के बीच बड़ी बाधा बन रहा है छात्रा की बात सुनते ही जालम सिंह पटेल ने तत्काल विद्यालय प्रबंधन से चर्चा कर उसकी समस्याओं के समाधान की पहल की।

# गाडरवारा में गौ सम्मान आव्हान अभियान की बृहद बैठक सम्पन्न

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

आज नगर के पुरानी गल्ला मंडी में स्थित खिरका मंदिर में गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत विशेष बैठक आयोजित की गई। जिसमें गो सम्मान आव्हान के मुख्य विषयों पर प्रकाश डाला गया जिसमें सर्वप्रथम गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने ,पूरे देश में गौ हत्या पूर्ण रूप से बंद कराने,गौ मंत्रालय बनाने आदि महत्वपूर्ण विषयों पर गो संतो,गो सेवकों ,एवं गणमान्य नागरिकों ने विस्तृत चर्चा कर अपने विचार रखे। बैठक की शुरुआत प्रभु श्री राम संकीर्तन एवं गौ माता की पूजन कर प्रारंभ की गई ।

तदोपरांत अभियान के नरसिंहपुर जिला प्रभारी राजू सिंह राजपूत के द्वारा गो सम्मान आव्हान अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित सभी गणमान्य,नागरिको एवं गौ सेवको




को प्रदान की गई। बैठक में हस्ताक्षर अभियान को गति प्रदान करने के लिए उपस्थित सभी सामाजिक बंधुओं ने, समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुखों ने,तथा गौ सेवकों ने हस्ताक्षर पत्रक लेकर सभी वर्गों के लोगों के हस्ताक्षर कराने की जवाबदारी ली। बैठक में 27 जुलाई 2026 को नरसिंहपुर में सौंपे जाने वाले प्रार्थना पत्र की तैयारी पर भी चर्चा की गई।

आज की इस महत्वपूर्ण बैठक में गो सम्मान आव्हान अभियान के द्वितीय चरण को सफल बनाने के लिए सभी सामाजिक बधुओं ने एवं समाज सेवी संस्थाओं के सदस्यों ने एवं मुस्लिम समुदाय के प्रमुख लोगों ने तन,मन,धन से सहयोग करने की बात कही। बैठक का संचालन गौ सेवक वसंत जोशी द्वारा किया गया ।पूज्य संत बालक दास जी महाराज जी द्वारा आशीष बचन प्रदान किए गए। गो सम्मान अभियान के तहसील प्रभारी सतीश लमानिया ने बैठक में उपस्थित सभी संतों का, सभी वर्ग से आय नागरिकों का,सभी सामाजिक बंधुओं का,समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों का तथा गौ सेवकों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर बैठक में, सभी समाज के प्रमुख,समाज सेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, पत्रकार बंधु,एवं गौ सेवक तथा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष के आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

**नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।** जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज टेकाम के प्रथम नगर आगमन को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के बीच जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया।

# कलेक्टर ने रीठी क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण, राजस्व कार्यों में लापरवाही पर सख्ती

### छात्रों के बीच पहुंचे कलेक्टर ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता

कटनी (स्वतंत्रमत)।

जिले में प्रशासनिक कार्यों की गुणवत्ता और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को परखने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी ने सोमवार को विकासखंड रीठी के विभिन्न ग्रामों का आकस्मिक भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बिलहरी के उपतहसील कार्यालय से लेकर शासकीय विद्यालयों में पहुंचकर व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानी और लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई के संकेत दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी भी मौजूद रहे।



### खसरा अभिलेखों से खुद मिलाया रिकॉर्ड, लापरवाही पर जताई नाराजगी

कलेक्टर ने बिलहरी उप तहसील कार्यालय पहुंचकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। उन्होंने अतिरिक्त तहसीलदार अनुराधा सिंह से प्रकरणवार जानकारी प्राप्त की और आदेशों के क्रियान्वयन का स्वयं खसरा अभिलेखों से मिलान कर सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम नौआपटी के एक नामांतरण प्रकरण में आदेश का सही अमल नहीं पाए जाने पर संबंधित पटवारी आशीष शर्मा के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार ग्राम कैमोरी के सीमांकन प्रकरण में नक्शा बटांकन न होने का हवाला देकर सीमांकन कार्य लंबित रखने वाले तत्कालीन पटवारी अवध मिश्रा, जो वर्तमान में कटनी शहर में पदस्थ हैं, के विरुद्ध भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि यदि किसी सीमांकन प्रकरण में कोई वैधानिक विवाद नहीं है और सभी पक्षकार सहमत हैं, तो सीमांकन के दौरान ही नक्शा बटांकन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के सभी हितग्राहियों की शत-प्रतिशत ई-केवाईसी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### कलेक्टर बने शिक्षक छात्रों को पढ़ाया पाठ

प्रशासनिक सख्ती के बीच कलेक्टर का एक प्रेरणादायी और संवेदनशील पक्ष भी देखने को मिला। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बांधा के निरीक्षण के दौरान वे सीधे कक्षा 12वीं में पहुंचे और विद्यार्थियों के बीच शिक्षक की भूमिका निभाते नजर आए। उन्होंने अंग्रेजी विषय का पाठ पढ़ाते हुए विद्यार्थियों से पाठ पढ़वाया, उसका हिंदी में अनुवाद कराया और विषय की बारीकियों को खुद सरल भाषा में समझाया। छात्रा प्राची गुप्ता, सादिया बी तथा छात्र अभिषेक चौधरी और सतेंद्र विश्वकर्मा ने पाठ पढ़कर सुनाया, जबकि कलेक्टर ने उन्हें उच्चारण और अर्थ समझाने में मार्गदर्शन दिया।

### संविधान के मूल कर्तव्यों का कराया बोध

कलेक्टर ने विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें भारतीय संविधान में वर्णित नागरिकों के मूल कर्तव्यों की जानकारी भी दी। उन्होंने छात्रों को जिम्मेदार, जागरूक और संवेदनशील नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कलेक्टर हाई स्कूल की विज्ञान कक्षा में पहुंचे, जहां विद्यार्थियों को पाचन तंत्र का अध्याय पढ़ाया जा रहा था। उन्होंने छात्रों से विषय से जुड़े प्रश्न पूछकर उनकी समझ और शिक्षण की गुणवत्ता का आकलन किया। कलेक्टर ने विद्यालय के शौचालयों और अन्य मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा डिजिटल पैनल के माध्यम से संचालित अध्यापन कार्य का अवलोकन कर आधुनिक शिक्षण पद्धति की सराहना की।

फोटो : विकास गुप्ता



विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को मिला सम्मान

# अक्षर नंदन स्कूल का ध्वज लोकार्पित



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** नई बस्ती स्थित अक्षर नंदन स्कूल में गुरुवार, 9 जुलाई को विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए अक्षर नंदन स्कूल ध्वज का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकार भोलाराम भैया कृष्णकांत अग्निहोत्री रहे। वहीं विशिष्ट अतिथियों के रूप में बबलू पाण्डेय समाजसेवी, गुड्डू पाठक सूर्यकांत पाठक एवं ब्रजकांत तिवारी अधिवक्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने विधिवत ध्वज का लोकार्पण कर विद्यार्थियों के रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। मुख्य अतिथि कृष्णकांत अग्निहोत्री ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। विद्यार्थियों द्वारा स्वयं तैयार किया गया विद्यालय का ध्वज उनकी सृजनशीलता, टीम भावना और अपने विद्यालय के प्रति समर्पण का प्रतीक है। विद्यालय की प्राचार्य मालवी पांडे ने बताया कि ध्वज का निर्माण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के सामूहिक सहयोग से किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां बच्चों में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच और आत्मविश्वास का विकास करती हैं।

इस अवसर पर ध्वज के डिज़ाइन निर्माण में विशेष योगदान देने वाले कुलदीप पांडे, अनंत पांडे, निहित सिंह, सुमन भोजवाल, वर्षा बलानी, कनिष्का सेठी, शालिनी पांडे, रक्षा सिंह, प्रिया विश्वकर्मा, रोशनी नायक, प्रभा तिवारी, राजकुमारी सेन, रेखा पांडे, सृष्टि जैन एवं वैष्णवी साहू को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया। समारोह पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ।

# सांप के काटने पर झाड़-फूंक नहीं तत्काल अस्पताल पहुंचाएं मरीज

### एंटी स्नेक वेनम ही बचा सकता है मरीज की जान

कटनी (स्वतंत्रमत)।

वर्षा ऋतु के आगमन के साथ ही जिले में सांप निकलने और सर्पदंश की घटनाओं में वृद्धि होने लगती है। खेतों, घरों के आसपास, लकड़ी एवं घास-फूस के ढेरों तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में सांपों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। ऐसे समय में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि सांप के काटने की स्थिति में किसी भी प्रकार के तंत्र-मंत्र, झाड़-फूंक या अंधविश्वास के चक्कर में न पड़ें, बल्कि मरीज को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं। सर्पदंश के बाद समय पर उचित चिकित्सा उपचार मिलने से अधिकांश मरीजों की जान बचाई जा सकती है। सांप के काटने के बाद कई लोग पंडा-



पुजारी, ओझा-गुनिया अथवा झाड़-फूंक कराने में कीमती समय गंवा देते हैं, जिसके कारण मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार एंटी स्नेक वेनम (एएसवी) ही सर्पदंश का प्रभावी और प्रमाणित उपचार है।

सर्पदंश होने पर मरीज को शांत रखें और घबराने न दें। प्रभावित अंग को अधिक हिलाने-डुलाने से बचाएं। मरीज को जल्द से जल्द नजदीकी अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं। यदि संभव हो तो सांप का रंग या पहचान संबंधी जानकारी सुरक्षित रखें, लेकिन सांप को पकड़ने या मारने का प्रयास न करें। एम्बुलेंस सेवा या चिकित्सा सहायता के लिए तुरंत संपर्क करें। सांप के काटने पर झाड़-फूंक तंत्र-मंत्र या अंधविश्वास का सहारा न लें। काटे गए स्थान पर चीरा न लगाएं। जहर चूसने का प्रयास न करें। प्रभावित अंग पर अत्यधिक कसकर रस्सी या कपड़ा न बांधें। घरेलू नुस्खों के भरोसे समय बर्बाद न करें।

स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षा ऋतु में खेतों और घरों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखें, रात में टॉर्च का उपयोग करें तथा बच्चों को भी सर्पदंश से बचाव के प्रति जागरूक करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सांप के काटने पर त्वरित चिकित्सा उपचार और एंटी स्नेक वेनम ही मरीज की जान बचा सकता है, इसलिए किसी भी प्रकार के अंधविश्वास के बजाय वैज्ञानिक उपचार को प्राथमिकता दें। इससे सर्पदंश से होने वाली मृत्यु की घटनाओं को प्रभावी रूप से रोका जा सकता है।

# संत रविदास स्वरोजगार योजना से बदली सुरेंद्र की जिंदगी

### 25 हजार की मासिक आय कर रहें अर्जित

कटनी (स्वतंत्रमत)।

मध्यप्रदेश शासन की स्वरोजगार योजनाएं आज जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई आशा और आत्मनिर्भरता का संचार कर रही हैं। इसी का एक प्रेरणादायक उदाहरण है कटनी जिले के बरगवां निवासी सुरेंद्र कुमार दहायत, जिन्होंने सीमित आय से शुरुआत कर आज सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है। सुरेंद्र ने अपने करियर की शुरुआत महज 8 हजार रुपये प्रतिमाह की नौकरी से की थी। हालांकि उनका सपना हमेशा से खुद का व्यवसाय स्थापित करने का था, लेकिन आर्थिक संसाधनों की कमी उनके रास्ते में बड़ी बाधा बनी हुई थी। इसी दौरान उन्हें मध्यप्रदेश शासन की संत रविदास स्वरोजगार योजना की जानकारी मिली, जिसने उनके जीवन की दिशा ही बदल दी। योजना के तहत उन्हें 2 लाख रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। इस सहयोग से



उन्होंने प्रारंभिक रूप से 40 हजार रुपये का निवेश कर ऑटो पार्ट्स एवं सर्विसिंग का व्यवसाय शुरू किया। उनकी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प ने धीरे-धीरे उनके व्यवसाय को सफलता की ओर अग्रसर किया। अब सुरेंद्र न केवल आत्मनिर्भर बन चुके हैं, बल्कि वे अपने व्यवसाय के माध्यम से 2 अन्य लोगों को रोजगार भी प्रदान कर रहे हैं। उनका व्यवसाय निरंतर प्रगति कर रहा है और उनकी मासिक आय बढ़कर लगभग 25 हजार रुपये तक पहुंच चुकी है। सुरेंद्र कुमार अपनी सफलता का श्रेय संत रविदास स्वरोजगार योजना को देते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। वे कहते हैं, इस योजना ने मुझे अपने पैरों पर खड़ा होने का अवसर दिया। आज मैं न सिर्फ अपना व्यवसाय चला रहा हूं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार देने में सक्षम हूं। उन्होंने युवाओं से भी अपील की कि वे शासन की स्वरोजगार योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। सुरेंद्र की यह सफलता कहानी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि यदि सही दिशा, अवसर और दृढ़ इच्छाशक्ति मिले, तो कोई भी व्यक्ति अपनी परिस्थितियों को बदलकर सफलता की नई कहानी लिख सकता है।

### धरती से पानी निकाल कर तालाब को भरना भविष्य में गंभीर जल संकट उत्पन्न करेगा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पिछले तीन वर्षों से नगर निगम कटनी की देखरेख में नागेश्वर धाम मंदिर छोटी खिरहनी तालाब के किनारे खोदे गए नलकूप मैं अभी तक मोटर लगाने के बाद किसी भी प्रकार का स्थाई कनेक्शन और देखरेख की जिम्मेदारी किसी को नहीं दी गई है फल स्वरुप उक्त नलकूप से लगातार मंदिर से अस्थाई रूप से कनेक्शन लेकर चलाया जाता है भीषण गर्मी में भी इस नलकूप को बंद नहीं किया गया उसके पानी का लगातार दोहन करके तालाब में भरा जा रहा है यदि इस वर्ष बारिश कम हुई तो क्षेत्र की जनता को पेयजल समस्या उत्पन्न हो जाएगी क्योंकि क्षेत्र में हैंडपंप जेट पंप ही पानी का साधन है इस नलकूप की कोई आवश्यकता नहीं थी इसके बावजूद विधायक निधि का दुरुपयोग कर इसका खनन किया गया जबकि यहां से कोई कभी भी जल उपयोग नहीं करते मंदिर के सामने नगर निगम द्वारा एक हैंड पंप भी लगाया गया है उस हैंडपंप से आसपास के लोग अपनी जल पूर्ति करते हैं स्थानीय लोगों का नगर पलकनिगम आयुक्त से निवेदन है कि यदि मत्स्य पालन हेतु तालाब स्वीकृत किया है तो उसमें भूजल का दोहन ग्रीष्म काल में बिल्कुल गलत है स्थानीय लोगों का जिला कलेक्टर से भी आग्रह है कि मौके का निरीक्षण कर तुरंत कार्यवाही करने की कृपा करें यदि भू जल दोहन को बंद करने की नगर पालिक निगम कार्यवाही नहीं करते तो स्थानीय लोग मजबूर होकर के माननीय उच्च न्यायालय में मांग रखेंगे।



# लायंस क्लब कटनी रॉयल का शपथ ग्रहण समारोह

कटनी (स्वतंत्रमत)।

लायंस क्लब कटनी रॉयल का शपथ ग्रहण समारोह अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन अनिल अग्रवाल, द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रहे। शपथ अधिकारी के रूप में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सत्येंद्र शर्मा ने वर्ष 2026-27 की नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एनके. जैन रहे। शपथ ग्रहण समारोह में लायन साधना अग्रवाल ने अध्यक्ष, लायन भारती चौधरी ने सचिव तथा लायन हंसा



खंडेलवाल ने कोषाध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। नवगठित कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने लायंस क्लब इंटरनेशनल के सेवा, समर्पण एवं मानवता के आदर्शों पर चलने तथा समाज के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि लायन अनिल अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि लायंस क्लब समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है और सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। शपथ अधिकारी लायन सत्येंद्र शर्मा ने नई टीम को बधाई देते हुए सेवा कार्यों को नई ऊँचाइयों तक ले जाने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि लायन एन के. जैन ने भी नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए संगठन की गरिमा बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व पदाधिकारियों का सम्मान किया गया तथा क्लब के सदस्यों ने नई कार्यकारिणी का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। समारोह में बड़ी संख्या में लायन सदस्य, एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

फोटो : विकास गुप्ता

# बड़वारा पुलिस ने दो गांजा तस्करों को दबोचा

### 1.75 लाख का गांजा और एक बाइक सहित दो तस्कर गिरफ्तार, भेजा जेल

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए बड़वारा थाना क्षेत्र से दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.750 किलोग्राम गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त मशरूका की कुल कीमत करीब 1.75 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रत्नेश मिश्रा के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 12 जुलाई 2026 को बड़वारा पुलिस ने ग्राम लखाखेरा हार स्थित बड़ा महादेव जंगल मार्ग पर संदिग्ध



रूप से जा रहे दो युवकों को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम निखिल लोनी 18 वर्ष एवं अभिषेक वर्मन 18 वर्ष निवासी ग्राम पिपरियाकला, थाना बरही, जिला कटनी बताए। तलाशी के दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 जेडडी 7280 पर रखे काले बैग से सफेद पन्नी में रखा 1.750 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने गांजा और मोटरसाइकिल जब्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया।

# जियो टैगिग व श्लोक मंत्रोचारण के साथ किया गया पौधरोपण



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** श्री सत्य साई सेवा संगठन के तत्वाधान में आयोजित अखिल भारतीय स्तर पर प्रेमतरु के अंतर्गत वृहद पौधरोपण अभियान का 12 जुलाई को शुभारंभ हुआ। इसी क्रम में कटनी समिति द्वारा रविवार, 12 जुलाई को दो चरणों में संपन्न हुआ। कटनी समिति द्वारा गोद लिए हुए ग्राम शिवराजपुर से, सुबह 9 बजे वृक्षारोपण अभियान के प्रथम चरण का आग़ाज़ हुआ। यहां समिति सदस्यों ने नन्हें-मुन्ने ग्रामीण बच्चों को सर्वप्रथम पेड़-पौधों व पर्यावरण का मानव जीवन में महत्व बताया तत्पश्चात श्लोक-मंत्रोचारण के साथ बच्चों संग १०० पौधों का रोपण किया। अभियान का द्वितीय चरण 11 बजे से कैलवारा स्थित भगवान महावीर स्वामी, जैन मंदिर गौशाला प्रांगण से आरंभ हुआ। यहां भी सेवादल सदस्यों ने आम, जामुन, आंवला, बांस, नीम, नींबू, अमरूद आदि अनेक प्रकार के 131 फलदार्छायादार पौधों का रोप। इस अवसर पर समिति के पुरुष विंग एवं महिला विंग के सदस्यों के अलावा बालविकास कक्षा के छोटे बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक यह सेवाकार्य किया, जिसमें जैन समाज के पशुप्रेमी सदस्यों की भी सहयोगात्मक भूमिका रही। कुल 231 पौधरोपण के पश्चात इनकी देखभाल, सुरक्षा, खाद, पानी तथा पशुओं से सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखने का संकल्प लिया गया तथा पूरे अभियान की जियो टैगिग भी हुई। समापन अवसर पर चैतनोदय पशुसेवा केंद्र में गौ माता को सभी ने गुड़ खिलाकर असीम आनंद की अनुभूति की। समिति प्रमुख ने जैन समाज से प्राप्त प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से प्राप्त सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

फोटो : विकास गुप्ता

# 31 तक कराएं फसलों का बीमा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** खरीफ मौसम 2026-27 में किसानों की फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। कृषि विभाग ने जिले के सभी किसानों से समय-सीमा के भीतर अपनी फसलों का बीमा कराने की अपील की है, ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा की स्थिति में उन्हें आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। कृषि विभाग के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच है। इस योजना के माध्यम से सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, ओलावृष्टि, चक्रवात, जलभराव तथा अन्य प्राकृतिक कारणों से फसल को होने वाले नुकसान की भरपाई की जाती है।

# गायत्री परिवार द्वारा किया गया पौधारोपण

कटनी (स्वतंत्रमत)।

अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला कटनी एवं दिव्या भारत युवा संघ की टीम द्वारा बिलहरी में विशाल वृक्षारोपण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लक्ष्मण सागर तालाब के तटबंध में चारों तरफ पेड़ लगाने की योजना के साथ कटनी नदी के तटबंध में भी पेड़ों की श्रृंखला खड़ी करने की योजना है। इन बातों की पूरी रूपरेखा स्थानीय लोगों के द्वारा सराही गई। उन्होंने उसमें अपना पूरा योगदान देने का वचन दिया। गायत्री परिजन स्थानीय लोगों के साथ मिलकर एक के बाद एक पेड़ लगाते गए। लोगों से संकल्प करवाते गए कि आप इसकी सुरक्षा कम से कम 5 साल तक करेंगे। जब तक की यह विशाल वृक्ष बनकर तैयार ना हो। सर्वप्रथम



भूमि पूजन और उसके बाद वृक्षों का पूजन करवाया गया। सभी उपस्थित लोगों को तिलक लगाकर यह संकल्प दिलाया गयाए कि वह तरु मित्र बनकर रहेंगे। किसी भी हालत में पेड़ों को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे। जो पेड़ लगाए जा रहे हैं, उनकी सुरक्षा करेंगे। लोगों के उत्साह और संकल्प को देखते हुए एक के बाद एक पेड़ लगाते चले गए और संख्या की बात तो बेमानी हो गई। गायत्री परिवार ने वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखने की घोषणा की थी लेकिन वहां के उत्साह ने उसे वृक्षारोपण महोत्सव में बदल दिया। लोगों ने अपने खेत खलिहान में भी प्रेरणा पाकर आज वृक्ष लगाये। कांटों की बाड़ भी साथ ही साथ लगाते चल रहे थे। ताकि पशु पेड़ों को नुकसान ना पहुंचाएं।

तालाब के किनारे रहने वाले प्रत्येक घर ने एक या दो पेड़ों की जिम्मेदारी ली है। आम, जामुन, नींबू, बेल, पीपल, बरगद, नीम, अमरूद आदि के वृक्ष बड़ी संख्या में रोपे गए। तालाब की साफ-सफाई, सुरक्षा, उसका पूजन, गंगा आरती, जिला स्तर का संगीतमय योग महोत्सव और अब बड़ी संख्या में वृक्षों के रोपण के साथ इस तालाब को शीघ्र ही बहुत ही मनमोहक स्वरूप मिलने जा रहा है।

फोटो : विकास गुप्ता

# भारत ने जीता लॉर्ड्स का पहला महिला टेस्ट

## इंग्लैंड को 270 रन से हराया, यस्तिका का शतक

## 7 विकेट लेने वाली क्रांति प्लेयर ऑफ द मैच



लंदन

लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड के 142 साल के इतिहास में पहली बार खेला गया महिला टेस्ट भारतीय टीम ने जीत लिया। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारत ने इंग्लैंड को 270 रन से हरा दिया। भारतीय टीम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग तीनों विभागों में मेजबान टीम पर भारी पड़ी। रनों के लिहाज से यह भारतीय महिला टीम की दूसरी सबसे बड़ी टेस्ट जीत रही। इससे पहले टीम ने 2023 में इंग्लैंड को ही 347 रन से हराया था। भारत को आज तक इंग्लैंड में महिला टेस्ट में हार नहीं मिली है। टीम ने यहां अब तक 11 टेस्ट खेले हैं, जिनमें 3 जीते हैं, जबकि 8 मुकाबले ड्रॉ रहे। भारत ने पहली पारी में 285 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड 170 पर सिमट गई। भारत को 115 रन की बढ़त मिली। भारत ने दूसरी पारी 341 रन पर घोषित की और 457 रन का टारगेट दिया। इंग्लैंड 186 पर ऑलआउट हो गई।

### पहली पारी में क्रांति ने 5 विकेट लिए

इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और शेफाली वर्मा बिना खाता खोले आउट हो गईं। इसके बाद स्मृति मंधाना (83), कप्तान हरमनप्रीत कौर (58) और दीप्ति शर्मा (57) की पारियों से भारत ने 285 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन फिलर ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में इंग्लैंड की पहली पारी 170 रन पर सिमट गई। क्रांति गौड़ ने 5 विकेट झटके। सयाली सतघारे और स्नेह राणा ने 2-2 विकेट लिए, जबकि दीप्ति शर्मा को एक सफलता मिली। एमी जोन्स ने 52 और कप्तान नेट सिवर-ब्रंट ने 44 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज टिक नहीं सके।

### भारत ने मैच पर कब्जा जमाया

115 रन की बढ़त के साथ दूसरी पारी खेलने उतरी भारतीय टीम को स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 88 रन की शुरुआत दी। इसके बाद यस्तिका भाटिया ने जिम्मेदारी संभालते हुए 113 रन की बेहतरीन पारी खेली। उन्होंने स्मृति के साथ 73 और दीप्ति शर्मा के साथ 52 रन की साझेदारी की। ऋचा घोष ने नाबाद 50 और सयाली सतघारे ने नाबाद 18 रन बनाकर भारत को 341/7 तक पहुंचाया। इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्लेस्टोन ने 5 विकेट लिए, लेकिन भारत ने 456 रन की बढ़त हासिल कर ली।

### चौथे दिन भारतीय स्पिनरों ने खत्म किया मुकाबला

457 रन का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत बेहद खराब रही। टैमी ब्यूमोंट, माया बुशियर, हीदर नाइट और कप्तान नेट-ब्रंट जल्दी आउट हो गईं। एमी जोन्स ने 54 और सोफी एक्लेस्टोन ने 50 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड ज्यादा देर टिक नहीं सका। स्नेह राणा ने 4 विकेट लिए। सयाली सतघारे, क्रांति गौड़ और दीप्ति शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। इंग्लैंड की पूरी टीम 186 रन पर सिमट गई और भारत ने मुकाबला 270 रन से जीत लिया।

# फीफा विश्व कप: गोल्डन बूट के लिए मेसी-एमबाप्पे के बीच कड़ा मुकाबला

मियामी

**फीफा विश्वकप फुटबॉल अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और ऐसे में सबसे अधिक गोल के लिए मिलने वाले गोल्डन बूट अवार्ड के लिए भी मुकाबला कड़ा हो गया है। गोल्डन बूट की दौड़ में अर्जेंटीना के करिश्माई कप्तान लियोनेल मेसी और फ्रांस के युवा सनसनी किलियन एमबाप्पे 8-8 गोल के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं, जिससे यह मुकाबला और भी कांटे का हो गया है।**



वहीं मेसी और एमबाप्पे के बीच सिर्फ गोल्डन बूट के लिए ही नहीं, बल्कि विश्व कप के इतिहास में अपने कुल गोलों की संख्या को और बढ़ाने के लिए भी मुकाबला चल रहा है। मेसी के नाम अब तक 21 विश्व कप गोल दर्ज हैं, जबकि फ्रांस के स्टार स्ट्राइकर किलियन एमबाप्पे 20 गोल के साथ उन्हें कड़ी टक्कर दे रहे हैं। ऐसे में, आगामी सेमीफाइनल और संभावित फाइनल मुकाबले में ये दोनो ही दिग्गज अपने प्रदर्शन से इतिहास रह सकते हैं। इस रोमांचक दौड़ में नॉर्वे के स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड ने भी 7 गोल के साथ अपनी दावेदारी की थी पर हालांकि, इंग्लैंड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हारने के बाद उनकी टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। वहीं, इंग्लैंड के युवा मिडफील्डर जूड बेलिंगहम और कप्तान हैरी केन भी गोल्डन बूट के प्रबल दावेदार बने हुए हैं। दोनों ही खिलाड़ियों ने अब तक 6-6 गोल दागे हैं! , और चूंकि इंग्लैंड की टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है, उनके पास मेसी और एमबाप्पे को चुनौती देने और संभावित रूप से पीछे छोड़ने का पूरा मौका है।

## रमीज ने वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौरे से पहले कप्तान बदलने पर उठाये सवाल

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट में विवाद बढ़ता जा रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौर से पहले एक बार फिर कप्तान बदलने पर पूर्व क्रिकेटर रमीज राजा ने सवाल उठाये हैं। राजा ने कहा कि ये गलत कदम है, जिस प्रकार से शान मसूद को हटाकर बाबर आजम को कप्तानी सौंपी गयी है उससे कोई लाभ नहीं होगा। पूर्व में पीसीबी प्रमुख रहे रमीज के अनुसार खराब प्रदर्शन पर केवल कप्तान को बदलने से कुछ नहीं होने वाला। रमीज कहा कि जब किसी कप्तान को लगातार साधारण खिलाड़ियों का समूह दिया जाता है, तो आप बेहतर परिणाम किया प्रकार से मिल सकते हैं। साथ ही पूछा है कि अगर टेस्ट टीम का स्तर अच्छा नहीं है, तो केवल कप्तान क्या कर सकता है? रमीज के अनुसार क कप्तान की सफलता पूरी तरह से उसे मिली टीम पर निर्भर करती है। उनका मानना है कि कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितने अच्छे खिलाड़ी उसे दिए जाते हैं। अपने इस बयान से रमीज ने पीपीसी पर करारा तंज किया है। गौरतलब है कि शान ने दिसंबर 2023 से 16 टेस्ट मैचों में पाकिस्तान की कप्तानी की थी। इसमें टीम को 12 मैचों में हार का सामना करना पड़ा।

# द्रविड़ बन सकते हैं इंग्लैंड की टेस्ट टीम के मुख्य कोच

लंदन

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान व कोच रहे राहुल द्रविड़ अब इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के नये मुख्य कोच बन सकते हैं। ब्रैंडन मैकुलम को टेस्ट टीम के मुख्य कोच पद से हटाए जाने के बाद से ही नये कोच के लिए अटकलें लगायी जाने लगी हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में 1-2 की करारी हार के बाद से ही इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने ब्रैंडन मैकुलम को पद से हटाने का फैसला किया है हालांकि वह सीमित ओवरों के लिए मुख्य कोच बने रहेंगे। उनकी



आक्रामक क्रिकेट की बैजबॉल रणनीति टेस्ट में असफल रही है। इसी को देखते हुए बोर्ड ने उन्हें हटाने का फैसला किया है। ईसीबी का मानना है कि अगले साल होने वाली प्रतिष्ठित एशेज सीरीज से पहले टीम में बदलाव के लिए यह जरुरी है। गौरतलब है कि मैकुलम के चार साल के कार्यकाल के दौरान इंग्लैंड ने कुल 49 टेस्ट मैच खेले, जिनमें से टीम को 27 में जीत और 20 में हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान इंग्लैंड का प्रदर्शन घरेलू मैदानों पर तो शानदार रहा, लेकिन विदेशी पिचों पर टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा, जहां भारत (2023-24) और पाकिस्तान (2024-25) के दौरों पर मिली शर्मनाक सीरीज हार ने उनके बैजबॉल रणनीति को फेल कर दिया।

एक रिपोर्ट के अनुसार, ईसीबी ने मैकुलम के संभावित विकल्पों की एक सूची तैयार की है, जिसमें द्रविड़ का मुख्य दावेदार के तौर पर शामिल किया गया है। द्रविड़ के अलावा जिम्बाब्वे के पूर्व कोच एंडी फ्लावर और इंग्लैंड के पूर्व इंग्लिश स्पिनर रिचर्ड डॉसन, श्रीलंका के महान बल्लेबाज कुमार संगकारा, इंग्लैंड लायंस के कोच एंड्रयू फ्लिंटॉफ भी दावेदार हैं। वहीं कोच के लिए प्रमुख दावेदार द्रविड़ की गिनती दुनिया के सबसे समझदार और रणनीतिक रूप से मजबूत कोचों में होती है। उनके मार्गदर्शन में भारतीय टीम ने 2024 टी20 विश्व कप का खिताब जीता और 2023 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल तक वह पहुंची थी। द्रविड़ की बारीक कोचिंग शैली, अनुशासन और रेड-बॉल (टेस्ट) क्रिकेट की गहरी समझ के कारण ही इंग्लैंड बोर्ड उन्हें इस पद के लिए सबसे बेहतर मान रहा है। हालांकि, रिपोर्ट यह भी बताती है कि राहुल द्रविड़ की पूर्णकालिक कोचिंग में वापसी की खास इच्छा नहीं रही है, लेकिन इंग्लैंड के टेस्ट कोच का पद उनके लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है, क्योंकि इसमें उन्हें घर पर बिताने के लिए लंबा समय मिलेगा और साथ ही अपने पसंदीदा प्रारूप (टेस्ट क्रिकेट) को जिंदा रखने में योगदान देने का मौका भी मिलेगा।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने बनाया रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर

## फिजिकल एआई आधारित रोबोटिक्स पर जोर

## सीईओ को सीधे रिपोर्ट करेगा नया संगठन



सियोल

रोबोटिक्स कारोबार को विस्तार देने के लिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर की स्थापना की है। नया संगठन रोबोटिक्स के व्यावसायीकरण से जुड़े कारोबार विकास, आपूर्ति श्रृंखला और विनिर्माण संचालन को एकीकृत रूप से संभालेगा। एक जुलाई 2026 से प्रभावी यह बदलाव कंपनी के वार्षिक संगठनात्मक पुनर्गठन से पहले किया गया है। एलजी का कहना है कि इससे फिजिकल एआई आधारित रोबोटिक्स को भविष्य के प्रमुख कारोबार के रूप में विकसित करने में मदद मिलेगी। नया केंद्र सीधे सीईओ ल्यू जे-चेओल को रिपोर्ट करेगा। रोबोटिक्स बिजनेस सेंटर का नेतृत्व सॉन्ग सी-योंग करेंगे। वह इससे पहले एलजी के प्रोडक्शन इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट में प्रमुख जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। केंद्र व्यापार विकास, बिक्री और संचालन से जुड़े सभी पहलुओं पर काम करेगा। एलजी ने रोबोट प्रशिक्षण और तकनीकी विकास के लिए एक समर्पित डेटा फैक्ट्री संगठन बनाने की भी घोषणा की है। इसके तहत सियोल के यांगजे आरएंडडी कैंपस में बड़े पैमाने की डेटा फैक्ट्री तैयार की जा रही है। यहां से मिलने वाले उच्च गुणवत्ता वाले डेटा का उपयोग एलजी के रोबोट फाउंडेशन मॉडल (आरएफएम) को बेहतर बनाने में किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, नई संरचना से निर्णय प्रक्रिया तेज होगी और रोबोटिक्स रणनीति, तकनीकी विकास तथा लागत प्रतिस्पर्धा को मजबूती मिलेगी। एलजी सीएनएस और एलजी एआई रिसर्च जैसी सहयोगी कंपनियों की विशेषज्ञता को भी इसमें जोड़ा जाएगा। एलजी औद्योगिक, वाणिज्यिक और घरेलू रोबोटिक्स बाजार पर समान रूप से ध्यान दे रही है। औद्योगिक रोबोटिक्स क्षमता, बियर रोबोटिक्स की वाणिज्यिक विशेषज्ञता और अपने घरेलू रोबोट पोर्टफोलियो के साथ एक व्यापक इकोसिस्टम तैयार कर रही है। एलजी ने 2026 को रोबोटिक्स कारोबार विस्तार का शुरुआती वर्ष घोषित किया है। कंपनी रोबोट उत्पादों, एक्चुएटर जैसे प्रमुख घटकों, डेटा क्षमताओं और अपने तकनीकी इकोसिस्टम के जरिए फिजिकल एआई समाधान क्षेत्र में अग्रणी बनने की तैयारी कर रही है। इसके लिए कंपनी अपनी छह दशक से अधिक पुरानी मोटर तकनीक विशेषज्ञता के आधार पर घरेलू स्तर पर एक्चुएटर निर्माण की दिशा में भी काम कर रही है।

# एप्पल ने दायर कराया ओपनएआई पर मुकदमा, तकनीकी चुराने का है आरोप



नई दिल्ली

एआई फर्म ओपनएआई और उसके मुख्य हार्डवेयर अधिकारी, टैंग टैन के खिलाफ एप्पल कंपनी ने कैलिफोर्निया के नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। दिग्गज टेक कंपनी एप्पल का आरोप है कि ओपनएआई ने सुनियोजित तरीके से उसके आगामी उत्पादों से जुड़ी गोपनीय जानकारी, डिजाइन और तकनीकी दस्तावेजों को हासिल करने का प्रयास किया।

मुकदमे में यह दावा किया गया है कि टैंग टैन, जो पहले एप्पल में प्रोडक्ट डिजाइन के उपाध्यक्ष रह चुके हैं और उन्होंने आईफोन, एप्पल वॉच, एयरपॉड्स सहित कई प्रमुख हार्डवेयर उत्पादों का नेतृत्व किया था, उन्होंने नौकरी के इंटरव्यू के दौरान एप्पल के कर्मचारियों को कंपनी के आने वाले उत्पादों से संबंधित जानकारी, कंपोनेंट्स, ड्रॉइंग और अन्य गोपनीय सामग्री साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया। एप्पल ने अपनी शिकायत में पूर्व आईफोन हार्डवेयर इंजीनियर चांग लियू का भी नाम लिया है। कंपनी का आरोप है कि चांग लियू ने ओपनएआई के लिए हार्डवेयर विकसित करने की प्रक्रिया के दौरान गैरकानूनी रूप से एप्पल की दर्जनों गोपनीय हार्डवेयर फाइलों तक पहुँच बनाई। इन फाइलों में ऐसे उत्पादों से जुड़ी विस्तृत तकनीकी जानकारी और इंजीनियरिंग प्रेजेंटेशन शामिल थे, जो अभी तक लॉन्च नहीं हुए हैं। इसके अतिरिक्त, एप्पल ने यह भी आरोप लगाया कि ओपनएआई ने अपने कई कर्मचारियों को यह सलाह दी कि वे कंपनी छोड़ते समय इस प्रकार से कदम उठाएं, जिससे गोपनीय फाइलों तक उनकी पहुँच बनी रहे, जो कॉर्पोरेट गोपनीयता समझौतों का उल्लंघन है। हालांकि, ओपनएआई ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

कंपनी ने एक बयान में कहा है कि उसे किसी अन्य कंपनी के व्यापारिक रहस्यों में कोई दिलचस्पी नहीं है और वह ऐसी नई तकनीक विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है जो दुनिया भर के लोगों को सशक्त बना सके।

यह ध्यान देने योग्य है कि हाल के वर्षों में एप्पल और ओपनएआई के बीच एक करीबी साझेदारी रही है, जिसमें ओपनएआई ने एप्पल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म और सिरी डिजिटल असिस्टेंट के लिए महत्वपूर्ण तकनीक प्रदान की थी।

# सरकारी बैंकों का बड़ा कदम, 15,000 एटीएम बनेंगे स्मार्ट मिनी बैंक

**नई दिल्ली।** देश के सरकारी बैंकों ने ग्राहकों की सुविधाएं बढ़ाने और डिजिटल बैंकिंग को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 15,000 पुराने एटीएम को नई तकनीक से अपग्रेड किया जाएगा। इन नए एटीएम को स्मार्ट, तेज और सुरक्षित बनाया जाएगा, जिनका लक्ष्य सिर्फ पैसे निकालने की मशीन से बदलकर एक छोटी बैंक शाखा का रूप देना है। यह अपग्रेड होने के बाद एटीएम से ग्राहकों को कई नई सुविधाएं मिलेंगी। इनमें कैश रीसाइक्लिंग मशीन सबसे अहम होगी, जिससे ग्राहक पैसे निकालने के साथ-साथ जमा भी कर सकेंगे। इसके अलावा, बिना डेबिट कार्ड के यूपीआई आधारित कैश निकासी की सुविधा भी मिलेगी। नई मशीनों में बेहतर सिक्योरिटी फीचर्स जोड़े जाएंगे, जिससे ऑनलाइन और एटीएम फ्रॉड से सुरक्षा बढ़ेगी और ट्रांजैक्शन तेजी से होंगे। बैलेंस चेक और मिनी स्टेटमेंट जैसी मल्टी-सर्विस भी एक ही जगह उपलब्ध होगी। इस बदलाव का सबसे ज़्यादा फायदा उन लोगों को मिलेगा जहां बैंक शाखाएं कम हैं,

# एयरटेल का डिजिटल महाविस्तार वित्तीय सेवाओं और डेटा केंद्रों पर दांव

नई दिल्ली

दूरसंचार क्षेत्र की अग्रणी कंपनी भारती एयरटेल अब सिर्फ मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं तक सीमित नहीं रहना चाहती। चेयरमैन सुनील भारती मित्तल ने कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में घोषणा की है कि एयरटेल भविष्य में वित्तीय सेवाओं, डाटा केंद्र और क्लाउड कारोबार को अपनी अगली विकास यात्रा का प्रमुख आधार बनाएगी। यह रणनीतिक विस्तार भारत में तेजी से बढ़ते डिजिटलीकरण और क्लाउड सेवाओं की मांग का लाभ उठाने के लिए तैयार किया गया है। मित्तल ने बताया कि एयरटेल मनी में लगभग 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश



करने की योजना है, जिसे आरबीआई से गैर-जमा स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में मंजूरी मिल चुकी है। यह कदम देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही कंपनी अपने डाटा केंद्र कारोबार एनएक्स्ट्रा का भी तेजी से विस्तार कर रही है, जिसके तहत 1000 मेगावाट क्षमता वाले डाटा केंद्र विकसित करने का लक्ष्य है। हाल ही में एनएक्स्ट्रा के लिए लगभग एक अरब अमेरिकी डॉलर की राशि जुटाई गई है, जो क्लाउड सेवाओं की बढ़ती मांग और डेटा को भारत में सुरक्षित रखने की जरूरत को पूरा करेगी। पिछले एक दशक में भारती एयरटेल ने डिजिटल बुनियादी ढांचे पर 3.3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है, जो इस नए विस्तार का आधार बनेगा। कंपनी का मानना है कि वित्तीय सेवाओं, डाटा केंद्र और क्लाउड सेवा जैसे क्षेत्रों में उसकी मजबूत स्थिति, साथ ही सरकार की सहायक नीतियां, भविष्य में बेहतर परिणाम देंगी।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ

## `सेक्स 47अंक , निफ्टी 4 अंक उछला

मुंबई

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। आज दुनिया भर के बाजारों से मिले नकारात्मक वैश्विक संकेतों के साथ ही उतार-चढ़ाव जारी रहने से बाजार में उत्साह नहीं था। । सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन आईटी शेयरों में तेजी से बाजार अंत में बढ़त पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 47.01 अंक



उछलकर 77,616.40 पर जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 4.10 अंक बढ़कर 24,211 पर बंद हुआ। वहीं व्यापक बाजार में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप भी हल्की तेजी के साथ बंद हुआ। आज सेक्टरवार देखें तो निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी मेटल में सबसे ज्यादा गिरावट रही जबकि निफ्टी आईटी में सबसे ज्यादा तेजी आई । इसके बाद निफ्टी मीडिया और निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में भी बढ़त रही। निफ्टी ऑटो में और निफ्टी प्राइवेट बैंक व निफ्टी पीएसयू बैंक में भी तेजी रही।वहीं इसके विपरीत, निफ्टी एफएमसीजी में गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा निफ्टी मेटल , निफ्टी इंफ्रा और निफ्टी रियल्टी में गिरावट आई। निफ्टी फार्मा और निफ्टी एनर्जी भी नीचे आये।

निफ्टी में टीसीएस और एचसीएलटेक में बढ़त दर्ज की गई और ये दिन के सबसे अधिक लाभ वाले शेयर रहे। टेक महिंद्रा, इंफोसिस, बजाज ऑटो और एनटीपीसी के शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। जबकि, सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले शेयरों में ग्रासिम इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, नेस्ले इंडिया के शेयर रहे ।जानकारों के अनुसार अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले बढ़ाने के बाद से ही ब्रेंट क्रूड की कीमतों में 3 तेजी आई है जिससे बाजार पर दबाव आया है। ।

वहीं इससे पहले आज सुबह शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांकों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सुबह शुरुआत के बाद निफ्टी 50 178 अंक की गिरावट के साथ 24,029.75 पर कारोबार कर रहा था। वहीं बीएसई सेंसेक्स 637 अंक टूटकर 76,931.95 के स्तर पर आ गया। वहीं अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए, जहां एनवीडिया और मेटा जैसी टेक कंपनियों में खरीदारी देखने को मिली। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर निवेशकों का उत्साह अभी भी बना हुआ है। हालांकि, एशियाई बाजारों में मिला-जुला रुख है।

# ग्रामीण सड़कों की गुणवत्ता, समयबद्ध निर्माण और तकनीकी क्षमता बढ़ाने पर जोर

### मंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति की बैठक में दिए निर्देश

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति की बैठक में निर्देश दिए कि सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सिविल इंजीनियरिंग विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए शीघ्र टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ करने, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की नीतियों के अनुरूप कार्य प्रणाली अपनाने तथा विभाग की सभी विंगों के बेहतर समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य बसावटों को सड़क संपर्क उपलब्ध कराने तथा माय गॉव से मजरा-टोला सड़क डिजाइनों के लिए प्रतियोगिता आयोजित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही विभागीय प्रयोगशालाओं को अत्याधुनिक एवं सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बैच-1 में 973 मार्ग (2,117 किलोमीटर) स्वीकृत किए गए हैं, जिनसे 987 बसाहटों को लाभ मिलेगा, जबकि बैच-2 में 2,032 मार्गों पर कार्य प्रस्तावित है। क्षतिग्रस्त 1,776 पुलों में से 380 पुलों के पुनर्निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अलावा 210 विधानसभा क्षेत्रों में प्रति विधानसभा 20 किलोमीटर के मान से लगभग 4,000 किलोमीटर मजरा-टोला संपर्क मार्गों के निर्माण के लिए डीपीआर तैयार कर ली गई है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि भारी वाहनों के आवागमन से प्रभावित 5,388 किलोमीटर सड़कों के उन्नयन के



कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 5,166 किलोमीटर के कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 350 किलोमीटर सड़कों के उन्नयन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। माइनिंग से प्रभावित मार्गों के उन्नयन के लिए एमपीएसईडीसी के माध्यम से सैटेलाइट इमेज विश्लेषण कराया जा रहा है, जिसमें 1,119 मार्गों को प्राथमिक रूप से चिन्हित किया गया है। मंत्री श्री पटेल ने भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी कार्यों को निर्धारित चरणों में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**जलग्रहण विकास कार्यों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग करें**-पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री ने मध्यप्रदेश जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत जलग्रहण (वाटरशेड) विकास कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उपलब्ध तकनीकों और संसाधनों का उपयोग अन्य विकास कार्यों में भी किया जाए। उन्होंने कहा कि डीपीएपी विकासखंडों की अवधारणा का वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन किया जाए तथा जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के समग्र प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाए। मंत्री श्री पटेल ने निर्देश दिए कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) एवं भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के उपयोग के लिए पृथक व्यवस्था विकसित की जाए। साथ ही भू-जल पुनर्भरण के लिए कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की अवधारणा पर कार्य करते हुए वैज्ञानिक संस्थानों के सहयोग से प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि पुरानी जल संरचनाओं एवं वॉटर बॉडी के पुनर्भरण के लिए जलग्रहण परियोजनाओं का अधिकतम उपयोग किया जाए।

**समयबद्ध डिजिटल सेवाओं और पंचायत ऑडिट को करे सुनिश्चित** -पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य टेक ई-पंचायत सोसाइटी की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए कि विभाग की सभी ऑनलाइन सेवाओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेवा के लिए पोर्टल पर निर्धारित समय-सीमा प्रदर्शित हो तथा नागरिकों से जुड़ी प्राथमिकता वाली सेवाओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पंचायत दर्पण पोर्टल के विकास एवं संधारण, विभागीय समेकित पोर्टल, पेसा एक्ट मॉड्यूल, भाषिणी के माध्यम से हिंदी अनुवाद सुविधा तथा सुगम मॉनिटरिंग प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री पटेल ने पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए डिजिटल रिमोट ऑडिट सिस्टम को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पंचायत ऑडिट के लिए आवश्यक कानूनी प्रावधानों एवं प्रक्रियाओं को सुदृढ़ किया जाए, जिससे ऑडिट व्यवस्था अधिक पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी बन सके तथा पंचायतों में सुशासन एवं वित्तीय अनुशासन को और मजबूती मिले।



## जिला अस्पतालों के उन्नयन एवं पद स्वीकृति की कार्यवाही प्राथमिकता से करें पूर्ण: उप मुख्यमंत्री

### विशेषज्ञों की भी पदोन्नति की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय कार्यों में तेजी लाते हुए सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिला अस्पतालों के उन्नयन तथा नवीन पदों के सृजन एवं स्वीकृति से संबंधित विभागीय कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक प्रभाव एवं बेहतर हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि नर्सिंग भर्ती परीक्षाओं का समयबद्ध आयोजन किया जाए तथा पूरी प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि बांडधारी चिकित्सकों के पोस्टिंग आदेश शीघ्र जारी कर चिन्हित चिकित्सकों की समय पर पदस्थापना एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित अन्य चिकित्सकों की पदोन्नति की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए इसे जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, अशोक बर्णवाल उपस्थित थे।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से शिक्षक गंभीर रूप से घायल



**हटा (स्वतंत्र मत)।** हटा-पन्ना मार्ग पर सोमवार सुबह घुटारिया के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेवरैया स्कूल में पदस्थ शिक्षक संतोष पिता विष्णु बड़गैया सोमवार सुबह विद्यालय जा रहे थे।

इसी दौरान घुटारिया के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि संतोष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायल शिक्षक को उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## नरसिंहगढ़ चौकी क्षेत्र में हुई लाखों रुपये की लूट का खुलासा

### दो आरोपी गिरफ्तारए 8.50 लाख की संपत्ति बरामद

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** चौकी नरसिंहगढ़ थाना दमोह देहात क्षेत्र में हुई लूट की सनसनीखेज वारदात का दमोह पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से घटना में लूटी गई सोने-चांदी के आभूषण, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, एक देशी कट्टा एवं अन्य सामग्री सहित लगभग 8.50 लाख रूपये की संपत्ति बरामद की गई है। घटना 4 जुलाई 2026 की रात्रि में फरियादी विजय जैन, निवासी सूखी पिपरिया, थाना दमोह देहात ने डायल 112 पर सूचना दी कि रात्रि लगभग 1 बजे के बीच चार अज्ञात व्यक्ति घातक हथियारों से लैस होकर उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को बंधक बनाकर मारपीट की तथा घर में रखे सोने.चांदी के आभूषण एवं नगदी सहित लगभग 12.70 लाख रूपये की संपत्ति लूटकर



फ़रार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना दमोह देहात पुलिस एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

डॉग स्क्वाड, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ एवं साइबर टीम की सहायता से भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य संकलित किए गए तथा बाहरी क्षेत्रों में नाकाबंदी कराई गई । पुलिस अधीक्षक दमोह आनंद कलादगी द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी पर 10000 रूपये के इनाम की घोषणा की गई।

## प्रदेश को घुड़सवारी के क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाने की दिशा में करें कार्य

### मंत्री श्री सारंग ने घुड़सवारी अकादमी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी का निरीक्षण कर उपलब्ध खेल सुविधाओं, प्रशिक्षण व्यवस्थाओं तथा निर्माणाधीन अधोसंरचना का अवलोकन किया। निरीक्षण के बाद उन्होंने अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक कर अकादमी के समग्र विकास, खिलाड़ियों के प्रदर्शन तथा घुड़सवारी खेल को प्रदेश में अधिक लोकप्रिय बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मंत्री श्री सारंग ने सर्वप्रथम अकादमी के अस्तबल का निरीक्षण कर घोड़ों के रख-रखाव, स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मल्टीपर्पस इंडोर एरीना का निरीक्षण किया। श्री सारंग ने कहा कि इंडोर एरीना के निर्माण कार्य पूरा होने पर मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की घुड़सवारी प्रतियोगिताओं के आयोजन का मार्ग प्रशस्त होगा तथा खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं



उपलब्ध हो सकेंगी। समीक्षा बैठक में मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अकादमी के प्रत्येक खिलाड़ी की विस्तार से प्रोफाइल तैयार की जाए, जिसमें खिलाड़ियों की आवश्यक जानकारी संकलित हो। इससे यह समझा जा सकेगा कि घुड़सवारी खेल के प्रति किस आय वर्ग के युवाओं का अधिक रुझान है। श्री सारंग ने कहा कि इस आधार पर भविष्य की कार्य-योजना तैयार कर अधिक से अधिक युवाओं को इस खेल से जोड़ा जा सकेगा। मंत्री श्री सारंग ने अकादमी की स्थापना से लेकर अब तक की सभी उपलब्धियों, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों के प्रदर्शन, अर्जित पदकों तथा महत्वपूर्ण उपलब्धियों का विस्तृत दस्तावेज तैयार करने के निर्देश दिए। इससे अकादमी की उपलब्धियों को और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा सकेगा। मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि पे एंड प्ले योजना के माध्यम से भी आम नागरिकों एवं युवाओं को घुड़सवारी का अनुभव उपलब्ध कराया जाए। इससे इस खेल के प्रति लोगों की रुचि बढ़ेगी और नए खिलाड़ियों को तैयार करने में सहायता मिलेगी। मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों से कहा कि मध्यप्रदेश को घुड़सवारी के क्षेत्र में देश की अग्रणी पहचान दिलाने के उद्देश्य से योजनाबद्ध एवं परिणामोन्मुखी कार्य किए जाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्कृष्ट अधोसंरचना, गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और प्रभावी कार्य-योजना के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नई उपलब्धियां अर्जित कर मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाएंगे।

## मिशन ग्रीन के तहत किया पौधारोपण

दमोह(स्वतंत्र मत)। विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था दमोह की प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती मीना पाठक और जिला अध्यक्ष श्रेया पाठक के निर्देशन में और मिशन ग्रीन दमोह 11 के तत्वाधान में पाठक कॉलोनी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में पौधा रोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूजा मलैया का आगमन हुआ। उनके द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा प्रकोष्ठ की प्रदेश प्रभारी डॉ. किरण गोस्वामी, कला साहित्य की जिला प्रभारी पदमा तिवारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रगति मिश्रा, जिला कार्य संगठन महामंत्री सीमा हजारी, जिला उपाध्यक्ष प्रभात मिश्रा, आरती चौबे, माधुरी पाठक, जिला महामंत्री अनीता पाठक, सविता पांडे, जिला सचिव श्रीमती जानकी गर्ग, सरोज तिवारी, कुसुम चौबे, मालती मिश्रा, बरसा तिवारी, सुशीला सारोठिया, धार्मिक प्रकोष्ठ की प्रभारी श्रीमती चंदा मिश्रा, श्रीमती कुसुम मिश्रा, संध्या गर्ग, उषा पांडे, सुषमा पांडे, सीमा शुक्ला उपस्थित थे।

## 16 को निकलेगी भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा

**हटा (स्वतंत्र मत)।** पूर्व के वर्षों की भांति इस बार भी नगर में भगवान जगन्नाथ जी की पावन रथ यात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया जाएगा। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित होने वाली इस रथ यात्रा को लेकर भक्तों और आयोजन समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। देव बाला मन्दिर के महंत हरिराम दास महाराज ने आयोजन की जानकारी दी।

आयोजन समिति ने नगरवासियों एवं श्रद्धालु भक्तों से परिवार सहित रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद एवं पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। रथ यात्रा देवश्री बालाजी सरकार मंदिर से प्रारंभ होगी। इसके बाद यात्रा बजरिया, गौरीशंकर मंदिर, चंडीजी मंदिर,शिवशक्ति माता मंदिर, प्यासी मुहल्ला, राय चौराहा, मेन बाजार और भूतेश्वर मंदिर होते हुए पुन: देवश्री बालाजी सरकार मंदिर पहुंचेगी, जहां इसका समापन होगा। आयोजकों के अनुसार रथ यात्रा के दौरान नगर में धार्मिक और भक्तिमय वातावरण रहेगा।


कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

**द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO No. 384<br>DATE 13/7/2026<br>Tender id no.<br>2026_UAD_521126_1 | संभाग क्रमांक 9 लालमाटी अंतर्गत जाट समाज मुक्तिधाम में मुख्यद्वार बाउंड्रीबाल, गार्डन एवं चौकीदार के लिये रूम एवं अन्य आवश्यक कार्य।<br>(महापौर मद) | 4 माह<br>18.13/- | 2000/-<br>13602/- | 30/7/2026 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम जबलपुर

**सरनेम सुधार सूचना**

मैं सौम्या राठौर पिता श्री मुकेश कुमार राठौर निवासी मकान नं. 3055/1ए, देवी पैलेस, आई.टी.आई. रोड, जगदम्बा किराना के पास, चेरीताल, जिला जबलपुर मध्य प्रदेश कथन करती हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट क्रंमाक- N7401307 भोपाल से जारी हुआ था जिसमें मेरा नाम सौम्या राठौर (SOUMYA RATHOR) लिखा है तथा मेरे स्कूल सर्टिफिकेट, बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, आदि में सौम्या राठौर (SOUMYA RATHORE) से है मेरे पासपोर्ट में मेरे माता-पिता के नाम के सरनेम में भी (RATHOR) लिखा है जो कि गलत हैं। अतः मेरे माता-पिता के सरनेम में भी (RATHORE) होना चाहिए जो सही है अब से मुझे इसी नाम जाना व पहचाना जावें।

गलत नाम
सौम्या राठौर (SOUMYA RATHOR)
सही नाम
सौम्या राठौर (SOUMYA RATHORE)

**सरनेम सुधार सूचना**

मैं मान्या राठौर पिता श्री मुकेश कुमार राठौर निवासी मकान नं. 3055, देवी पैलेस, आई.टी. आई. रोड, जगदम्बा किराना के पास, चेरीताल वार्ड, जिला जबलपुर मध्य प्रदेश कथन करती हूँ कि मेरे पूर्व पासपोर्ट क्रंमाक W1631860 भोपाल से जारी हुआ था जिसमें मेरा नाम मान्या राठौर (MANYA RATHOR) लिखा है तथा मेरे स्कूल सर्टिफिकेट, बर्थ सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, आदि में मान्या राठौर (MANYA RATHORE) से है मेरे पासपोर्ट में मेरे माता-पिता के नाम के सरनेम में भी (RATHOR) लिखा है जो कि गलत हैं। अतः मेरे माता- पिता के सरनेम में भी (RATHORE) होना चाहिए जो सही है अब से मुझे इसी नाम जाना व पहचाना जावें।

गलत नाम
मान्या राठौर (MANYYA RATHOR)
सही नाम
मान्या राठौर (MANYYA RATHORE)


## जिले में 289.9 मिमी वर्षा दर्ज

दमोह।

जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 289.9 मिमी अर्थात 11.4 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है जो अभी तक गत वर्ष से 277.7 मिमी अर्थात 10.9 इंच कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 567.6 मिमी अर्थात 22.3 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा पटेरा में 472.4 मिमी दर्ज की गई है। भू अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 266 मिमी, हटा 371.2 मिमी, जबेरा में 239 मिमी पथरिया 352 मिमी तेन्दूखेड़ा 204.8 मिमी बटियागढ़ 124 मिमी तथा पटेरा में 472.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।


**आम सूचना**

मैं अनूप रॉय निवासी मकान नं. 1184/11 रामपुर सुधा विहार, सुले नर्सिंग होम के पास विद्युत नगर जबलपुर सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री अनुश्री रॉय उम्र लगभग 37 वर्ष निवासी रामपुर सुधा विहार, सुले नर्सिंग होम के पास विद्युत नगर जबलपुर ने अपने माता पिता एवं घर के बगैर सहमति केपूर्व में 2017 में अपनी मर्जी से अन्य समाज के लड़के के साथ विवाह कर लिया हैं जिससे हमारा परिवार एवं समाज में प्रतिष्ठा को आघात पहुचां हैं अतः अब से मेरा एवं मेरे परिवार का अपनी पुत्री अनुश्री रॉय से किसी भी प्रकार का कोई भी संबंध नही रह गया हैं। मैं अपनी पुत्री को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति से हमेशा के लिए बेदखल करता हूँ एवम उसके द्वारा किये जाने वाले कोई भी लेनदेन एवं निर्णय से हमारा किसी भी प्रकार का संबंध नही रहेगा। अतः मैं अपनी पुत्री को हमेशा के लिए अपने से संबंध विच्छेद कर रहा हूँ। यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूँ जो सनद रहे वक्त जरूरत पर काम आवे। जबलपुर दिनांक 14.07.2026 भवदीय-

**अनूप रॉय**
रामपुर, सुधा विहार, सुले नर्सिंग होम के पास विद्युत नगर, जबलपुर - 9425324489

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/7/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती प्रभा रजक पति श्री विनोद कुमार रजक ने वार्ड क्रमांक 43 वार्ड का नाम श्यामा प्रसाद मुखर्जी के भवन क्रमांक 1044 वार्ड कार्यालय के पास संपत्ति के पिन क्रमांक 1000447200 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 766 सीमेंट टीन व.फु. 675 व.फु. आरसीसी 144 सीमेंट टीन जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री विनीत कुमार झा पिता श्री राम कृष्ण झा (2) श्रीमती शालिनी झा पति श्री विनीत कुमार झा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/7/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पार्टनर कुलदीप एसोसिएट कुलवीर सिंह अरोरा पिता श्री सुरिंदर सिंह (2) श्री अजीत सिंह पिता श्री जरनैल सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 53/ए चैतन्य सिटी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000380691 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1146 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमती सुनीता तेकाम पति श्री अमर सिंह तेकाम (2) श्री अमर सिंह पिता श्री मांहगू सिंह तेकाम का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**सरनेम सुधार सूचना**

मैं गीतिका खत्री, (GEETIKA KHATRI), D/O GULSHAN GAMBHIR, वर्तमान निवासी,मकान नंबर 1413/ B1, अशोक अपार्टमेंट के सामने, गुप्तेश्वर रोड, मदन महल, जबलपुर, मध्यप्रदेश यह सूचित करती हूं कि विवाह उपरांत मेरा नाम गीतिका गंभीर,(GEETIKA GAMBHIR) की जगह गीतिका खत्री (GEETIKA KHATRI) हो गया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, बैंक स्टेटमेंट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं वोटर आई में भी लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को गीतिका खत्री (GEETIKA KHATRI) ही पढ़ा, लिखा एवं समझा जावे।

विवाह पूर्व नाम
GEETIKA GAMBHIR
विवाह उपरांत नाम
GEETIKA KHATRI

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/7/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कल्पना सेन पति राकेश कुमार सेन ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 108 राजुल सिटी फेस 3 संपत्ति के पिन क्रमांक 1004603522 से नया पिन पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1220 व.फु. जिस पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री शैलेष गुलाटी पिता श्री अशोक गुलाटी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र. 11 नगर निगम जबलपुर**
पत्र क्र./ सं.क्र.11/26-27
दिनांक 13/7/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अजीत सिंह पिता जरनैल सिंह (2) श्री गुरुबकस सिंह पिता श्री जरनैल सिंह चौहान ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक ख.नं. 399 का भाग प्लाट नं. 8 चैतन्य सिटी संपत्ति के पिन क्रमांक 1000383917 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल1441 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज (1) श्री अमजद अली पिता श्री युसुफ अली (2) नविस्ता अमजद पति श्री अमजद अली का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका जबलपुर में भूखण्ड क्रमांक 798 श्रीमति गीता बाई पाठक पति श्री चन्द्र कुमार पाठक के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 25.01.1995 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड गीता बाई पाठक पति श्री चन्द्र कुमार पाठक ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.07.2004 के माध्यम से श्रीमति नीता साहू पति श्री सतीश साहू एवं सतीश साहू पिता श्री द्वारका प्रसाद साहू को विक्रय किया है। अतः श्रीमति नीता साहू पति श्री सतीश साहू एवं सतीश साहू पिता श्री द्वारका प्रसाद साहू द्वारा उक्त भूखण्ड उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण ( भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं । निर्धारित अवधि के पश्चात् लीज हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर



## ▸▸ 25 लाख के मोबाइल धारकों को किए वापस

### गुम हुए मोबाइल पाकर खिल उठे 139 चेहरे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अलग-अलग मामलों में चोरी एवं गुम हुए कुल 139 मोबाइल फोन सोमवार को पुलिस द्वारा संबंधित धारकों को लौटाए गए। एसपी सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार तथा एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में पुलिस द्वारा गुम हुए 139 मोबाईल फोन लगभग 25 लाख कीमती पोर्टल के माध्यम से सफलतापूर्वक ट्रेस कर संबंधित धारकों को सुपुर्द किए गए।

## ▸▸ समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

### किसानों को उपलब्ध कराई जाए पर्याप्त मात्रा में बिजली

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में समय सीमा प्रकरणों के निराकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्ति बिजली सुनिश्चित की जाये। फसलों में सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।





# प्रमोशन में आरक्षण: एक्टिंग चीफ जस्टिस ने सुनवाई से खुद को किया अलग

## फिलहाल नहीं हटेगी रोक, अब स्पेशल बेंच करेगी आखिरी फैसला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र में प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े लंबे समय से लंबित मामले में सोमवार को मप्र हाईकोर्ट में अहम सुनवाई हुई। लाखों सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को राहत की उम्मीद थी, लेकिन हाईकोर्ट ने फिलहाल प्रमोशन पर लगी रोक हटाने से इनकार कर दिया। अब मामले की सुनवाई हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच इसी सप्ताह करेगी। सुनवाई के दौरान एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया ने खुद को मामले की सुनवाई से अलग कर लिया। वे पहले आरबी राय प्रकरण में अधिवक्ता के रूप में पक्ष रख चुके हैं। वर्तमान मामला भी उसी फैसले के आधार पर आगे बढ़ रहा है। संभावित हितों के टकराव से बचने के लिए उन्होंने खुद को केस से अलग किया। सुनवाई के दौरान प्रमोशन पर लगी रोक हटाने की मांग की गई, लेकिन मप्र हाईकोर्ट ने तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि मामले की विस्तृत सुनवाई अब स्पेशल बेंच करेगी। उसी के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा।



### लाखों अधिकारियों-कर्मचारियों की टिकी नजर

प्रमोशन में आरक्षण के मामले की सुनवाई मप्र हाईकोर्ट की स्पेशल बेंच के समक्ष होने की संभावना है। एक्टिंग चीफ जस्टिस एक-दो दिन में स्पेशल बेंच का गठन कर सकते हैं। माना जा रहा है कि इसी सप्ताह अंतिम बहस शुरू होगी। इसके बाद आगे की प्रक्रिया तय होगी। इस सुनवाई पर प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारी और अधिकारियों की नजर है, क्योंकि अंतिम निर्णय का सीधा असर लंबे समय से लंबित पदोन्नतियों पर पड़ेगा। पिछली सुनवाई में राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जान्हवी पंडित ने कोर्ट को बताया था कि 13 जुलाई की सुनवाई में महाधिवक्ता प्रशांत सिंह स्वयं सरकार का पक्ष रखना चाहते हैं। उनकी अनुपलब्धता के कारण सुनवाई के लिए समय देने का अनुरोध किया गया था। इस पर हाईकोर्ट ने सरकार को जवाब दाखिल करने का अवसर दिया था।

### फैसला और प्रमोशन रोकने की मांग

पिछली सुनवाई में सपाक्स (सामान्य, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग कर्मचारी संस्था) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज शर्मा ने मामले के तत्काल निराकरण की मांग की थी। उन्होंने हाईकोर्ट को बताया था कि पिछली सुनवाई में महाधिवक्ता ने मौखिक रूप से आश्वासन दिया था कि अंतिम निर्णय आने तक नई प्रमोशन नीति के तहत पदोन्नति नहीं की जाएगी। जरूरत पड़ने पर पिछली सुनवाई का वीडियो रिकॉर्ड भी कोर्ट में प्रस्तुत किया जा सकता है। अजाक्स की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर ठाकुर ने दलील दी थी कि कोर्ट के रिकॉर्ड में पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगाने का कोई लिखित आदेश नहीं है। केवल मौखिक आश्वासन के आधार पर सरकार प्रमोशन प्रक्रिया नहीं रोक सकती। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मप्र हाईकोर्ट ने उस समय अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

# सड़क किनारे लगी दुकानों को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, कई घायल

## अधारताल थाना क्षेत्र का मामला, आरोपी हुआ गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



शहर के अधारताल थाना क्षेत्र अंतर्गत जय प्रकाश नगर में सोमवार की शाम एक दर्दनाक और भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां पर एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने सड़क किनारे लगी दुकानों को रौंद दिया। इस दिल दहला देने वाले हादसे में कम से कम 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों की तत्परता से सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

***मची अफरा-तफरी, दुकानों में घुसी कार***- प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार की टक्कर लगते ही मौके पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि कार बेहद तेज गति में थी। चालक वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और कार सीधे सड़क किनारे लगे फल के ठेले, चाय की दुकान और एक मोबाइल शॉप में जा घुसी। दुकान संचालक और वहां मौजूद लोग इसकी चपेट में आ गए।

चश्मदीदों का कहना है कि कार की रफ्तार बहुत ज्यादा थी। जब तक कोई कुछ समझ पाता, उसने चाय और फल वालों को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दुकानें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं।

***कुछ की हालत नाजुक***- घटना की सूचना मिलते ही अधारताल थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दुर्घटना को अंजाम देने वाली कार के चालक आरोपी 24 वर्षीय मोहम्मद एहैतशाम निवासी नेता कॉलोनी को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। घायलों की स्थिति पर डॉक्टर नजर बनाए हुए हैं, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बताई जा रही है।

# एक रात में टूटे कई घरों के ताले, कटघरे में पुलिस की गश्त

## खितौला थाना क्षेत्र का मामला, लोगों में आक्रोश



**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** खितौला थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 13 स्थित जय भवानी कॉलोनी के पीछे लखराम मोहल्ला में रविवार की दरमियानी रात चोरों ने एक साथ 3 मकानों के ताले तोड़कर सनसनी फैला दी। सबसे बड़ी वारदात दिनेश दुबे के घर हुई। परिवार घर में ताला लगाकर बाहर गया था। सुबह करीब 7 बजे लौटने पर मुख्य गेट और कमरों के ताले टूटे मिले तथा पूरा घर अस्त-व्यस्त पड़ा था। पीड़ित दिनेश दुबे के मुताबिक चोर लॉकर में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नकद और लगभग तीन लाख रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए। सूचना मिलते ही खितौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पास के एक अन्य मकान का ताला भी टूटा मिला, लेकिन वहां चोरों को कुछ हाथ नहीं लगा। तीसरे मकान का पूरा परिवार अस्पताल में भर्ती होने से अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वहां से क्या-क्या सामान चोरी हुआ है। खितौला थाना क्षेत्र में पिछले एक से सवा माह के दौरान करीब 20 बड़ी चोरी की वारदातें हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। लगातार हो रही चोरियों से लोगों में भारी आक्रोश है। वहीं पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं।

## शराबी ने दो दोस्तों को मारे चाकू

**जबलपुर।** गोहलपुर थाने में 20 वर्षीय गौरव चौधरी निवासी चौधरी मोहल्ला गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह वेटर का काम करता है। बीती रात वह अपने दोस्त योगेन्द्र उर्फ पंतुल चौधरी के साथ अपने घर जा रहा था, सुशीला परिसर गेट के अंदर पहुंचा जहॉ नितिन चौधरी, पप्पू चौधरी, अप्पू रैकवार, अक्षय चौधरी आकर उससे एवं उसके दोस्त पंतुल से शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगे, रूपये देने से मना करने पर  मारपीट करने लगे, नितिन चौधरी ने चाकू से हमला कर चोट पहुचा दी। पंतुल उर्फ योगेन्द्र ने बीच बचाव किया तो नितिन ने चाकू से हमला कर पंतुल को चोट पहुंचा दी ,पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू करदी है।

## पमरे जीएम और सतना सांसद ने मिलकर किया निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने सतना निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सतना रेलवे स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों, कैमा मालगोदाम तथा ललितपुर-सिंगरौली नई रेललाइन परियोजना के अंतर्गत सतना-देवेन्द्रनगर रेलखण्ड का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता एवं यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह से सौजन्य भेंट की।

# पेड़ पर लटकी मिली लापता अधेड़ की लाश

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



मझगवां थाना क्षेत्र के ग्राम बंदर कोला के जंगल में सोमवार को एक अधेड़ की करीब 12 दिन पुरानी क्षत-विक्षत लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक कई दिनों से लापता था और उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट थाने में दर्ज होने के साथ ही परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह जंगल में लकड़ी बीनने गई महिलाओं की नजर एक पेड़ से लटक रहे शव पर पड़ी। शव काफी पुराना और क्षत-विक्षत अवस्था में था। महिलाओं ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान 52 वर्षीय रमेश सिंह मरावी पिता कर्मचंद मरावी, निवासी बंदर कोला के रूप में की। पुलिस ने सोमवार शाम मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, रमेश सिंह मरावी करीब 12 दिन पहले घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। काफी तलाश के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं मिलने पर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी।

## दुकान चलाने के एवज में मांगी रंगदारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाने में 30 वर्षीय राकेश कुवानी निवासी सिंधी केम्प ,पुलिस चौकी के पीछे हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि दुर्गा चौक बड़ी खेरमाई मंदिर के पास चाय की दुकान चलाता है। सुबह रोज की तरह अपनी चाय दुकान में था तभी शिवांश सोनकर दुर्गा चौक बड़ी खेरमाई मंदिर के पास हनुमानताल आकर उससे शराब पीने के लिये 500 मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो शिवांश गाली गलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर चाकू से हमलाकर चोट पहुॅंचा दी।

South Avenue Mall | moviemagic | ruby moviemagic

EXPERIENCE RUBY WHERE CINEMATIC LUXURY AWAITS

| | |
|---|---|
| DHAMAAL 4 (HIN/ENG) | 8:55 AM, 10:10 AM, 11:40 AM, 2:25 PM, 5:10 PM, 7:00 PM, 7:55 PM, 9:45 PM & 10:40 PM<br>RUBY 12:30 PM, 1:20 PM, 4:00 PM,<br>RUBY 6:40 PM & 9:30 PM |
| MOANA (ENG) | RUBY 3:10 PM |
| EVIL DEAD BURN (HIN/ENG) | HINDI - 9:00 AM & 11:10 AM<br>RUBY ENG - 5:15 PM & 7:20 PM |
| ALPHA (HIN) | 1:20 PM \| RUBY 9:20 PM |
| WELCOME TO THE JUNGLE (HIN) | 12:50 PM, 3:55 PM, 7:10 PM & 10:15 PM |
| MAIN VAAPAS AAUNGA (HIN) | 4:00 PM |

@moviemagic_jbp
MOVIE MAGIC now with 5 BIG SCREENS
Book tickets & F&B on Movie Magic App at ZERO PLATFORM FEE
Bulk Booking / Advertising 9425807507
Movie Magic, South Avenue Mall, Narmada Road 9425807508

खाकी में कलह

# महिला सब-इंस्पेक्टर से थाने के भीतर उलझा आरक्षक

## लार्डगंज थाने का मामला, अनुशासनहीनता की हदें की पार

**शहर के लार्डगंज थाने में उस समय हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई जब थाने में पदस्थ एक आरक्षक अपनी ही सीनियर महिला सब इंस्पेक्टर से किसी बात को लेकर उलझ पड़ा। इस दौरान महिला सब इंस्पेक्टर ने कई बार आरक्षक को अनुशासन में रहने और समझाने का प्रयास किया लेकिन उसने अपने ही सीनियर की एक न सुनी और देखते ही देखते विवाद बहुत अधिक बढ़ गया।**

जबलपुर (स्वतंत्र मत)




फोटो एआई

शोर सुनकर थाने में एक अन्य सब इंस्पेक्टर और स्टाफ मौके पर पहुंचा और विवाद कर रहे आरक्षक को समझाने का प्रयास किया लेकिन आरक्षक ने अनुशासन की धज्जियां उड़ाते हुए जमकर विवाद किया। बड़ी मुश्किल से जैसे-तैसे मामला शांत हो पाया। घटना की जानकारी थाना सहित पूरे पुलिस महकमे में आग की तरह फैल गई है। मामले को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी पुलिस महकमे में हो रही है।

### थाना प्रभारी की विशेष कृपा से हौसले बुलंद!

जानकारी के अनुसार, 11 जुलाई की रात लगभग 9 बजे लॉर्डगंज थाने में पदस्थ आरक्षक एपिंस छिरोलिया किसी बात को लेकर अपनी सीनियर महिला सब-इंस्पेक्टर से बहस करने लगा। जब महिला अधिकारी ने उसे शांत रहने और अनुशासन में रहने की हिदायत दी, तो आरक्षक आगबबूला हो गया और मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए विवाद करने लगा। शोर सुनकर थाने में मौजूद अन्य सब-इंस्पेक्टर और स्टाफ के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे। जब स्टाफ ने आरक्षक को समझाने का प्रयास किया, तो वह उल्टा उनसे भी उलझ गया। काफी मशक्कत के बाद जैसे-तैसे मामले को शांत कराया गया। थाने के ही कुछ पुलिसकर्मियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि आरक्षक एपिंस छिरोलिया पर लॉर्डगंज थाना प्रभारी की विशेष कृपा है। इसी शह के कारण उसका रवैया अक्सर खराब रहता है और वह थाने के अन्य स्टाफ समेत वहां आने वाले पीड़ितों से भी अभद्रता करने पर उतारू रहता है।

### सीसीटीवी में कैद हुई पूरी घटना

यह पूरा घटनाक्रम थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गया है। बताया जा रहा है कि आरक्षक के इसी अड़ियल रवैये के कारण पूर्व में भी आला अधिकारियों से उसकी शिकायतें हो चुकी हैं। हालांकि, इस ताजा मामले में अन्य स्टाफ के समझाने पर महिला सब-इंस्पेक्टर ने फिलहाल लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई है, जिससे मामला दब गया। लेकिन इस घटना की गूंज पूरे पुलिस महकमे में आग की तरह फैल गई है और इसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### इन्होंने कहा

मामला आपके द्वारा मेरे संज्ञान में लाया गया है। थाना प्रभारी से मामले की जानकारी ली जाएगी। शिकायत सही पाए जाने पर आरक्षक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

**रीतेश कुमार शिव, सीएसपी कोतवाली**

हितकारिणी महिला महाविद्यालय
सिटी कॉफी हाऊस,जोन्सगंज,जबलपुर - 482002 (म.प्र.)

(Nationally Accredited with "B" Grade by NAAC)
Phone : 0761-4129827, Mobile : 9407001011
E-mail:hmmv.principal@hitkarini.edu.in, Website: www.hitkarini.com

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय अधिनियम कोड 28 के अंतर्गत निम्नानुसार नियुक्ति हेतु आवेदन की शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों की सत्यापित छायाप्रति एवं दो फोटो सहित आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। आवेदन की अंतिम तिथि विज्ञापन प्रकाशित होने के 10 दिवस तक है।

| क्र. | रिक्त पद | पदों की संख्या | योग्यता / अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1. | सहायक प्राध्यापक -वाणिज्य विभाग | 03 | पी.जी., पी.एच.डी. |
| 2. | सहायक प्राध्यापक - राजनीति शास्त्र | 02 | पी.जी., पी.एच.डी. |
| 3. | सहायक प्राध्यापक - कम्प्यूटर | 03 | पी.जी., पी.एच.डी. |
| 4. | सहायक प्राध्यापक - रसायन शास्त्र | 02 | पी.जी., पी.एच.डी. |
| 5. | सहायक प्राध्यापक - वनस्पति शास्त्र | 02 | पी.जी., पी.एच.डी. |
| 6. | सहायक प्राध्यापक - गणित | 02 | पी.जी., पी.एच.डी. |
| 7. | सहायक प्राध्यापक - पत्रकारिता विभाग | 02 | पी.जी., पी.एच.डी. |
| 8. | सहायक प्राध्यापक - क्रीड़ा | 04 | पी.जी., पी.एच.डी. |
| 9. | करियर गाइडेंस एवं काउंसलिंग | 01 | पी.जी., पी.एच.डी. |

नोट -1. संबंधित पद हेतु 55 प्रतिशत अंकों के साथ पी.जी./पी.एच.डी. अनिवार्य।
2. उपरोक्त पद के लिए यूजीसी चयन के प्रभावशाली नियम लागू होंगे।
3. आरक्षण में यूजीसी एवं मध्य प्रदेश शासन नियमों का पालन आवश्यक होगा।
4.आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के कार्यालय में सीधे या ई-मेल पर अंतिम तिथि के पूर्व भेजे।

अध्यक्ष,शासी निकाय
हितकारिणी महिला महाविद्यालय
जबलपुर (म.प्र.)

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**